Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-239
रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00


# अमित शाह ने मुख्यमंत्री साय के साथ राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली/रायपुर
www.dailypioneer.com



## छत्तीसगढ़ कानूनों को जल्द लागू कर एक आदर्श राज्य बने

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री, केन्द्रीय गृह सचिव, मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़, महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ और निदेशक, एनसीआरबी सहित गृह मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के छत्तीसगढ़ में पूर्ण क्रियान्वयन के लिए टॉप प्रायरिटी एजेंडा बनाकर इस दिशा में काम करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों का लक्ष्य भारतीय न्यायिक प्रक्रिया को बेहतर बनाना है और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य को इसकी और ज़्यादा ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ तीन नए आपराधिक कानूनों के संपूर्ण क्रियान्वयन को एक चुनौती के रूप में लेकर इन्हे जल्द लागू कर एक आदर्श राज्य बने। अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार को 60 और 90 दिनों के भीतर आरोपपत्र दाखिल करने के लिए पुलिस उप अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में साक्ष्य की रिकॉर्डिंग से लेकर पूरे ट्रायल तक की प्रक्रिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संभव है जिससे मैनपावर की काफी बचत होगी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हर पुलिस थाने और डीएसपी स्तर के अधिकारियों को गंभीरअपराध के मामलों में एनएटीजीआरआईडी के उपयोग की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सप्ताह में एक बार, राज्य के गृह मंत्री हर 15 दिन और मुख्यमंत्री महीने में एक बार राज्य में नए आपराधिक कानूनों के अमल की प्रगति की समीक्षा करें।

## नए कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा छत्तीसगढ़ : विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आयोजित बैठक में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही नक्सलवाद के उन्मूलन, बस्तर के समग्र विकास और राज्य में सुरक्षा व न्याय तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री साय ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक व तकनीकी तैयारियाँ पूरी की जा चुकी हैं। राज्य में 27 प्रकार की एसओपी और दिशा-निर्देश तैयार कर लागू किए गए हैं। इसके साथ ही लगभग 37,385 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। न्यायालयों, पुलिस थानों और जेलों को ई-साक्ष्य और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम से लैस किया गया है। राज्य में अब तक 53,981 एफआईआर नए कानूनों के तहत दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से लगभग 50 मामलों में चालान प्रस्तुत हो चुके हैं। बैठक में नक्सल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विशेष रणनीति पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल के महीनों में राज्य में चलाए गए ऑपरेशनों में कई वांछित नक्सली मारे गए, गिरफ्तार हुए या आत्मसमर्पण कर चुके हैं। नियद नेलानार योजना, बस्तर ओलंपिक, महिला सुरक्षा केंद्र, और आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे व पर्यटन ढांचे का विकास जैसे प्रयासों से युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सार्थक प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए कटिबद्ध है और बस्तर को भारत के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री साय ने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करेगा और देशभर में कानूनी सुधार की इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत प्रतिशत लागू करने पर बल दिया।

## क्विक न्यूज़

### पोप के निधन पर पीएम मोदी ने शोक जताया

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईसाई समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरू पोप फ्रांसिस के निधन पर



गहरा दुख व्यक्त किया है और गरीबों एवं वंचितों की उनकी सेवा को अनुकरणीय बताते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की। मोदी ने एक्स पर अपने संदेश में कहा, परमपावन पोप फ्रांसिस के निधन से गहरा दुख हुआ। दुःख और स्मरण की इस घड़ी में, वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ। पोप फ्रांसिस को दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा हमेशा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा। छोटी उम्र से ही उन्होंने खुद को प्रभु ईसा मसीह के आदर्शों को साकार करने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने लगन से गरीबों और वंचितों की सेवा की।

### दिल्ली को मिलेगा भाजपा का महापौर, बनेगी ट्रिपल इंजन की सरकार : सचदेवा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी को जल्द ही



भाजपा का महापौर मिलेगा और ट्रिपल इंजन की सरकार मिलेगी तथा निगम की सेवाएं पुनः सुचारू रूप से प्रारम्भ होंगी। सचदेवा ने मीडियाकर्मियों से कहा कि दिल्ली नगर निगम चुनाव ना लड़ने की आप की घोषणा राजनीतिक त्याग नहीं, बल्कि निश्चित हार की स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि 'आप' नेताओं सौरभ भारद्वाज तथा पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की ओर से संवाददाता सम्मेलन का आयोजन करके भाजपा पर पार्षदों की खरीद-फरोख्त करके सत्ता पाने का आरोप लगाना ना सिर्फ हास्यास्पद है।

### खादी एवं ग्रामोद्योग का कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के खादी और ग्रामोद्योग आयोग का कारोबार स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये के पार हो गया है। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने वित्त वर्ष 2024-25 के अनंतिम आंकड़े जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने नया कीर्तिमान रचा है।

# बीजापुर में आईईडी विस्फोट, सीएएफ जवान की मौत

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर जिले में सोमवार को नक्सलियों के लगाए गए शक्ति शाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) का एक जवान शहीद हो गया। पुलिस के अनुसार, ये धमाका तोयनार और फरसेगढ़ गांवों के बीच हुआ जहां सीएएफकी टीम सड़क निर्माण के काम में सुरक्षा ड्यूटी में तैनात थी। सड़क निर्माण का काम तोयनार से फरसेगढ़ के बीच किया जा रहा है। ड्यूटी के दौरान, सीएएफ की 19 वीं बटालियन के कांस्टेबल मनोज पुजारी (26) का पैर अनजाने में आईईडी पर आ गया जिससे विस्फोट हुआ और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। नक्सली अक्सर बीजापुर सहित सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र के अंदरूनी इलाकों में गश्त के दौरान सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए सड़कों और जंगलों में कच्ची पटरियों के किनारे आईईडी लगाते हैं। पहले भी आम लोग उग्रवादियों द्वारा बिछाए गए ऐसे जाल का शिकार हो चुके हैं। इससे पहले नौ अप्रैल को बीजापुर में इसी तरह के विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक जवान घायल हो गया था जबकि चार अप्रैल को नारायणपुर जिले में 25 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और एक अन्य घायल हो गया था। गत 30 मार्च को बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में 40 वर्षीय एक आदिवासी महिला की मौत हो गई थी।

# मिजोरम के लेंगपुई हवाई अड्डे की सुरक्षा जिम्मेदारी संभालेगी सीआईएसएफ

**नयी दिल्ली।** भारतीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) गुरुवार से मिजोरम के लेंगपुई हवाई अड्डे की सुरक्षा की जिम्मेदारी



संभालेगी। सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि मिजोरम में तैनात की जाने वाली यह सीआईएसएफकी पहली इकाई है। हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था के निर्बाध बदलाव के लिए आज से मिजोरम पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ सीआईएसएफ के जवानों की संयुक्त तैनाती शुरू हो गई। वर्ष 2000 में जयपुर हवाई अड्डे पर पहली तैनाती के बाद से लेंगपुई हवाई अड्डा सीआईएसएफ द्वारा सुरक्षित 69वां नागरिक हवाई अड्डा बन गया है।

# आप नहीं लड़ेगी दिल्ली के महापौर का चुनावः सौरभ भारद्वाज

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी ने आगामी 25 अप्रैल को होने वाले दिल्ली नगर निगम के महापौर का चुनाव नहीं लड़ने का बड़ा एलान किया है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि आम आदमी पार्टी ने एक महत्वपूर्ण फैसला किया है कि इस बार दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं उतारेगी। भाजपा अपना मेयर बना ले। इसके बाद भाजपा अपनी स्टैंडिंग कमेटी बनाए और बिना किसी बहाने बनाए दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार चलाए और दिल्लीवालों को काम करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र, राज्य और निगम के अलावा एक इंजन उपराज्यपाल का भी है, जो कभी रूक जाता है तो कभी चलता है। ऐसे में दिल्ली में भाजपा के पास चार इंजन हो जायेगा।

# प्रशासनिक सेवाओं में सुधार जरूरी, अधिकारियों के काम पर है, सबकी निगाह : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रशासनिक सेवाओं में सुधार की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि देश की बढ़ती आकांक्षाओं और ऊंचे लक्ष्यों को पूरा करने में प्रशासनिक अधिकारियों की बड़ी भूमिका और बहुत बड़ा दायित्व है तथा हर किसी की निगाह अधिकारियों पर है। मोदी सत्रहवें लोक सेवा दिवस पर देश भर से एकत्रित प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, ऊर्जा की सुनिश्चित से जुड़े लक्ष्य, स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े लक्ष्य, खेल-कूद के मैदान से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र हर सेक्टर में देश का परचम और नई ऊंचाइयों पर लहराना है। जब मैं बात करता हूं तब और देश जब सोचता है तब, हर किसी की नजर आप पर है, भरोसा आप सभी पर है, बहुत बड़ा दायित्व आप सब मेरे साथियों पर है। मोदी ने कहा, आपको जल्द से जल्द भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी भी बनाना है। इस काम में विलंब न हो, ये आप सभी को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, यह वक्त, लोक सेवकों के सुधार को नए तरीके से अभिकल्पित करने करने का है। हमें सुधारों की गति और पैमाना दोनों बढ़ाना है। केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सहयोगी डॉ जितेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधान सचिव शक्तिकांत दास, कैबिनेट सचिव डॉ टीवी स्वामिनाथन और केंद्र सरकार के कुछ अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री ने कहा, इंफ्रास्ट्रक्चर हो, रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य हों, इंटरनल सेक्योरिटी हो, करप्शन ख़त्म करने का हमारा लक्ष्य हो। सामाजिक कल्याण की योजनाएं हों, ओलंपिक से जुड़े, खेल-कूद से जुड़े लक्ष्य हों, हर सेक्टर में हमें नए सुधार करने हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अपने काम करते हुए हमें सदैव यह याद रखना चाहिए, कि दुनिया में तकनीक का बोलबाला कितना भी हो जाए, मानवीय निर्णयों का महत्व कम नहीं होगा। उन्होंने कहा, संवेदनशील रहिए, गरीब की आवाज सुनिए, गरीब की तकलीफ समझिए, उनका समाधान करना अपनी प्राथमिकता बनाइए, जैसे अतिथि देवो भवः होता है, वैसे ही नागरिक देवो भवः इस मंत्र को लेकर के हमें चलना है। उन्होंने कहा, आपको सिर्फ भारत के प्रशासनिक अधिकारी के रूप में ही नहीं, विकसित भारत के शिल्पकार के रूप में अपने आपको दायित्व के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा, अब वक्त बदल चुका है, साथियों, मैं जिस रूप में आने वाले भारत को देख रहा हूं, जिन सपनों को मैं हिन्दुस्तान के 140 करोड़ देशवासियों की आंखों में देख रहा हूं।

# अमेरिका के साथ शरद ऋतु तक व्यापार समझौते का एक भाग संपन्न होने की उम्मीद : सीतारमण

एजेंसी < सैन फ्रांसिस्को
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत को उम्मीद है कि इस शरद ऋतु तक अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का पहला भाग 'सकारात्मक रूप से संपन्न' हो जाएगा। अमेरिका की पांच दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंची सीतारमण ने भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान कहा, अमेरिका के साथ बातचीत का उद्देश्य केवल इस पारस्परिक टैरिफ संबंधी मामले तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के हित में है, जिसके साथ हमें समझौता करने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का 'दूरदर्शी नेतृत्व' और मौजूदा सरकार द्वारा प्रदान की गई स्थिरता भारत के लिए एक अंतर पैदा कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री सुशासन, तकनीकी उन्नति, उद्यमिता और नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो समय सीमा के भीतर परिणाम दे रहे हैं। प्रधानमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व और मौजूदा सरकार, जो समर्थन और स्थिरता की भावना देती है, भारत के लिए एक अंतर पैदा कर रही है। प्रधानमंत्री भारत के लिए हर अवसर खोलने के लिए, चाहे वह नई तकनीक हो, कौशल, उद्यमिता, नवीकरणीय ऊर्जा के लिए प्रतिबद्धता हो और उन्हें समय के भीतर पूरा करने के लिए सुशासन का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उनका अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और महावाणिज्यदूत श्रीकर रेड्डी कोप्पुला ने स्वागत किया।

# राहुल गांधी ने लोकतंत्र का अपमान, देशद्रोह किया : भाजपा

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भाजपा ने अमेरिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारतीय चुनाव आयोग को 'कॉम्प्रोमाइज्ड' बताये जाने को भारत के लोकतंत्र का अपमान और देशद्रोह करार दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ संबित पात्रा ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने अमेरिका में भारतीय चुनाव आयोग को 'कॉम्प्रोमाइज्ड' बताने के लिए राहुल गांधी की जमकर आलोचना की। डॉ. पात्रा ने कहा कि अमेरिका में राहुल गांधी ने देश के चुनाव आयोग को 'कॉम्प्रोमाइज्ड' बता कर भारत के महान लोकतंत्र का अपमान किया हैं। राहुल गांधी देशद्रोही हैं, केवल इसलिए नहीं कि वह विदेशों में जाकर देश की संवैधानिक संस्थानों का अपमान करते हैं, बल्कि नेशनल हेराल्ड के माध्यम से उन्होंने देश की करोड़ों रुपए की संपत्ति का गबन किया है। गांधी बताएं कि क्या झारखंड विधानसभा चुनाव, प्रियंका गांधी के उपचुनाव और अयोध्या की सीट पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग को 'कॉम्प्रोमाइज' किया था? डॉ. पात्रा ने कहा कि सुबह से मुख्य रूप से दो खबरें सुर्खियों में हैं। पहली खबर यह है कि गांधी एक बार फिर विदेशी धरती पर वही कर रहे हैं जो वह वर्षों से करते आ रहे हैं, भारत की छवि को नुकसान पहुँचाना और देश का अपमान करना। इस बार उन्होंने अमेरिका में भारत को बदनाम किया है। यह कोई नई बात नहीं है, न ही पहली बार है। दूसरी बड़ी खबर यह है कि कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेता से देशभर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य केवल सोनिया-राहुल को बचाना है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों को अपनी चार्जशीट में नामित किया है। कोर्ट में अगली सुनवाई 25 तारीख को है, दोनों के जेल जाने की संभावनाएं भी हैं और जाना भी चाहिए। जब देश को लूटा गया है, तो कानून के अनुसार जेल की सजा भी भुगतनी चाहिए। ऐसे में कांग्रेस पार्टी पूरे देश में एक प्रकार का अशांत वातावरण बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि गांधी ने एक बार फिर अमेरिका जाकर भारत के निर्वाचन आयोग को बदनाम करने की कोशिश की है। उन्हें गलत फहमी है कि लोग उनकी बातों का विश्वास करेंगे।

## दीपक बैज ने कहा कि यह लड़ाई छत्तीसगढ़ के हित के लिये है

# बिगड़ती कानून व्यवस्था महिलाओ के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस ने किया मुख्यमंत्री निवास का घेराव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने राज्य में बिगड़ती कानून एवं व्यवस्था और महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध के विरोध में सोमवार को यहां मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण, नेतागण, नगर निगम के पास एकत्रित होकर साय सरकार की नाकामियो को उजागर किया। उसके बाद कांग्रेसजन मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच किये। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह लड़ाई छत्तीसगढ़ के हित के लिये है। यह लड़ाई सरकार के खिलाफ, भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ व छत्तीसगढ़ की जनता की हक की लड़ाई है। छत्तीसगढ़ में माता, बहनों पर अत्याचार हो रहा है। सरकार जागने को तैयार नहीं और वह सत्ता के नशे में मस्त है। छत्तीसगढ़ 'अपराधगढ़' बन गया है। दुर्ग में छह साल की बच्ची के साथ बलात्कार कर हत्या कर दी जाती है। वही लोरमी में सात साल की बच्ची गायब है। हमने 10 किमी की पदयात्रा निकालकर ज्ञापन सौंपा। मरवाही में नौवीं की छात्रा से बलात्कार हो गया है। बेमेतरा में 12 साल की बच्ची के साथ बलात्कार हो जाता है और हत्या कर दी जाती है। बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बलात्कार, लूट, डकैती, अपरहरण के आंकडे चौकाने वाले है। यूपी (उत्तर प्रदेश), बिहार जैसे हालात बन गये है। जहां जुल्म होगा, अन्याय होगा वहां कांग्रेस पार्टी हक दिलाने के लिये 24 घंटे तैयार है। विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ़ में भक्षक बन गयी है। अहमदाबाद में पार्टी ने तय किया था कि कांग्रेस पार्टी न्याय की लड़ाई लड़ेगी। इस अन्याय सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी लड़ाई लड़ते रहेगी। आने वाले तीन साल हमें चुप नही बैठना है। सरकार के अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना होगा। हम विधानसभा, लोकसभा, निगम चुनाव हार गये पर हम रूकने वाले नही हम मजबूती के साथ आगे बढ़ेंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं व बच्चियों के साथ अत्याचार हो रहा है। विधानसभा में जो आंकड़े आये है बलात्कार की घटनाये तेजी से बढ़ रहा है। मरवाही में आत्मानंद की छात्रा के साथ बलात्कार हो जाता है। रायपुर, दुर्ग, मुंगेली में बलात्कार की घटना हुयी है। प्रतिदिन नौ बलात्कार की घटना हो रही है। छत्तीसगढ़ में लूट, डकैती, बलात्कार, चोरी की घटना में बहुत बढ़ोतरी हुयी है और उस पर नशा भी हावी हो रहा है। आने वाले समय में पूरे मंत्रिमंडल का घेराव किया जायेगा। आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जायेगा। कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी जरिता लैतफलांग ने कहा कि इस सरकार ने छत्तीसगढ़ महतारी के सीने में छुरी से वार किया है। छत्तीसगढ़ में हर तीन घंटे में बलात्कार हो रहे हैं। राजधानी अपराधगढ़ बन गया है। हर क्षेत्र में महिलाओं के ऊपर अत्याचार हो रहे है। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में लड़कियों की तस्करी हो रही है। उपमुख्यमंत्री के क्षेत्र में बच्ची गायब है।

# सुप्रीम कोर्ट ने येदियुरप्पा के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी की प्रयोज्यता से संबंधित मामले को बड़ी पीठ को भेजा

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने भूमि अधिसूचना रद्द करने के मामलों में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा के खिलाफ मुकदमा चलाने से संबंधित मामले को बड़ी पीठ के समक्ष भेजने का निर्णय लिया। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित मुद्दा के एक बड़ी पीठ के समक्ष विचाराधीन होने का हवाला देते हुए अपना आदेश सुनाने से परहेज किया। पीठ ने कहा कि न्यायिक अनुशासन और औचित्य बनाए रखने के लिए मामले को उचित आदेश के वास्ते मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने का आदेश दिया गया है। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, जब हम इस फैसले पर काम करना शुरू करने वाले थे, तो हमें पता चला कि 16 अप्रैल, 2024 को 'शेमिन खान बनाम देबाशीष चक्रवर्ती और अन्य' में एक समन्वय पीठ द्वारा पारित एक और आदेश है, जिसमें इसी मुद्दे को एक बड़ी पीठ को भेजा गया है। उन्होंने पीठ की ओर से कहा, इस हालत में, जब दो अदालतों ने मामले को बड़ी पीठ को भेजा है, तो हमें लगा कि यह जरूरी है। इसलिए हमने इसे भी बड़ी पीठ के समक्ष भेजा है। पीठ ने कहा कि यहां संदर्भ केवल औचित्य के आधार पर दिया गया है।

# उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने उच्च न्यायालयों के सात न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के सात न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की बेवसाइट पर जारी एक बयान में ये जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति हेमन्त चंदनगौदर को मद्रास उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार न्यायमूर्ति कृष्णन नटराजन को कर्नाटक से केरल, न्यायमूर्ति नेरानाहल्ली श्रीनिवासन संजय गौड़ा को कर्नाटक से गुजरात, न्यायमूर्ति पेरुगु सुधा को तेलंगाना से कर्नाटक, न्यायमूर्ति कासोजू सुरेंधर उर्फ के. सुरेंद्र को तेलंगाना से मद्रास, न्यायमूर्ति डॉ. कुंभजादला मनमाधा राव को आंध्र प्रदेश से कर्नाटक और न्यायमूर्ति दीक्षित कृष्ण श्रीपाद को कर्नाटक से उड़ीसा उच्च न्यायालय तबादला करने की सिफारिश की गई है। बयान में कहा गया है कि उच्च न्यायालयों के स्तर पर समावेशिता और विविधता लाने तथा न्याय प्रशासन की गुणवत्ता को मजबूत करने के उद्देश्य से तबादले की ये सिफारिश की गई है।

# ममता ने सालबोनी में 1600 मेगावाट बिजली संयंत्र की रखी आधारशिला

एजेंसी ◄ कोलकाता
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता से लगभग 154 किलोमीटर दूर पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबोनी में 1,600 मेगावाट के अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत संयंत्र की आधारशिला रखी। यह परियोजना पूर्वी भारत में ऊर्जा क्षेत्र में जेएसडब्ल्यू एनर्जी का पहला ग्रीनफ़ील्ड प्रयास है, जिसमें 16,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा और इसमें 800 मेगावाट की दो इकाइयां शामिल होंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, यह बंगाल के लिए एक ऐतिहासिक परियोजना है। सालबोनी में ताप विद्युत संयंत्र से राज्य के 23 जिलों को लाभ होगा। इससे 15,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। इस पर 1,600 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पहले लोग इसे लोड-शेडिंग वाली सरकार कहते थे लेकिन अब इसकी कोई ज़रूरत नहीं है। अब चौबीसों घंटे बिजली मिलती है। जिंदल दो और ताप विद्युत संयंत्र लगाएंगे। राज्य में आने वाली परियोजनाओं का ब्यौरा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, बंगाल में छह आर्थिक गलियारे विकसित किए गए हैं। अकेले पश्चिम मेदिनीपुर में 3,700 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। देवचा-पचमी में एक विशाल कोयला ब्लॉक विकसित किया जा रहा है। इससे एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। 30 तारीख को दीघा में जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। पुरुलिया के रघुनाथपुर में पांच बड़ी कंपनियां निवेश करने जा रही हैं। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, आप मेरी आलोचना कर सकते हैं, लेकिन आप मुझे अनदेखा नहीं कर सकते। कई लोग कई बातें कहते हैं। हम सिर्फ बातें नहीं करते, हम नतीजे दिखाते हैं हमें इस साल बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) से 4.4 लाख करोड़ के प्रस्ताव मिले। हमारी तालमेल समिति ने केवल 15 दिनों में एक हजार करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी है। पहली 800 मेगावाट इकाई 42 महीनों के भीतर चालू हो जाएगी, तथा दूसरी इकाई 48 महीनों में चालू हो जाएगी। जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सज्जन जिंदल ने कहा कि बिजली आज की जरूरत है और हम इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। हम यह आश्वासन देना चाहते हैं कि यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देगी और मैं दीदी का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे राज्य के लोगों की सेवा करने का मौका दिया है। इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और अभिनेता एवं तृणमूल कांग्रेस सांसद देव (दीपक अधिकारी) भी उपस्थित थे।

# एआई के दौर में भी मानवता को बनाए रखना जरूरी: तिवारी

एजेंसी ◄ देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि एआई के दौर में भी मानवता को बनाए रखना जरूरी है। आज के तकनीकी दौर में हम सभी अपनी जिम्मेदारी समझें। तिवारी राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर, देहरादून में पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफइंडिया के देहरादून चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ए.आई. तकनीक का वर्तमान समय में जिस प्रकार से तेजी से विकास हो रहा है, उसमें हम सभी की जिम्मेदारी बन जाती है कि हम मनुष्यता की भावना को सर्वोपरि रखे। ए.आई. तकनीक के उपयोग से समय की बचत होती है, उस समय का उपयोग हम किस प्रकार से करते है, यह भी हम सभी को समझना होगा। इससे पूर्व, 'रिसपॉन्सिबल यूज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसः रोल ऑफ पब्लिक रिलेशन' विषयक कार्यशाला का शुभारंभ तिवारी, संयुक्त निदेशक, सूचना, डॉ. नितिन उपाध्याय, बदरी केदार मंदिर समिति के सी.ई.ओ. विजय थपलियाल, अध्यक्ष, पीआरएसआई देहरादून चैप्टर रवि बिजारनिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तिवारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना को आगे बढ़ाने या भेजने से पहले एक बार विचार अवश्य करना होगा कि सूचना सही है या गलत। कोई भी गलत सूचना एक बार प्रसारित हो जाती है, तो उसका प्रभाव व्यक्ति एवं समाज दोनों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि ए.आई. से कंटेंट बनाया जा सकता है, लेकिन उसमें स्वयं के विचारों और अनुभवों का समावेश भी जरूरी है।

# पंजाब पहला नशा मुक्त राज्य बनने की ओर अग्रसर: चीमा

एजेंसी ◄ होशियारपुर
www.dailypioneer.com



पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि राज्य भारत का पहला नशा मुक्त राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। होशियारपुर में सिविल और पुलिस अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए चीमा, जो 'युद्ध नशे के विरुद्ध' (ड्रग्स के खिलाफ युद्ध) पर कैबिनेट उप-समिति के प्रमुख भी हैं, ने नशे की समस्या को खत्म करने के लिए राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए चीमा ने कहा कि होशियारपुर जिला इस अभियान में सबसे आगे रहा है, जहां 179 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं और नशे से जुड़े मामलों में 271 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, जिले में 91 प्रतिशत दोषसिद्धि दर है, जो प्रशासन द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई का प्रमाण है। उन्होंने नशे के खिलाफ लड़ाई में जनता की सक्रिय भागीदारी पर भी प्रकाश डाला और बताया कि मुख्यमंत्री के 'सुरक्षित पंजाब अभियान' के तहत नागरिकों की राय के आधार पर 17 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा, जनता से मिली हर कार्रवाई योग्य सूचना पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। चीमा ने कहा कि नशा विरोधी अभियान जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ बना चुका है, अकेले होशियारपुर जिले में 527 संपर्क बैठकें आयोजित की गई हैं और 970 बचाव समितियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा, 'युद्ध नशे के विरुद्ध' पहल के समर्थन में 442 ग्राम पंचायतों ने अभूतपूर्व प्रस्ताव पारित किए हैं। अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी से निपटने के लिए चीमा ने कहा कि जिले में 18 हॉटस्पॉट की पहचान की गई है और निगरानी बढ़ा दी गई है, खासकर हिमाचल प्रदेश की सीमा पर। सीमा पार तस्करी के नेटवर्क को खत्म करने के लिए हिमाचल पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान भी शुरू किया गया है।

# फसलों को कीट-व्याधि से बचाने के लिये किसानों को किया जा रहा जागरूक: विजय

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार पौधा संरक्षण योजनाओं के अंतर्गत कीट-व्याधियों से फसल को बचाने के लिये कारगर कदम उठा रही है। सिन्हा ने बताया कि कीट-व्याधि, खरपतवार और अन्य जैविक कारकों के कारण किसानों की फसलों को सालाना 30-35 प्रतिशत तक की क्षति होती है, जिसे कम करने के लिए प्रभावी कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय द्वारा समय-समय पर कीटनाशकों की सूची जारी की जाती है, जिसमें उपयोग के योग्य और प्रतिबंधित कीटनाशकों की जानकारी होती है। कृषि मंत्री ने बताया कि निदेशालय द्वारा अब तक 49 कीटनाशकों के निर्माण, आयात एवं उपयोग को पूरे तरह प्रतिबंधित किया गया है, जिनमें प्रमुख रूप से कार्बारिल, डाईक्लोरोवॉस, फेनथियॉन, फॉसफॉमिडॉन और फोरेट शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, 16 कीटनाशकों के कृषि उपयोग पर आंशिक प्रतिबंध लगाया गया है। जैसे:- एल्युमिनियम फॉसफाईड, कार्बोफ्यूरॉन, क्लोरपाईरीफॉस, डाईमेथोएट, मालाथियान, मोनोक्रोटोफॉस आदि। इनमें से कुछ रसायनों के उपयोग को विशेष फसलों पर प्रतिबंधित किया गया है, जैसे कि क्लोरपाईरीफॉस का बेर, निंबू और तम्बाकू फसलों पर, और डाईमेथोएट का कच्चे सेवन योग्य फलों-सब्जियों पर उपयोग वर्जित है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देते हुए ड्रोन तकनीक से कीटनाशकों के छिड़काव को प्रोत्साहित कर रही है। इस आधुनिक पद्धति से खेतों में संतुलित, सुरक्षित और प्रभावी छिड़काव संभव हो पा रहा है। ड्रोन का उपयोग न केवल पानी, समय और श्रम की बचत करता है, बल्कि फसलों को कीट-व्याधियों से बचाने में भी अधिक दक्ष सिद्ध हो रहा है, जिससे किसानों की उपज और आय में वृद्धि हो रही है। सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कीटनाशी प्रतिष्ठानों और किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे कीटनाशकों का सुरक्षित, विवेकपूर्ण और वैज्ञानिक उपयोग कर सकें।

# एनडीएमए टीम ने किया माणा हिमस्खलन क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण

**चमोली।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के चार सदस्यीय दल ने उत्तराखंड में अंतर्राष्ट्रीय सीमांत माणा गांव के समीप बीते 28 फरवरी को हुए हिमस्खलन ग्रस्त क्षेत्र स्थलीय निरीक्षण किया। यह दल रिपोर्ट तैयार कर, आपदा की रोकथाम और आपदा राहत कार्यों को बेहतर किए जाने के सुझाव देगा। एनडीएमए दल टीम हेलीकॉप्टर से सुबह नौ बजे बद्रीनाथ धाम पहुंची। जिसके बाद टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आईटीबीपी और बीआरओ के अधिकारियों से घटना और राहत बचाव कार्य की विस्तृत जानकारी ली। टीम ने उनसे आपदा राहत कार्यों के लिए किए जाने वाले कार्यों में आने वाली परेशानियों की जानकारी भी ली। इस दौरान ब्रिगेडियर (से0 नि0) रविन्द्र गुरुंग ने माणा आपदा के दौरान राहत और बचाव अभियान का हिस्सा रहे आईटीबीपी के जवानों से संवाद भी किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य घटना का अध्ययन कर हिमस्खलन की घटनाओं के प्रभाव को कम करने और आपदा राहत कार्यों को लेकर किए जाने वाले सुधारों को लेकर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिससे भविष्य में ऐसी आपदाओं से निपटने में आसानी हो क्योंकि 28 फरवरी में आए हिमस्खलन में कुल 54 मजदूर फंस गए थे जिनमें से 46 को बचा लिया गया था किंतु आठ लोग काल के गाल में समा गए थे।

# नेशनल हेराल्ड के मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बदनाम किया जा रहा है: जिग्नेश मेवानी

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com

गुजरात प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह विधायक जिग्नेश मेवानी ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में आर एस एस के लोगों ने अंग्रेजों की चापलूसी का काम किया, स्वतंत्रता आंदोलन में भाग नहीं लिया, किसी भी स्वतंत्रता सेनानी के साथ खड़े नहीं रहे, 52 वर्षों तक तिरंगा नहीं फहराया इस तिरंगे को मनहूस माना, राष्ट्रीय गान नहीं गाया, स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने और राष्ट्र निर्माण में लगने की जगह भारत की प्रतिष्ठा को तार-तार करने के लिए अपनी पत्रिका ऑर्गेनाइजर में अनाप-शनाप लेख प्रकाशित किया। मेवानी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दूसरी तरफ नेशनल हेराल्ड ने प्रत्येक भारतवासी को स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के लिए उन्हें प्रेरित करने का हर प्रयास किया संवैधानिक मूल्यों का जिम्मा उठाया। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड के मामले में सोची समझी साजिश के तहत सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बदनाम किया जा रहा है। मेवानी ने कहा कि मामला पूरी तरह साफ है कि जिस एजेएल कंपनी के तहत नेशनल हेराल्ड चलता था उसका मकसद मुनाफा कमाना नहीं बल्कि क्रांति और विद्रोह के लिए जनमानस तैयार करना था। क्योंकि मुनाफा कमाना एजेएल नेशनल हेराल्ड का लक्ष्य नहीं था।

# 10 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सीमा चौकी शैलेशपुर ने 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। एसएसबी 45वीं बटालियन के समादेष्टा गौरव सिंह ने सोमवार को बताया कि नशीली पदार्थ कि तस्करी के सन्दर्भ में प्राप्त सूचना के आधार पर रविवार की रात गठित नाका दल ने कटैया पॉवर हाउस के समीप घेराबंद की। कुछ समय के बाद देखा गया कि एक व्यक्ति अचानक नाका दल को देखकर भागने लगा। नाका दल ने उसे पकड़कर अपने हिरासत में लिया उसकी तलाशी ली। सिंह ने बताया कि तलाशी के दौरान उक्त व्यक्ति के पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान जिले के भीमनगर थाना क्षेत्र निवासी परिणय कुमार के रूप में की गयी है। जब्त किए गये ब्राउन शुगर तथा हिरासत में लिए गये तस्कर को भीमनगर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।



# कपूरथला जिले में गेहूं की खरीद एक लाख टन के करीब पहुंची

**फगवाड़ा।** पंजाब के कपूरथला जिले में गेहूं की खरीद एक लाख टन के करीब पहुंच गई है। कपूरथला के जिला उपायुक्त अमित कुमार पंचाल ने बताया कि स्थानीय मंडियों में गेहूं की आवक में भारी उछाल आया है। उन्होंने बताया कि जिले भर की मंडियों में 91,727 टन गेहूं आ चुका था, जिसमें से 88,533 टन की खरीद पहले ही हो चुकी है, जो कुल आवक का 97 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि आवक की गति भी काफी तेज हो गयी है। उन्होंने बताया कि 32,458 टन गेहूं मंडियों में पहुंचा, जिसमें से 31,521 टन की खरीद हुई। पंचाल ने आश्वासन दिया कि खरीद के साथ-साथ किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। निर्धारित 72 घंटे की भुगतान अवधि के भीतर, खरीदे गए गेहूं के 22,142 टन का भुगतान किया गया है - जो निर्धारित लक्ष्य का 153 प्रतिशत है।

# भावनगर से हैदराबाद के लिए समर स्पेशल ट्रेन

एजेंसी ◄ भावनगर
www.dailypioneer.com



भावनगर से हैदराबाद के लिए प्रत्येक रविवार को 'समर स्पेशल ट्रेन' चल रही है। इस ट्रेन के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू हो चुकी है। मंडल वाणिज्य प्रबंधक अतुल कुमार त्रिपाठी के बताए अनुसार यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा पश्चिम रेलवे में गुजरात के भावनगर मंडल के भावनगर टर्मिनस से हैदराबाद के लिए साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस विशेष ट्रेन का विस्तृत विवरण इस प्रकार है। ट्रेन नंबर 07062 भावनगर-हैदराबाद साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन भावनगर टर्मिनस स्टेशन से प्रत्येक रविवार को सुबह 1015 बजे चलती है और अगले दिन सोमवार को 1645 बजे हैदराबाद स्टेशन पहुंचती है। यह ट्रेन भावनगर टर्मिनस स्टेशन से एक जून तक चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 07061 हैदराबाद-भावनगर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन हैदराबाद स्टेशन से प्रत्येक शुक्रवार को 1900 बजे चलती है और रविवार को प्रातः 0555 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचती है। यह ट्रेन हैदराबाद स्टेशन से 30 मई तक चलेगी। इस ट्रेन में सेकंड एसी, स्लीपर तथा जनरल कोच शामिल हैं। यह ट्रेन मार्ग में सिहोर, सोनगढ़, धोला, बोटाद, सुरेन्द्रनगर गेट, विरमगाम, साबरमती, वडोदरा, सूरत, नंदुरबार, भुसावल, अकोला, वाशिम, हिंगोली, बसमत, पूर्णा जंक्शन, नांदेड, मुदखेड जंक्शन, बासर, निजामाबाद, कामारेड्डी, मेडचल एवं सिकंदराबाद स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रूकती है। उपरोक्त दोनों ट्रेनों के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू हो चुकी है।

# चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे जेडी वेंस, पत्नी-बच्चों संग अक्षरधाम मंदिर पहुंचे

**नई दिल्ली।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ चार दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वेंस और उनके परिवार के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। इससे पहले वेंस अपने परिवार के साथ अक्षरधाम मंदिर जाएंगे। इसके अलावा वह आगरा और जयपुर की यात्रा भी करेंगे। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, द्वितीय महिला उषा वेंस अपने बच्चों के साथ अक्षरधाम मंदिर पहुंचे। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर हैं और प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत पहुंच गए हैं। संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के उपराष्ट्रपति के साथ द्वितीय महिला उषा वेंस के साथ पालम हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनका स्वागत किया।

# पत्नी ने पूर्व डीजीपी पर फेंका मिर्च पाउडर, फिर चाकू मारकर ले ली जान

एजेंसी ◄ बंगलूरू
www.dailypioneer.com

कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या के मामले की जांच कर रही पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस का मानना है कि पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की पत्नी पल्लवी ने चाकू मारने से पहले उनके चेहरे पर मिर्च पाउडर फेंका था। हालांकि, इसकी पुष्टि के लिए सबूत जुटाए जा रहे हैं।

पुलिस ने पल्लवी को हिरासत में लिया है, क्योंकि वह हत्या के मामले में मुख्य संदिग्ध है। उनकी बेटी कृति को भी हिरासत में लिया गया है। बिहार के रहने वाले 1981 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रकाश शहर के पॉश एचएसआर लेआउट में अपने तीन मंजिला घर के ग्राउंड फ्लोर पर खून से लथपथ पाए गए थे। सूत्रों के मुताबिक, तीखी बहस के बाद पल्लवी ने प्रकाश के चेहरे पर मिर्च पाउडर फेंक दिया। कर्नाटक के पूर्व पुलिस प्रमुख जब जलन से राहत पाने के लिए छटपटा रहे थे तो पल्लवी ने उन पर चाकू से कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उन्होंने अपने दोस्त को वीडियो कॉल किया और कथित तौर पर कहा कि मैंने राक्षस को मार दिया है। सूत्रों के मुताबिक, हत्या दंपति के बीच अक्सर होने वाले झगड़ों का नतीजा थी। पता चला है कि कर्नाटक के डांडेली में एक जमीन से संबंधित संपत्ति विवाद भी वारदात की वजहों में से एक है। कुछ महीने पहले पल्लवी ने शिकायत दर्ज कराने के लिए एचएसआर लेआउट पुलिस स्टेशन का रुख किया था। जब वहां के कर्मचारियों ने उनकी बात नहीं मानी, तो उन्होंने पुलिस स्टेशन के सामने धरना दिया। यह भी पता चला है कि पल्लवी को सिजोफ्रेनिया था और वह दवा भी ले रही थी। 68 वर्षीय सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी चंपारण, बिहार के मूल निवासी थे। उन्होंने भूविज्ञान में मास्टर डिग्री प्राप्त की थी। ओम प्रकाश को 1 मार्च, 2015 को पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया था।

# इसरो के स्पैडेक्स उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग भी सफल, केंद्रीय मंत्री बोले- आगे और परीक्षण होंगे

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



इसरो के स्पैडेक्स उपग्रहों ने सफलतापूर्वक दूसरी डॉकिंग पूरी कर ली है। दरअसल, अंतरिक्ष को उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को डॉकिंग और अलग करने की प्रक्रिया को अनडॉकिंग कहते हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। जैसा कि पहले बताया गया था कि पीएसएलवी-सी60 स्पैडेक्स मिशन 30 दिसंबर 2024 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। इसके बाद उपग्रहों को पहली बार 16 जनवरी 2025 को सुबह 06:20 बजे सफलतापूर्वक डॉक किया गया। इसे 13 मार्च 2025 को सुबह 09.20 बजे सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया। अगले दो हफ्तों में आगे के प्रयोगों की योजना बनाई गई है।

## विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल भारत

इससे पहले 16 जनवरी को भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की थी। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था, भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने 'डॉकिंग' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है। इसके साथ ही अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया था।

यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे चंद्रमा पर भारतीय मिशन, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन आदि के लिए जरूरी है। भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा।


# स्टालिन ने पोप फ्रांसिस के निधन पर किया शोक व्यक्त



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया। स्टालिन ने अपने शोक संदेश में कहा कि वह एक परिवर्तनकारी व्यक्ति थे जिन्होंने सहानुभूति और प्रगतिशील मूल्यों के साथ कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया। उन्होंने जो विरासत छोड़ी वह करुणा और मानवता पर आधारित विश्वास है। स्टालिन ने अपने संदेश में कहा कि पोप फ्रांसिस एक दयालु और प्रगतिशील आवाज़ थे, जो पोपसी में विनम्रता, नैतिक साहस और सहानुभूति की गहरी भावना लाए। उन्होंने कहा कि गरीबों के प्रति उनका समर्पण, हाशिए पर पड़े लोगों को गले लगाना, और न्याय, शांति और अंतरधार्मिक संवाद के लिए उनकी वकालत ने उन्हें कैथोलिक दुनिया से कहीं आगे तक सम्मान दिलाया। स्टालिन ने कहा, वे जो विरासत छोड़ गए हैं, वह कार्रवाई में करुणा और मानवता पर आधारित विश्वास है। स्टालिन ने कहा वे जो विरासत छोड़ गए हैं, वह कार्रवाई में करुणा और मानवता पर आधारित विश्वास है। पीएमके संस्थापक डॉ. एस. रामदास और कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अंबुमणि सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

# जम्मू-कश्मीर: रामबन में तबाही, हाईवे बहाली में लगेंगे 48 घंटे

एजेंसी ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के उधमपुर के रामबन में भारतीय सेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर संपर्क बहाल करने के लिए अभियान शुरू किया है। सड़क साफ करने और उसे बहाल करने में 48 घंटे तक का समय लग सकता है। फंसे हुए यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए बनिहाल, कराचियाल, डिग्दौल, मैत्रा और चंदरकोट से त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) को तेजी से तैनात किया गया। जरूरत पड़ने पर आगे की सहायता के लिए आठ सेना की टुकड़ियां (प्रत्येक की संख्या 1/1/18) फिलहाल प्रमुख स्थानों पर स्टैंडबाय पर हैं।

भारतीय सेना के अनुसार, केआरसीएल, सीपीपीएल और डीएमआर सहित नागरिक निर्माण फर्मों के जेसीबी और भारी उपकरणों ने बाधित राजमार्ग पर सफाई अभियान शुरू कर दिया है। भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 44 बंद होने से उधमपुर में बड़ी संख्या में वाहन रुके हैं। आपको बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर बहाली का काम चल रहा है, जो कल की लगातार बारिश, ओलावृष्टि और भूस्खलन के बाद लगातार दूसरे दिन भी बंद है। भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर वाहनों की आवाजाही बंद होने के कारण लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पैदल यात्रा कर रहे हैं। वहीं, एक दूल्हा भूस्खलन के बाद सड़कें बंद होने की वजह से पैदल ही अपनी शादी के लिए जा रहा है। दूल्हे मशकूर ने कहा कि आज मेरी शादी का दिन है, एक हुई भारी बारिश की वजह से यह स्थिति है, हमें पैदल ही जाना है, हमने सुबह 6 बजे यात्रा शुरू की। हमने अपनी गाड़ियां पीछे पार्क कर दीं और अब हम बाकी रास्ता पैदल ही तय करेंगे। हमें अभी भी 7-8 किलोमीटर और चलना है। हम दुल्हन को उसी रास्ते से लेकर आएंगे, क्योंकि सड़कें साफ नहीं हुई हैं। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि एनएच 44 को जल्द से जल्द साफ किया जाए।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया, कल हुई मूसलाधार ओलावृष्टि के बाद, ऊर्जावान DC बसीर हक के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम कल रात से ही सराहनीय कार्य कर रही है, लेकिन समय रहते भारतीय सेना की मदद के लिए उन्हें धन्यवाद देना भी जरूरी है, जिसने स्थानीय लोगों को राहत पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## भारी बारिश और भूस्खलन से तबाही, तीन लोगों की मौत

रामबन जिले में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के बीच हुए भूस्खलन से बागना पंचायत के तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दो सगे नाबालिग भाई और एक बुजुर्ग शामिल हैं। करीब 50 मकान ढह गए हैं। 200 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। एक दर्जन से अधिक गाड़ियां पहाड़ों से आए मलबे में दब गई हैं। दो वाहन बारिश में उफनाए नालों से बह गए। सैकड़ों वाहन रास्ते में फंसे हैं। कुदरत के इस कहर से चंदरकोट और मरोह तक 18 किलोमीटर की परिधि में बसे एक दर्जन से ज्यादा गांवों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

# तीन दशक से इंतज़ार में ट्रांसपोर्ट नगर : किरंदुल में ट्रकों की अव्यवस्थित पार्किंग से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com






औद्योगिक नगर पालिका क्षेत्र किरंदुल में भारी वाहनों की सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था की दशकों पुरानी मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की योजना लंबे समय से केवल कागजों तक सीमित है, जिससे आम नागरिकों को रोजाना असुविधा और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, बीते 30 वर्षों से एनएमडीसी द्वारा लोहा अयस्क चूर्ण एवं लम्प्स की ढुलाई के लिए सैकड़ों भारी वाहनों को किराए पर लिया जाता है।ये वाहन छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में लौह अयस्क का परिवहन करते हैं, लेकिन इनकी पार्किंग व्यवस्था पर कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है। स्थानीय हालात यह हैं कि इन वाहनों को मजबूरी में मुख्य मार्गों पर ही खड़ा कर दिया जाता है। नतीजतन, सड़कों के दोनों ओर लगे ट्रकों के कारण पैदल यात्रियों, दोपहिया और चारपहिया वाहनों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई बार यह स्थिति सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बनती है। इसके विपरीत, महज 10 किलोमीटर दूर स्थित बचेली नगर में नगरीय प्रशासन ने ट्रकों के लिए नगर से दूर एक सुव्यवस्थित पार्किंग स्थल विकसित किया है, जिससे वहां की आम जनता को राहत मिली है। लेकिन किरंदुल में, परिवहन संघ का मुख्यालय यहीं होने और पदाधिकारियों के स्थानीय रूप से मौजूद होने के बावजूद इस गंभीर समस्या की अनदेखी की जा रही है।

जनता की मांग है कि इस ओर शीघ्र संज्ञान लिया जाए। ट्रक पार्किंग की समस्या केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि सीधे तौर पर लोगों की सुरक्षा और जीवन से जुड़ी है। एनएमडीसी, परिवहनकर्ता संघ और नगरीय प्रशासन को मिलकर इस दिशा में ठोस और तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजु रेड्डी ने नगर पालिका प्रशासन से बातचीत की है। उन्होंने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिका के सीएमओ से चर्चा हुई, जिसमें समाधान हेतु ठोस सुझाव दिए गए हैं। राजु रेड्डी ने सोमवार जानकारी दी कि नगर क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक लोहा अयस्क चूर्ण की ढुलाई के लिए आते हैं,लेकिन उनमें से अधिकांश वाहन एक-दो घंटे में आगे बढ़ जाते हैं। केवल 30 से 40 ट्रक ही ऐसे होते हैं जो एक-दो दिन के लिए नगर में रुकते हैं। ऐसे वाहनों के लिए अलग से एक उचित पार्किंग स्थल विकसित किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि सीएमओ ने इस सुझाव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस विषय पर गंभीरता से विचार कर कोई व्यावहारिक समाधान निकाला जाएगा।जनता को उम्मीद है कि यदि यह योजना अमल में लाई जाती है तो ट्रकों की अव्यवस्थित पार्किंग से होने वाली दुर्घटनाओं और ट्रैफिक अवरोध से काफी हद तक राहत मिल सकेगी।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों के प्रवेश परीक्षा में 1656 परीक्षार्थी हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा रविवार को कोण्डागांव जिले के 6 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त निकिता मरकाम ने बताया कि जिले के कुल 2017 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीयन कराया था। इनमें से कुल 1656 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए और कुल 361 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि प्रयास आवासीय विद्यालय राज्य शासन द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय है, जहां आदिवासी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए तैयारी कराई जाती है। इन विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई होती है और छात्रों को निःशुल्क राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग परीक्षाओं के लिए भी तैयारी कराई जाती है।

# नवपदस्थ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने पदभार ग्रहण किया

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के नवपदस्थ नूपुर राशि पन्ना ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पन्ना वर्ष 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, जिन्होंने कोण्डागांव जिले की 10वीं कलेक्टर के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इसके पहले वे मुख्य कार्यपालन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य जल ग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी में पदस्थ थीं। पूर्व में वे जिला पंचायत कोंडागांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुकी हैं।



## जिले में विकास लाने पर फोकस करेंगे : कलेक्टर

कोण्डागांव जिला एक बहुत ही महत्वाकांक्षी जिला है। और इसको पुरी तरह विकसित करने में जिले के सभी क्षेत्रों में खासकर अंदरूनी क्षेत्रों में जो कमियां है। उनमें जागरूकता और विकास लाने के लिए उसके लिए हम पूरा फोकस करेंगे। साथ ही मैं जिले वासियों से निवेदन करती हूं कि जिले को अव्वल लाने में पूर्णतः सहयोग करें।

# वन विभाग ने की अतिक्रमण पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग कोण्डागांव अंतर्गत वन परिक्षेत्र अमरावती में अवैध रूप से अतिक्रमण कर वन भूमि का उपयोग करने वालों के ऊपर फॉरेस्ट विभाग ने टीम टीम बनाकर जप्ती की कार्यवाही की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रतीक वर्मा ने बताया कि अमरावती परिसर के कक्ष क्रमांक आर एफ 262 में अवैध अतिक्रमण कर विद्युत तारों का उपयोग कर खेती के उद्देश्य से बाड़े के निर्माण किए जाने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। तत्संबंध में तत्काल संबंधित क्षेत्र में जाकर जांच की गई। जांच में ग्राम अमरावती निवासी दुवाल पिता अमर सिंह तथा कानू पिता मंगलू द्वारा अतिक्रमण किया जाना पाया गया। इनके विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 21181/04 18 अप्रैल दर्ज कर कार्यवाही की गई है। अतिक्रमको की उपस्थिति में अमरावती परिक्षेत्र के दल एवं वनमण्डल स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा वन भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवा कर अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही की गई है और अवैध अतिक्रमण में उपयोग किए गए विद्युत तारों और पोलो को जप्त किया गया है।

# ग्राम पंचायत कोड़ेंनार में पानी टंकी अधूरा पड़ा घर-घर पानी का योजना फेल साबित हुई

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com



दंतेवाड़ा जिले के कोड़ेंनार पंचायत में जल जीवन मिशन की योजना धरातल पर विफल साबित हो रही है। ग्राम पंचायत कोड़ेनार में 1 साल 6 महीना पहले पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा हुआ था।घरों के बाहर तक पानी कनेक्शन के पाइप डाले गए और स्टैंड पोस्ट बनाए गए। योजना के तहत कोड़ेंनार में एक करोड़ 35 लाख रुपये खर्च किए गए। 1 साल 6 महीना बीत जाने के बाद घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है उपयोगिता से पहले ही घरों के सामने बने स्टैंड पोस्ट टूटने लगे हैं। स्टैंड पोस्ट की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कोड़ेंनार सरपंच मिना मंडावी तथा ग्रामीणों ने सोमवार बताया कि घरों में लगे नल से पानी की मांग कर चुके हैं। अभी तक टंकी निर्माण भी अधूरा पड़ा हुआ हैं अफसर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# सांसद भोजराज नाग और विधायक टेकाम ने किया आवास प्लस 2.0 का सर्वे





पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत ग्राम पंचायत धनोरा में कांकेर सांसद भोजराज नाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना से छूटे पात्र परिवार दुरपत यादव और श्यामलाल का सर्वे आवास प्लस 2.0 मोबाइल ऐप के माध्यम से किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण व ग्राम पंचायत में विभिन्न मुददों पर चर्चा की गई। साथ ही सांसद नाग ने पूर्व में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को जल्द ही निर्माण कार्य पूरा करने तथा योजना के लाभ से वंचित परिवारों का 30 अप्रैल के समय सीमा के भीतर सर्वेक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार को मिल सके। इसी क्रम में विधायक नीलकंठ टेकाम तथा जनपद पंचायत केशकाल अध्यक्ष नंदिनी पोटई ने भी आवास योजना के लाभ से छूटे हुए पात्र परिवार का सर्वे प्रारम्भ कर सर्वेयर को सभी पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने हेतु सर्वे में शामिल किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# निवर्तमान कलेक्टर कुणाल दुदावत को दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले के निवर्तमान कलेक्टर कुणाल दुदावत के दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर के तौर पर स्थानांतरण होने पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई समारोह में अधिकारियों ने दुदावत के कार्यकाल के दौरान उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर दुदावत ने कहा कि कोण्डागांव में अपने 15 माह के कार्यकाल के दौरान उन्हें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का बहुत अच्छा सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य का निर्वहन बहुत अच्छे ढंग से कर रहे हैं और आगे भी इसी तरह टीम भावना के साथ कार्य करते रहें। उन्होंने सभी अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दौरान कई कठिन परिस्थितियों में मार्गदर्शन बहुत कारगर रहा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ। उनके मार्गदर्शन में जिले में कई नवाचार प्रारंभ किए गए, जो जिलेवासियों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं। एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर ने भी कलेक्टर दुदावत के मार्गदर्शन में हुए उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह में निवर्तमान कलेक्टर कुणाल दुदावत को जिला प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे, सीआरपीएफ के अधिकारीगण सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

**सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल के रूप में भागीदारी पुरस्कार भी प्रदान किया गया**

# जगदलपुर में आयोजित शतरंज अंडर-15 प्रतियोगिता में कोण्डागांव के मयंक श्रीवास्तव ने मारी बाजी

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






जिला शतरंज संघ जगदलपुर में जगदलपुर स्पोर्ट्स क्रॉनिकल्स द्वारा 19 और 20 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के नियमानुसार इंदिरा स्टेडियम में शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कोण्डागांव के मयंक श्रीवास्तव ने बजी मारी, आयोजन के मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे, विशिष्ट अतिथि नगर निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन शशिनाथ पाठक, शशांक शेंडे उपस्थित रहे। बस्तर संभाग में पहली बार फेडरेशन इंटरनेशनेल डेस एलेक्स अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के नियमों अनुसार यह टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट में 80,000 रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार व सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल के रूप में भागीदारी पुरस्कार भी प्रदान किया गया। शतरंज प्रतियोगिता तीन श्रेणी में आयोजित की गई। अंडर-11, अंडर-15 और ओपन जिसमें कुल 182 प्रतिभागियों ने अपना हुनर आजमाया। अंडर-15 कैटेगरी में 15 राउंड के बाद कोण्डागांव के मयंक श्रीवास्तव विजेता रहे उन्हें ट्रॉफी मेडल और 5000 नगद का पुरस्कार दिया गया। मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि यह टूर्नामेंट शतरंज प्रेमियों के लिए एक सुनहरा अवसर था जिसमें सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही बस्तर संभाग के लिए गौरव की बात है की टूर्नामेंट इस स्तर का था की एफआईडीई रेटेड प्रतिभागी रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर एवं अन्य जगह से भी शामिल हुए।

# पशु चिकित्सकों ने सुदूर ग्राम पदनार के जंगल में सिजेरियन ऑपरेशन कर बचाई गाय की जान



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विकासखंड कोण्डागांव के मर्दापाल क्षेत्र अंतर्गत सुदूर ग्राम पदनार में पशु मालिक लखमु राम मडावी की गाय को बीते दो दिनों से बछड़ा आने में परेशानी हो रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर वीएएस पशु चिकित्सालय कोण्डागाँव डॉ. ढालेश्वरी द्वारा जांच करने पर पाया गया कि गाय की जनन नली संकरी होने के कारण बछड़ा बाहर नहीं आ पा रहा था एवं बछड़े की मृत्यु हो चुकी थी। गाय की जीवन रक्षा हेतु एवं पशु मालिक की सहमती के साथ डॉ. ढालेश्वरी द्वारा तत्काल सिजेरियन करने का निर्णय लिया गया एवं कृष्ण कोराम, अनिल, चंदना की टीम द्वारा ऑपरेशन कर मृत बछड़े को बाहर निकाला गया। शल्यक्रिया के दौरान एवीएफओ आलोक नेताम, संजीत, खेमराज एवं अन्य ग्रामीणों का भी सहयोग रहा।

# एक देश एक चुनाव पर देश में बने सर्व सम्मति : रूपकुमारी चौधरी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com




जिला अधिवक्ता संघ धमतरी द्वारा एक देश एक चुनाव विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अधिवक्ता संघ के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि संघ के द्वारा जिस विषय को गोष्ठी हेतु चुना गया है वो ऐसा विषय है जो आने वाले समय में राष्ट्र का भविष्य तय करेगा। वर्तमान समय में देश का बहुत सारा वक्तए संसाधन और ऊर्जा केवल चुनाव कराने में नष्ट होती है। इसके चलते विकास कार्य अवरुद्ध होता है। इसे लेकर आम राय बनाने में बुद्धिजीवी वर्ग बड़ी भूमिका निभा सकता है। सरकार केवल संसद में बहुमत के आधार पर इस कानून को नहीं लाना चाहती हम चाहते हैं कि इस विषय पर सर्वसम्मति बने क्योंकि ये राष्ट्र निर्माण से जुड़ा हुआ विषय है।

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच से प्रेरित एक देश एक चुनाव केवल एक चुनावी सुधार नहीं है बल्कि यह भारत के लोकतंत्र को सशक्त और सुव्यवस्थित बनाने वाला क्रांतिकारी कदम है। यह न केवल समय और संसाधनों की बचत करेगा अपितु देश के आर्थिकए प्रशासनिक और विकासात्मक लक्ष्यों को गति देने की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। अधिवक्ता एलपी गोस्वामी ने कहा कि उन्हें गर्व है कि अधिवक्ता संघ ने ये बीड़ा उठाया। धमतरी से उठी यह चिंगारी राष्ट्र में राजनीतिक सुधार की अलख जगाएगी। इससे देश को लाखों करोड़ के अपव्यय से बचाया जा सकेगा। चुनाव में बड़े पैमाने में होने वाले अवैध अनैतिक हथकंडों से निजात मिलेगी। यह प्रयास कोई नया नहीं है 90 के दशक से इस पर बहस होती आई है परन्तु अब ऐसा लगता है कि देश का जनमानस इसकी आवश्यकता को समझने लगा है और जल्द ही राजनैतिक सुधारों का युग आने वाला है। सेवानिवृत प्राचार्य डॉ अनंत दीक्षित ने इस विषय पर अपने समालोचनात्मक उदबोधन में वर्तमान में देश के राजनीतिक परिदृश्य को देश के विकास के लिए घातक बताया और एक देश एक चुनाव को लागू करना देश हित में जरूरी बताया। साथ ही उन्होंने आशंका भी व्यक्त की कि देश का विपक्ष केवल विरोध करना है इसलिए इस राजनैतिक सुधार के प्रयासों पर अवरोध उत्पन्न न करे। इस कानून के दीर्घकालीन लाभ होंगे और देश चुनावों के चक्रव्यूह से बाहर निकल विकास के रथ पर सवार हो सकेगा। वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक पांडे ने रोचक अंदाज में अपनी बात रखते हुए कहा कि भारत जैसे विशाल वर्सेटाइल देश में विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दे गौण हो जाते हैं। ये भारत के लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। देश में चुनाव जब एक साथ होंगे तो राष्ट्र हित को महत्व देने का माइंडसेट और नेरेटिव अपने आप देश में बनेगा, राष्ट्र सर्वोपरि की बात होगी। गोष्ठी में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक रंजना साहू, अधिवक्ता प्रवीण साहू ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बीके सिन्हा ने अध्यक्षीय उदबोधन में बताया कि इस विषय पर संगोष्ठी रखने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई। संचालन संघ के सचिव सौरभ मिश्रा ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका धन्यवाद ज्ञापन संघ के सदस्य कविंद्र जैन ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य वीके पाठक एवं शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, उपाध्यक्ष गौकरण साहू, पूर्व विधायक राजिम संतोष उपाध्याय, भखारा नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, अधिवक्ता गोपाल प्रसाद शर्मा, डॉ एनपी गुप्ता, डॉ केएस शांडिल्य, शशि पवार, प्रकाश बैस, एतराम साहू, अनिल चंद्राकर, महेंद्र पंडित, अविनाश दुबे, नवीन सांखला, रोहिताश मिश्रा, राजेश गोलछा, चेतन हिंदुजा, प्रकाश गोलछा, विजय मोटवानी, विजय साहू, उमेश साहू, डॉ बीथीका विश्वास, गीतेश प्रजापति, त्रिलोक जैन, होरीलाल साहू, लोकेश साहू, अकबर कश्यप, हुमित लिमजा, अजय ध्रुव, मोनिका देवांगन, ऋषभ देवांगन, समर भूषण गुप्ता, यशवंत कौशिक, अखिलेश खंडेलवाल, विनय जैन, गौरव मगर, पवन गजपाल, अमन राव, तल्लीन पूरी गोस्वामी, अजीत साहू, लील पटेल, चंद्रशेखर राजपूत, शिव ओझा, अनामिका शर्मा, सुमैया बानो, दिव्या साहू, मायापुरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया गया विश्व लिवर दिवस




पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्व. मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में को विश्व लिवर दिवस मनाया गया, जिसमें डॉक्टर एचएल जांगड़े के द्वारा बताया गया कि विश्व लिवर दिवस मनाने की शुरुआत 1996 में यूरोपियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ द लीवर ने की। तभी से विश्व लिवर दिवस मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य लोगों को लिवर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है लिवर को स्वस्थ रखने के लिए इस वर्ष 2025 के लिए भोजन ही दवा है का थीम निर्धारित किया गया है। हमारे लीवर को स्वस्थ रखने के लिए हमें अत्यधिक तेल घी उपयोग, जंक फूड, तले हुए खाद्य पदार्थ, शराब व धूम्रपान से दूर रहना, 30 मिनट का व्यायाम और योग, वजन को नियंत्रित रखना, स्वास्थ्य वर्धक भोजन का उपयोग करना तथा समय-समय पर लिवर फंक्शन टेस्ट कराने की आवश्यकता है तथा जो व्यक्ति शराब नहीं पीता है उसे भी फैटी लीवर की समस्या हो सकता है, जिसका नियमित जांच कराते रहना है। इसी कड़ी में खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे के द्वारा बताया गया कि विश्व में 20 लाख लोग लिवर संबंधित बीमारी से पीड़ित है एवं 200 करोड लोग शराब का सेवन करते हैं जिससे लीवर संबंधी बीमारियां हो रही है जिसमें लिवर का मुख्य बीमारी लिवर सिरयोसिस है। यदि हमारे परिवार को लिवर संबंधित बीमारियों से सुरक्षित रखना है तो अपने बच्चे को जन्म के तुरंत बाद हेपेटाइटिस बी का टीका अवश्य लगाएं तथा खुद ही समय-समय पर डॉक्टर के सलाह के अनुसार हेपेटाइटिस बी टीका अवश्य लगवाएं। इस विश्व लिवर दिवस शपथ ग्रहण कार्यक्रम मे राजकुमार पटेल, ब्रम्ह प्रकाश कर, रेखा सिंह, प्रगति शर्मा, स्मृति ग्वाल, नीता बेरा त्रिभुवन डनसेना विजय पटेल तथा अन्य सीएचसी स्टॉफ उपस्थित रहे।

# सटटा खेला रहे दो आरोपियों को पकड़कर किया वैधानिक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com





धमतरी पुलिस थाना सिटी कोतवाली धमतरी को मुखबिर सूचना मिली की दो महिलाओं द्वारा गौशाला मैदान के पास विंध्यवासिनी वार्ड धमतरी में आम जगह पर सटटा नामक जुआ खेला रही हैं। सूचना पर तत्काल थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर टीम द्वारा दबिश देकर मुखबिर के बताये जगह पर दो आरोपिया द्वारा आम जगह में लोगो से पैसा लेकर हारजीत का खेल अंको वाली सट्टा पट्टी नामक जुआ खिलाते रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस को देखकर सट्टा लिखवा रहे लोग भाग गये, और सट्टा खिलाने वाली दोनों आरोपिया सुल्ताना बेगम पति फिरोज खान उम्र 53 वर्ष, मेहरून निशा पति ईकबाल अहमद उम्र 50 वर्ष रामबाग धमतरी को पकडा गया। आरोपियों से जप्त संपत्ति 03 नग सटटा पटटी विभिन्न अंक व हजारों की रकम लिखा, दो नग डाट पेन, दो नग मोबाईल तथा नगदी रकम 7200 रूपये गवाहों के समक्ष जब्त कर थाना सिटी कोतवाली धमततरी के अप.क्र.105/25, छत्तीसगढ जुआ अधिनियम वर्ष 2022 धारा 6-ख जुआ एक्ट के तहत, दोनों आरोपिया के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली से सउनि संतोषी नेताम, मआर गोदावरी ध्रुव, कलेश्वरी कुंजाम, आरक्षक डायमंड यादव, सुरेंद्र डडसेना, मुकेश सिन्हा, सायबर प्रभारी सउनि प्रदीप सिंह एवं प्रआर हरीश साहू, आर महेंद्र सिन्हा, ओम प्रकाश निषाद का विशेष योगदान रहा।

# धमतरी को मिला अत्याधुनिक अग्निशमन वाहन

- सांसद रूपकुमारी, विधायक अजय ने किया हरी झंडी दिखा कर रवाना

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन मंशा से जिले को अग्निशमन के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। स्थानीय रत्नाबंधा रेस्ट हाउस में सांसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी और विधायक कुरूद अजय चंद्राकर ने अग्निशमन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि जिले को तेल, गैस, बिजली या अन्य अति ज्वलनशील कारणों से उत्पन्न होने वाली आगजनी की घटनाओं से त्वरित और प्रभावी रूप से निपटने के लिए अत्याधुनिक फोम वेंडर सहित अधिक क्षमता वाली नई अग्निशमन वाहन प्राप्त हुई हैं, जो जिले को पहली बार उपलब्ध हुई है। इसकी क्षमता 6 हज़ार लीटर है, जिसमे 5 सौ लीटर फोम टैंक तथा 5 हज़ार 5 सौ लीटर पानी टैंक क्षमता है। साथ ही वाहन की क्षमता 6 हज़ार लीटर पानी की है। दोनों वाहन तकनीकी एवं अत्याधुनिक दृष्टि से लैस है। इस अवसर पर सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश का हर जिला आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है। शासन की जनहितकारी सोच के अनुरूप जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सड़क और अग्निशमन जैसे मूलभूत ढांचों को लगातार सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों कि सुरक्षा हमारी सेवा है। इसी भाव से विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन के साथ काम काम कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने इस पहल को जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। विधायक कुरुद अजय चंद्राकर ने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की संभावनाएं बनी रहती हैं। इस समस्या पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के लिए अग्निशमन वाहन की स्वीकृति प्रदान की। हाल ही में मुख्यमंत्री साय ने 20 अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें से एक वाहन धमतरी जिले को आवंटित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि नई दमकल वाहनों में बड़ी आगजनी की घटनाओं में लगातार और लंबे समय तक आग बुझाने की क्षमता रखता है। फॉग और जेड ब्रांच के माध्यम से पानी की अत्यधिक बचत के साथ आग पर जल्दी नियंत्रण पाया जा सकता है। वाहन में एक सौ मीटर लंबी होज़ लाइन की सुविधा है, जिससे उन स्थानों तक भी पानी पहुँचाया जा सकता है जहाँ वाहन सीधे नहीं पहुँच सकता। ऊँचाई वाले क्षेत्रों व संकरी गलियों में यह विशेष रूप से लाभकारी है। हाइड्रोलिक लाइटिंग सिस्टम से रात के समय या अंधेरे में बेहतर दृश्यता मिलती है।

# खरतुली में रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



परिक्षेत्र साहू संघ खरतुली एवं ग्रामीण साहू समाज खरतुली, परसतराई, लोहरसी, पोटियाडीह, मुजगहन, र ाबांधा के तत्वाधान में ग्राम खरतुली में दानवीर भामाशाह की जयंती के पूर्व दिवस रक्तदान शिविर एवं समाज गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वालों में जयप्रकाश, पवन कुमार, शुभम, ईश्वर, कुलेश्वर, अगेंश, भुनेश्वर, जितेंद्र, यादवेंद्र, अनेश, रीतू, दिव्या, सोमन, तुलसी, लिखूराम, खिलेन्द्र, भूपत, मुरली, मुकेश, सौरभ, रूपराम सहित 41 सामाजिकजनों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान को महादान कहा जाता है। यह जनकल्याण का कार्य है। रक्तदान करके किसी का अमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। शिविर में मानस सेवा ब्लड सेंटर धमतरी द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि रक्तदान के समय व्यक्ति का वजन, बीपी, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, मलेरिया जाँच, एचआईवी एवं हेपेटाइटिस बी का निःशुल्क जांच किया गया। रक्तदान कोई भी महिला या पुरुष जिसकी उम्र 18 से लेकर 65 वर्ष, वजन 45 किलोग्राम से ऊपर एचबी 12.5 या उससे ऊपर हो पुरुष हर तीन माह में, महिला हर चार माह में रक्तदान कर सकते है। विभिन्न क्षेत्रों में शासकीय सेवा दे रहे लोगों को समाज गौरव के नाम से मनीषा साहू सीआईएसएफ, सुनीता साहू इंडियन नेवी, गुनिका साहू ग्रामसेवक, हरीश साहू अग्निवीर, गुलशन साहू स्पेशल पैरा कमांडो, लुमेश्वरी साहू बीएसएफ, शिवराम साहू अग्निवीर, कमलकांत साहू एसआरएफ, कृष्णकांत साहू एनआरएम इंजीनियर फॉरेस्ट, खेलेंद्र कुमार साहू रेलवे स्टेशन मास्टर, धनंजय सोनबेर व्याख्याता अंग्रेजी, यज्ञश्री सोनबेर सहायक शिक्षक, डायमंड साहू अग्निवीर, भोजेंद्र कुमार साहू एशियन गेम्स इंटरनेशनल जज, मनहरण गंगबेर एसआई पुलिस विभाग, संतकुमारी सोनबेर जनपद सदस्य जप धमतरी को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल, अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला साहू संघ धमतरी जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, महासचिव यशवंत साहू, सचिव लीलाराम साहू, खरतुली सरपंच उमेश्वर नेताम, गजानंद साहू, नरोत्तम साहू, रामआसरा साहू तहसील सहसचिव, परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी, परिक्षेत्र संरक्षक भरत साहू, किरण सोनबेर, सचिव रूपेंद्र गंजीर, भोजेंद्र साहू सलाहकार, विजयलक्ष्मी गंजीर, महिला प्रकोष्ठ, धर्मेन्द्र साहू कोषाध्यक्ष, पूरन सोनबेर, अरुण गंजीर, मुकेश साहू, चंद्रशेखर साहू, कुंती साहू, प्रेमलाल गंगबेर, कुलेश्वर साहू, सुनीता गंजीर, उमाशंकर साहू, ग्रामीण अध्यक्ष तीजूराम साहू, गोपाल साहू, रूपचंद साहू, कृष्ण कुमार साहू, प्रेमलाल गंगबेर, पुरन सोनबेर, तरुण साहू एवं मानस सेवा ब्लड सेंटर धमतरी के संचालक मितेश साहू व स्टॉफ आशीष साहू, नम्रता साहू, पारस निषाद, पूजा यादव, लीमा साहू के साथ जिला, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज के समस्त पदाधिकारियों, सामाजिकजनों का विशेष योगदान रहा।

# पुलिस ने किया आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त करवाई

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com



यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, चलने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 33 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 9900 समन शुल्क वसूला गया है। इस वर्ष 2025 में दोपहिया वाहन में तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने वाले कुल 3071 प्रकरण में 8,94,300 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

## ब्रह्माकुमारीज के शिक्षा प्रभाग के सौजन्य से मोटिवेशनल प्रोग्राम

# स्कूली जीवन में मानसिक एकाग्रता से मिलेगी सफलता : ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com






प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग के द्वारा होली हार्ट स्कूल सिविल लाईन्स में नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी और चेतना दीदी के मार्गदर्शन में विशेष सत्र आयोजित किया गया। राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बतलाया कि हमारे जीवन में मन की महत्वपूर्ण भूमिका है। शास्त्रों में भी लिखा है कि मन जीते जगत जीत अर्थात जिस व्यक्ति ने अपने मन को काबू में कर लिया वह दुनिया पर राज कर सकता है। मन को जीतने के लिए हमें अपने अवचेतन मन में सदैव सकारात्मक विचार उत्पन्न करना सीखना होगा और निगेटिव थाट्स को बाय-बाय करना होगा। आगे उन्होंने बच्चों को प्रेरणा देते हुए बतलाया कि रामायण में उल्लेख आता है कि हनुमान अपनी शक्तियों को भूल जाते थे। उन्हें समुद्र लांघने के लिए जामवन्त ने उनकी शक्तियों की याद दिलाई थी। ऐसे ही हम ब्रह्माकुमारी बहनें आप बच्चों को आपकी शक्तियों की याद दिलाने के लिए आयी हैं। उन्होंने बतलाया कि हमारा अवचेतन मन एक जिन्न की तरह काम करता है। उसे सिर्फ जी हुजूर करना आता है। रात को नींद आने के दस मिनट पहले और सुबह सोकर उठने के दस मिनट पहले तक हमारा अवचेतन मन सक्रिय रहता है। इस समय हम उसे जैसा विचार देते हैं वह वैसा व्यवहार करने लगता है। इसलिए हमें रचनात्मक सोच की आदत डालनी चाहिए। कोई निगेटिव बातें बोलता है तो उसे अनसुना कर आगे बढ़ना है। निगेटिव बातें हमारे उमंग-उत्साह को कम कर देती हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में बच्चों को मन की एकाग्रता और सकारात्मक सोच रखने के लिए कुछ फिजिकल एक्सरसाईज भी कराई। जिससे पता चला कि बच्चे बड़ी ही तन्मयता के साथ पूरी बात को सुन और समझ रहे हैं। ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का स्मरण करते हुए बतलाया कि उन्होंने एक इन्टरव्यू में कहा था कि भारत देश ने कभी भी किसी देश पर पहले आक्रमण नहीं किया था। उसने जो भी युद्ध किया वह अपनी सुरक्षा के लिए किया। उन्होंने कहा कि हम भारत को माता कहते हैं और माँ कभी भी अपने बच्चों पर हमला नहीं कर सकती। माँ तो बच्चों को प्यार करने के लिए होती है। हम ऐसे महान भारत माँ के महान सपूत बच्चे हैं। हमें गर्व है अपने देश पर।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों ने दी परीक्षा



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

शैक्षणिक सत्र 2025.26 में प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु जिले के 08 परीक्षा केन्द्रों में चयन परीक्षा हुई। इनमें मॉडल इंग्लिश स्कूल धमतरी, मेनोनाईट इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी, सर्वोदय उमावि धमतरी, डॉ शोभाराम देवांगन शाउमावि धमतरी, स्वामी आत्मानंद शास उत्कृष्ट हिन्दी उमावि हटकेशर धमतरी, मेनोनाईट हिन्दी उमावि धमतरी, स्वामी आत्मानंद शास उत्कृष्ट हिन्दी उमावि गोकुलपुर धमतरी, नूतन उमावि धमतरी शामिल है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास और नोडल अधिकारी, प्रेक्षक एवं केन्द्राध्यक्ष ने बताया कि प्रवेश हेतु कुल ढाई हजार छात्र-छात्राओं से आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिसमें से एक हजार 876 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 624 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

# शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत स्कूल में प्रवेश दिलाने अभिभावक ने जनदर्शन में लगाई गुहार, 137 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सहायक कलेक्टर अभिजीत पठारे एवं डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 137 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में सबसे अधिक शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश दिलाने के अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे अंजोरा निवासियों ने पेयजल की समस्या को लेकर आवेदन दिया। ग्राम अंजोरा(ढाबा) में पेयजल हेतु कोई भी पर्याप्त संसाधन नही है। गांव में एक ही बोर है,



जिससे पूरा गांव पानी पी रहा है। पानी की टंकी बने सात साल हो गए हैं, लेकिन गांव वालों को टंकी से पानी प्राप्त नही हुआ है। पानी को लेकर गांव वालों को बहुत बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने गांव में बोर खनन, हैंडपम्प सुधारने एवं टेंकर उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने पीएचई को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत कक्षा पहली में प्रवेश हेतु नोडल अधिकारी द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया कि बी.पी.एल. राशन कार्ड में माता-पिता का नाम दर्ज नहीं है। इस पर अभ्यर्थी के परिजनों ने आपत्ति जताया। अभ्यर्थी के पिता ने बताया कि वर्ष 2007-08 में जब बी.पी.एल. सर्वे हुआ था, उस समय उनकी पुत्री नाबालिक थी और उनके दादा जो उस समय परिवार के संरक्षक थे, के नाम पर ही बी.पी.एल. कार्ड बना था। वर्तमान सत्र ना तो नगर निगम और ना ही राज्य शासन द्वारा कोई नया बी.पी.एल. सर्वे किया गया है, जिस कारण वर्तमान बी.पी.एल. कार्ड में उनका नाम नहीं जुड़ सका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007-08 में जारी सत्यापन प्रमाण पत्र में उनके परिवार का नाम हितग्राही के रूप में दर्ज है और यह प्रमाण पत्र शाला प्रवेश हेतु जारी किया गया था। इसी आधार पर आरटीई के अंतर्गत बच्चों को प्रवेश दिया जाता है। इस पर सहायक कलेक्टर ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त सभी आवेदनों को संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदनों का परीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। बगदाई धाम कॉलोनी वासियों ने स्ट्रीट लाईट लगवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि बघेरा से कोटनी मार्ग बहुत ही व्यस्त मार्ग है। इस मार्ग में हजारों लोगों को आना-जाना लगा रहता है। रात होते ही सड़क पर पशु-मवेशी तथा शराबी लोगों का जमावाड़ा लगा रहता है। यह मार्ग अंधेरा होने के कारण दुर्घटना की आंशका बनी रहती है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# समाज सेवी दुर्गेश सोनू साहू ने नव दंपति को खुशहाल शादीशुदा जीवन के लिए भेंट किए बाल गोपाल

पायनियर संवाददाता ➤ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com

तहसील साहू संघ पाटन के नेतृत्व में झीट परिक्षेत्र के ग्राम अमलेश्वरडीह में विशाल कर्मा महोत्सव एवं 24 जोड़ो का सामूहिक आदर्श विवाह में आशीर्वाद देने पहुँचे छत्तीसगढ़ शाशन के उपमुख्यमंत्री अरुण शाव के साथ दुर्गेश (सोनू) साहू युवा समाज सेवक, भाजपा नगर महामंत्री अमलेश्वर डीह ने सभी जोड़ो को उपहार स्वरूप बाल गोपाल देकर सम्मानित किया।

साहू ने मीडिया को जानकारी शेयर करते हुए कहा कि नवदम्पति जोड़ो आशीर्वाद देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं मेरे धर्मपत्नी और परिवार जनों के साथ मे सभी नवविवाहित 24 जोड़ो को हिन्दू धर्म के प्रति जागरूक करने



के लिये सनातनी ग्रंथ मद्भागवत गीता पुस्तक,बाल गोपाल की मूर्तियां एवं सभी वर को लिफाफा भेंट किया गया। साथ ही मती गौरी साहू शिवांश साहू की ओर से सभी वधू को चांदी की बिछिया देकर सभी जोड़ो को राधा - कृष्ण की जोड़ी हमेशा बने रहे यही आशीर्वाद प्रदान कर। इस सफल कार्यक्रम के लिये तहसील साहू समाज पाटन एवं झीट परिक्षेत्र के स्थानीय साहू समाज अमलेश्वर डीह को बहुत बहुत बधाई इस वर्ष की तरह आगामी वर्ष में भी इस तरह का सफल आयोजन हो।

## एनएसएस की 75वीं वर्षगांठ पर प्रचार-प्रसार कार्यक्रम 24 अप्रैल को

**दुर्ग।** भारत सरकार सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत एनएसएस के 75वे वर्षगांठ के अवसर पर 24 अप्रैल 2025 को राजेंद्र पार्क, राजेंद्र प्रसाद चौक के पास जीई रोड दुर्ग में शाम 4 बजे से 6.30 बजे तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में एनएसएस के प्रचार प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक आयोजन व पंपलेट वितरण कार्यक्रम एवं पौधारोपण किया जायेगा।

# गांव-गांव पहुंचे डिप्टी सीएम विजय शर्मा, शादियों में शामिल होकर बांटा खुशियों का आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एक दिन के दौरे पर कबीरधाम जिले के विभिन्न गाँवों में पहुँचे और पारिवारिक एवं सामाजिक आयोजनों में सहभागी बने। वैवाहिक आयोजनों में शरीक होकर उन्होंने न केवल नवविवाहित जोड़ों को शुभाशीर्वाद दिया, बल्कि गाँववासियों से आत्मीय मुलाकात भी की, जिससे ग्रामीण अंचलों में खासा उत्साह देखने को मिला। डिप्टी सीएम सबसे पहले कवर्धा नगर में विकास नाहर के निवास पहुँचे, जहाँ उन्होंने पारिवारिक सौहार्द में सम्मिलित होकर स्नेहपूर्वक मुलाकात की। इसके बाद वे सीधे बैहरसरी ग्राम पहुँचे और अमित वर्मा व बद्री प्रसाद वर्मा के घर हुए विवाह समारोह में नवदंपत्तियों को



शुभकामनाएं दीं। उनका यह आत्मीय सफर यहीं नहीं रुका–ग्राम पोड़ी में सोमू साहू, नेउरगांव कला में केदार पटेल और आकाश चंद्रवंशी, कुसुमघटा में रामाधार वर्मा, गण्डईखुर्द में सुखचैन चंद्रवंशी, और बंदौरा में संतोष कौशिक के यहाँ विवाह समारोह में शामिल होकर उन्होंने सभी को आशीर्वाद दिया। शर्मा ने कहा, विवाह सिर्फ दो लोगों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और उनकी परंपराओं का संगम होता है। इन खुशियों में सहभागी बनकर मैं स्वयं को जनता के और करीब महसूस करता हूँ। गाँवों में उनका गर्मजोशी से स्वागत हुआ। आमजन से सीधा संवाद करते हुए उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार हर वर्ग के विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य डॉ. बीरेन्द्र साहू, मनिराम साहू, जयराम साहू, अमित वर्मा समेत कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# मोर दुआर साय सरकार अभियान में पूर्णिमा मनीराम साहू की सक्रिय भागीदारी, खड़ौदा में आवास योजना का किया सर्वे

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशा के अनुरूप कवर्धा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु मोर दुआर साय सरकार महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सभापति पूर्णिमा मनीराम साहू ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम खड़ौदा में पहुंचकर पात्र हितग्राहियों से मुलाकात की और योजना की विस्तृत जानकारी दी। साहू ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र हितग्राही आवास योजना से वंचित न रहे। इसके लिए मोबाइल



ऐप के माध्यम से पारदर्शी सर्वे किया जा रहा है। खड़ौदा में उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से एक पात्र हितग्राही का सर्वे कर अभियान में भागीदारी निभाई और ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे 30 अप्रैल तक अपना सर्वे अवश्य कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग रोजगार के सिलसिले में गांव से बाहर हैं, वे भी समय निकालकर लौटें और योजना का लाभ लेने के लिए सर्वे कराएं। यह अभियान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे ग्रामीण अंचलों में आवासहीनों को पक्का मकान मिल सकेगा। इस अवसर पर लालचंद साहू, दूजेराम साहू (सरपंच खड़ौदा कला), टीकाराम साहू, कामता निर्मलकर (रोजगार सहायक) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# निगम भिलाई क्षेत्र में अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर निकल जा रहे

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर निगम भिलाई क्षेत्र में चौक चौराहों पर सड़क के बीच में लगे बिजली पोलों या सरकारी दीवारों पर अवैध होर्डिंग बैनर पोस्टर लगा दिए गए हैं। जिसके कारण शहर की सुंदरता खराब हो रही है। आंधी पानी चलने पर बैनर पोस्टर गिर जाते हैं। जिसके कारण कभी-कभी इससे बड़ी दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सभी जोन में अवैध बैनर पोस्टर होडिंग निकालने का कार्य चल रहा है। इसके साथ ही उन एजेंसी का नाम नोट किया जा रहा है, जिनके द्वारा बैनर पोस्टर लगाया जाता है। उन्हीं एजेंटीयों को नोटिस जारी की जाएगी, उनके ऊपर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऐसी जानकारी मिली है कि एजेंसी के लोगों द्वारा ही ठेका लिया जाता है। बैनर पोस्टर लगवाने वाला व्यक्ति उनको पैसा दे देता है। वह कहीं भी सरकारी जगह पर अपना बनाया पोस्टर लगा देते हैं। एक तरफ देखने में आ रहा है कि लोगों में को होड लगी है बैनर पोस्टर लगाने में। नगर निगम भिलाई सभी लोगों से अपील करता है कि नगर को साफ सुथरा सुंदर बनाने में सहयोग करें। यह शहर सबका है सबको मिलकर के साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी है। जनसंपर्क विभाग, नगर पाली निगम भिलाई।

# निगम भिलाई में मनाया गया नागरिक सेवा दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई में नागरिक सेवा दिवस मनाया गया। निगम सभागार में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक बुलाई। बैठक के दौरान अधिकारियो को संबोधित करते हुए बताया कि नागरिक सेवा करने का अवसर सभी को नहीं मिलता है। यदि यह अवसर हमे मिला है तो हमारा प्रयास होना चाहिए कि नागरिको के साथ अच्छा व्यवहार करें। सर्वप्रथम उनकी जो समस्या है उसको सूना जावे, इससे उनको भरोसा मिलता है। जो काम खुद के करने लायक हो उसका निराकरण तुरंत कर देना चाहिए। अनावश्यक उसे दुबारा नहीं बुलाना चाहिए। अपने से नहीं हो सकता है तो उच्च अधिकारियो को भी सूचित करना चाहिए। शासन का दिशा-निर्देश है कि हमे समय अवधि के अंदर सभी कार्यो का संपादन करना है। समय पर आफिस आए, अपने दायित्वों का निर्वहन करें, सरकार इसी कार्य के लिए वेतन देती है जिससे हमारा परिवार चलता है। आज सुशासन तिहार के अंतर्गत समीक्षा के दौरान प्रमुख मांगे जो थी उसमें पानी की समस्या जिस पर शीध्र-अतिशीध्र निराकरण किया जावे। अगर कहीं पुरानी स्वीकृति है तो आवश्यकता के अनुसार कार्यो को पूर्ण कराया जाए। नागरिको के मांग अनुसार कार्य योजना बनाकर कार्य किया जावे। सुशासन तिहार में जितने भी मांग वाले आवेदन है उसमें क्षेत्र के सब इंजीनीयर मौके पर जाकर संबंधित व्यक्ति से मिलकर निरीक्षण करें। जोन आयुक्त भी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें। आयुक्त कभी भी किसी भी वार्ड में जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते है। सभी प्रकरणो पर समय अवधि के अंदर निराकरण करना आवश्यक है।

# बाल विवाह के रोकथाम एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में विगत दिन बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ एंव बाल विवाह के रोकथाम एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम व रैलियों का आयोजन किया गया। जिला-दुर्ग शहरी परियोजना के अंतर्गत उरला अटल आवास दुर्ग में आयोजित कार्यकम में पोषण पखवाड़ा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधी एवं महिलाओं व बालिकाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग में पदस्थ सीता कनौजे एवं चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 से आशीष साहू, चन्द्रप्रकाश पटेल द्वारा मिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकथाम, दत्तक ग्रहण, फास्टर केयर, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की विस्तृत जानकारी दी




गयी। कार्यक्रम में बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। अगर कोई 21 वर्ष से कम आयु के लड़के 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता या कराता है तो उसे 02 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसकी सहायता करता है, उन्हें दण्डित किया जा सकता है तथा कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा अथवा जानबूझकर उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है तो उसे भी दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह को विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्तकर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह की सूचना व जानकारी प्राप्त होने पर 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन दुर्ग में संपर्क कर सकते है।

# कलेक्टर सिंह ने ग्राम पतोरा में एफएसटीपी और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण कर कार्यो को सराहा

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अभिजीत सिंह और जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे द्वारा ग्राम पंचायत पतोरा में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव और वाटर एड संस्था के कर्मचारियों द्वारा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की विस्तृत कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस यूनिट में 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों से मल-जल को एकत्र कर फिल्टरिंग हेतु टैंकों में संग्रहित किया जाता है। मल-जल को विभिन्न चेंबरों और टैंकों से गुजारकर कई स्तरों पर शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी की जाती है, जिसके पश्चात् इससे तैयार खाद को सोना खाद के नाम से जाना जाता है। यह खाद खेतों में उपयोग हेतु बेहद लाभकारी है। एफएसटीपी में



उपचारित जल को भी एक अलग चैम्बर में संग्रहित कर उसे गार्डनिंग (बागवानी) हेतु पुनः उपयोग किया जाता है। कलेक्टर सिंह ने इस नवाचार की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि आसपास के गांवों में क्लस्टर बनाकर इसी प्रकार की और यूनिट स्थापित की जाएं। उन्होंने कहा कि हम अब गांवों को ओडीएफ बना चुके हैं, अब हमारा अगला लक्ष्य ठोस मल-जल प्रबंधन की दिशा में ठोस कार्य करना है। इसके साथ ही कलेक्टर ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भूजल एवं मृदा को प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण से बचाने पर विशेष बल दिया और प्लास्टिक कचरे के सुरक्षित और वैज्ञानिक निपटारे के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव में की शिरकत, सामूहिक आदर्श विवाह में 24 नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद**

# साहू समाज मेहनत और ईमानदारी की मिसाल है: उप मुख्यमंत्री साव

पायनियर संवाददाता ➤ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com

पाटन तहसील में आयोजित कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने 24 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय जीवन की कामना की। समाज के पदाधिकारियों की मांग पर उप मुख्यमंत्री ने तहसील साहू समाज पाटन में भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपये की घोषणा कर समाज को बड़ी सौगात दी। समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि पाटन तहसील में साहू समाज द्वारा लगातार 22 वर्षों से सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जा रहा है। यह परंपरा समाज में एकता, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जिन जोड़ों का विवाह






सामूहिक रूप से होता है, उनका दांपत्य जीवन अधिक सफल और सुखद रहता है, क्योंकि इसमें पूरे समाज का आशीर्वाद और समर्थन शामिल होता है। उन्होंने साहू समाज की मेहनत और ईमानदारी की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने मूल्यों से नहीं डगमगाता। साहू समाज की ईमानदारी और मेहनत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि साहू समाज का व्यक्ति चाहे धूप में तप जाए, लेकिन गलत मार्ग नहीं अपनाता। उप मुख्यमंत्री ने गर्व के साथ कहा कि साहू समाज का ही एक बेटा आज तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहा है, और यह सब उसकी ईमानदारी और मेहनत का ही परिणाम है। पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने गांव, गरीब, किसान और आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने का कार्य किया है। उन्होंने आगे कहा कि साहू समाज केवल अपने विकास की बात नहीं करता, बल्कि यह समाज हर वर्ग और समाज को साथ लेकर चलने वाला है। इस समाज की मूल विशेषता ईमानदारी, मेहनत और एकता को बनाए रखते हुए सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री साव मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, परियोजना पाटन जिला दुर्ग के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को 35 हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। साथ ही पदाधिकारियों को मोमेटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद दुर्ग विजय बघेल, जिला साहू संघ अध्यक्ष नंदलाल साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, कार्यकारणीय प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष खिलावन साहू, जिला पंचायत सभापति मती कल्पना साहू, तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू,पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू, महासचिव खेम लाल साहू, उपाध्यक्ष गुलाब साहू, मती सरिता साहू, चंद्रिका साहू, पूर्व जिला पंचायत सभापति मोनू साहू, झीट परिक्षेत्र के अध्यक्ष कल्याण साहू, युवा संयोजक गोपेश साहू,सह संयोजक सुरेंद्र साहू, राजू साहू, गायत्री साहू, नगर पालिका अमलेश्वर अध्यक्ष दयानंद सोनकर, पार्षद मालती साहू, ललिता कुमार साहू,हेमलाल साहू, सुखदेव साहू, पूर्व उपाध्यक्ष उमेश कुमार साहू, स्थानीय अध्यक्ष रामनारायण साहू, रामाधार साहू, सोनू साहू, गिरधर साहू, जय साहू,लोकेश साहू,सहित बड़ी संख्या में समाजजन, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# व्यापम की परीक्षाओं में दिव्यांगजनों को सह लेखक की सुविधा के संबंध में दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय व केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्रवेश पात्रता और भर्ती परीक्षाएं जिनका ऑनलाइन आवेदन 01 मार्च 2025 से लिया गया है, उन परीक्षाओं में दिव्यांगजनों को सह-लेखक की सुविधा दिये जाने/अथवा रखे जाने की अनुमति दिये जाने संबंधी विस्तृत निर्देश जारी किये गये हैं। व्यापम के परीक्षा संचालन निर्देशिका के प्रावधान अनुसार दृष्टिबाधित, दोनों हाथ से दिव्यांग (बीए) एवं सेलिब्रल पाल्सी की श्रेणी के परीक्षार्थियों अथवा अन्य श्रेणी के संदर्भित दिव्यांगजन जिन्हें शारीरिक एवं मानसिक अक्षमता के कारण लिखने में शारीरिक बाधा कठिनाई हो, उन्हें मांग करने पर सहलेखक की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसके लिए इन्हें प्रपत्र 1 (ए) या प्रपत्र 1 (बी) में सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, आबंटित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रपत्र-1 (ए) या प्रपत्र 1 (बी) में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही सहलेखक की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। परीक्षार्थी नियमानुसार स्वयं सहलेखक की व्यवस्था कर सकते है अथवा परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष से सहलेखक उपलब्ध कराने हेतु निवेदन कर सकते हैं। परीक्षार्थी को परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन करते समय, वह स्वयं सहलेखक (ओन स्क्राइब) लायेगा अथवा परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष से सहलेखक (एग्जाम सुप्रीटेनडेंट स्क्राइब) की सुविधा चाहता है, में से किसी एक विकल्प को चुनना होगा।

## संपादकीय

### मौसम की भविष्यवाणी अधिक बरसात

**मौसम विभाग** ने औसत से अधिक बरसात की भविष्यवाणी की है। बाढ़ों के खतरे के बावजूद यह अच्छी खबर है। भारत में भयानक गर्मी के बीच भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी ने उम्मीद की किरण जगाई है। उसके अनुसार इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून से औसत से अधिक बरसात की उम्मीद है। देश में दीर्घकालीन औसत के आधार पर 105 प्रतिशत बरसात हो सकती है। जहां यह भविष्यवाणी कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए राहत की खबर है, वहीं यह चेतावनी भी देती है क्योंकि भारी बरसात अक्सर विनाशकारी बाढ़ों का कारण बनती है। 60 प्रतिशत से अधिक खेती के वर्षा-आधारित होने वाले देश में मानसून जीवनरेखा से कम नहीं है। अच्छे मानसून से बेहतर फसलें होती हैं, भूमिगत जल की स्थिति सुधरती है, जल भंडार भर जाते हैं तथा खाद्य पदार्थों के मूल्यों में स्थिरता आती है। इस प्रकार यह लाखों लोगों के जीवन में व खासकर ग्रामीण भारत में खुशी लाती है तथा खाद्य प्रसंस्करण, परिवहन और खुदरा क्षेत्रों में वृद्धि प्रेरित करती है। इस वर्ष की मानसून भविष्यवाणी से मराठवाड़ा तथा तेलंगाना के कुछ क्षेत्रों को लाभ होगा, जबकि ये क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से जल संकट का सामना करते हैं। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद है जो किसानों के लिए बहु-प्रतीक्षित राहत की खबर है जिससे खरीफ फसलों में ज्यादा उपज की उम्मीद है। इसके बावजूद जो मानसून हमारे खेतों को जीवन देता है, वहीं हमारे घरों और शहरों में विभीषिका का कारण भी बन सकता है।

बाढ़ बार-बार आने वाली ऐसी विभीषिका है जिससे जनहानि, ढांचागत संरचनाओं को नुकसान तथा समुदायों का विस्थापन होता है। साल दर साल मुंबई, चेन्नै, पटना और गोहाटी जैसे शहर जलभराव तथा खराब शहरी जलनिकासी व्यवस्था के कारण पीड़ित होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र भी नदियों के किनारे कटने तथा निर्वनीकरण से प्रभावित होते हैं। अवैध कब्जों से भारी बरसात से विनाश और गंभीर हो जाता है। इससे नदियों के किनारे बसे निचले जिलों में अक्सर अचानक बाढ़ तथा भूस्खलन जैसी समस्यायें सामने आती हैं।

इसके साथ ही तमिलनाडु और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में औसत से कम बरसात की भविष्यवाणी है जिससे क्षेत्रीय असमानता बढ़ सकती है। समय आ गया है कि हम बाढ़ को आकस्मिक आपदा के रूप में देखना बंद करें तथा इसे वार्षिक परिघटना समझें। ऐसे में नदियों को जोड़ने जैसी परियोजनायें बाढ़-प्रभावित क्षेत्रों से अतिरिक्त जल सूखा-प्रभावित क्षेत्रों में ले जा सकती हैं। हालांकि, विवादास्पद और विधिक रूप से जटिल होने के बावजूद यदि ऐसी पहलों को स्थाई रूप से क्रियान्वित किया जाए तो ये सभी राज्यों में जल वितरण का संतुलन स्थापित कर सकती हैं। खासकर संकट की संभावना वाले क्षेत्रों में ज्यादा चेकडैम बनाने तथा आधुनिक सेंसरों के माध्यम से वर्तमान के उच्चीकरण से भारी बरसात के समय जल प्रवाह का प्रबंधन हो सकता है। लेकिन बांधों का प्रबंधन वैज्ञानिक तरीके से होना चाहिए। इसके लिए तत्काल डेटा आधारित पानी छोड़ने की प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। आईएमडी की भविष्यवाणियों की सटीकता में काफी सुधार हुआ है, लेकिन स्थानीय अधिकारियों द्वारा शीघ्र चेतावनी पर त्वरित प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। सामुदायिक जागरूकता तथा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण असंख्य जीवन बचा सकता है। इसके साथ ही प्राकृतिक रक्षक जैसे जंगल और दलदल अतिरिक्त वर्षा जल सोख कर पानी का बहाव घटा सकते हैं। इन परिस्थितिकी तंत्रों को पुनर्जीवित करने से अचानक बाढ़ का प्रभाव काफी घटाया जा सकता है। शहरों की जलनिकासी व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। शहरी नियोजन में वर्षा जल संरक्षण अनिवार्य बनाने तथा पुराने स्टार्मवाटर ड्रेन चौड़े करने, साफ करने व उनके नियमित रखरखाव की आवश्यकता है। स्मार्ट सिटी पर बहुत बात हुई है, लेकिन अभी भारी बरसात से पैदा होने वाली समस्यायें दूर नहीं हुई हैं। इन शहरों में प्रभावी जल-निकासी व्यवस्था जरूरी है। मानसून भारत में हर साल आने वाली प्राकृतिक परिघटना है जिसमें निर्माण और विनाश की असाधारण क्षमता है। आईएमडी की भविष्यवाणी को देखते हुए समुचित योजना की जरूरत है ताकि हम इसके लाभ उठा कर संकटों से बच सकें।

# बांग्लादेश में बढ़ती कट्टरता

**पंथनिरपेक्षता और सांस्कृतिक जीवन्तता का प्रतीक समझा जाने वाला बांग्लादेश आज महत्वपूर्ण मोड़ पर है। जमाते इस्लामी जैसे इस्लामवादी कट्टरपंथी समूह फिर अपना प्रभाव बढ़ा रहे हैं जिसके खतरनाक परिणाम सामने हैं।**



हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



एक समय पंथनिरपेक्षता और सांस्कृतिक जीवन्तता का प्रतीक समझा जाने वाला बांग्लादेश आज महत्वपूर्ण मोड़ पर है। जमाते इस्लामी जैसे इस्लामवादी कट्टरपंथी समूह फिर अपना प्रभुत्व बढ़ा रहे हैं जिसके खतरनाक परिणाम सबके सामने आ रहे हैं। ऐसे में मुख्य सवाल यह है कि क्या बांग्लादेश एक बार फिर इस्लामवादी कट्टरपंथ और आतंकवाद का गढ़ बनने जा रहा है? हालांकि, कट्टरपंथ का अर्थ हमेशा आतंकवाद नहीं होता है, लेकिन यह ऐसा विमर्श जरूर तैयार करता है जिसमें असहिष्णुता को बढ़ावा दे कर चरमपंथ को मजबूत किया जाता है। इससे 'अविश्वासी' कहे जाने वाले लोगों के प्रति घृणा फैलती है तथा वे बहुसंख्य कट्टरपंथियों की हिंसा के शिकार बनते हैं।

सवाल यह है कि क्या बांग्लादेश में इस्लामवादी कट्टरता मजबूत हो रही है? इसका कारण यह है कि जमाते इस्लामी व हिफाजते इस्लाम जैसे कट्टरपंथी संगठन बहुत प्रभावी हो गए हैं। जमात ने 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तानी सेना के साथ पूरा सहयोग किया था और मुक्ति संग्राम के नेताओं की हत्या कराने, बलात्कारों और अन्य अत्याचारों में उसकी मिलीभगत थी। इसके साथ ही इसके सदस्यों और नेताओं तथा इससे जुड़े अल बद्र, अल शम्स व रजाकार जैसे संगठनों ने अकथनीय अत्याचार किए थे। 1 अगस्त, 2013 को बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने राजनीतिक पार्टी के रूप में इसका पंजीकरण रद्द कर दिया था। तरीकत फेडरेशन ने अपनी रिट याचिका में कहा था कि जमात एक धर्म-आधारित राजनीतिक पार्टी है जो बांग्लादेश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता में विश्वास नहीं करती है। उसने यह दावा भी किया था कि देश का 'रिप्रजेन्टेशन आफ पीपुल आर्डर' राजनीतिक पार्टी के रूप में किसी सांप्रदायिक संगठन के पंजीकरण की अनुमति नहीं देता है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि जमात को देश की राजनीति में बने रहने का कोई नैतिक आधार नहीं है क्योंकि उसने मुक्ति संग्राम के दौरान अनेक अत्याचार किए थे। इस आदेश के बाद बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने 28 अक्टूबर, 2018 को एक गजट सूचना द्वारा पार्टी का पंजीकरण रद्द कर दिया। 19 नवंबर, 2013 को बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के खिलाफ अपील की जमात की याचिका खारिज कर दी क्योंकि उसके वकील सुनवाई में उपस्थित नहीं थे। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जमात देश के 2014, 2018 और 2024 के संसदीय चुनावों में भाग नहीं ले सकी। इसके साथ ही उसके चार सर्वोच्च नेताओं-अब्दुल कादिर मुल्ला, कमारुज्जमां, अली अहसन मुहम्मद मुजाहिद और मोतिउर रहमान निजामी को फांसी की सजा हो गई तथा अनेक अन्य को जेल की लंबी सजायें हुईं। उनको 2010 और 2012 में इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल एक्ट, 2003 के अंतर्गत गठित अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनलों ने नरसंहार और युद्ध अपराधों का दोषी माना था।

इसके बाद शेख हसीना की सरकार ने जमात तथा उसके छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिविर पर 1 अगस्त, 2025 को आतंकवाद-विरोधी कानून, 2009 के अंतर्गत प्रतिबंधित कर दिया। उनको 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान नरसंहार तथा मानवता के विरुद्ध अपराधों का जिम्मेदार पाया गया था। लेकिन 28 अगस्त, 2024 को मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस आदेश को उलटते हुए कहा कि जमात और शिविर के आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने के कोई प्रमाण नहीं थे। 23 अक्टूबर, 2024 को बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय विभाग ने जमात की अपील स्वीकार कर ली जिसे इसी अदालत ने 19 नवंबर, 2023 को खारिज कर दिया था।

इस बीच जमात पूरी तरह राजनीतिक रूप से सक्रिय हो गई। उसने बैठकों और प्रदर्शनों के साथ अन्य पार्टियों तथा विदेशी राजनयिकों के साथ बैठकें कर आगामी चुनावों में स्वयं को एक प्रमुख शक्ति के रूप में पेश किया। उसकी विचारधारा पूरी तरह स्पष्ट है। उसकी वेबसाइट के अनुसार, 'जमात एक आध्यात्मिक पार्टी के रूप में काम करती है और इस्लाम में आध्यात्मिक जीवन महत्वपूर्ण है। जमात राजनीतिक क्षेत्र में इसलिए काम करती है क्योंकि बिना राजनीतिक शक्ति के इस्लामी कानून लागू नहीं हो सकते हैं।' अवामी लीग सरकार द्वारा महिलाओं को संपत्ति में समान अधिकार देने वाली महिला विकास नीति का विरोध करने के लिए 2010 में हिफाजते इस्लाम का गठन किया गया। उसके पास सड़कों पर उतरने की काफी शक्ति है। वह पूरी तरह भारत-विरोधी है और उसने बांग्लादेश की स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ढाका यात्रा के विरोध में हिंसक प्रदर्शन किए थे। उसके समर्थकों और सदस्यों तथा बांग्लादेश के सुरक्षा बलों और अवामी लीग के समर्थकों के बीच हुई झड़पों में 13 लोग मारे गए थे तथा अनेक अन्य घायल हुए थे। हिफाजत पूरी तरह कट्टरपंथी इस्लामवादी संगठन है जो उसके द्वारा पेश 13 सूत्री मांग पत्र से स्पष्ट है जिसे 5-6 मई, 2013 को ढाका की एक रैली में पेश किया गया था।

इसमें मृत्यु दंड के प्राविधान वाला ईशनिन्दा-विरोधी कानून लागू करने तथा 'इस्लाम का अपमान करने' सभी ब्लागरों व अन्य को कठोर दंड देना, महिला विकास की बांग्लादेश की नीति खारिज करने, सार्वजनिक स्थलों पर मूर्तियां लगाने पर प्रतिबंध, सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं और पुरुषों के एकसाथ आने, कैंडलाइट प्रदर्शनों तथा 'बेशर्म व्यवहार एवं पोशाकों' पर प्रतिबंध के साथ अहमदियों को 'गैर-मुस्लिम' घोषित करने की मांग शामिल हैं। ईटीवी के लिए रैली की कवरेज करने वाली नादिया सरमीन को 'केवल पुरुषों' के आयोजन में आने की हिम्मत करने के लिए निर्मम पिटाई की गई। गंभीर रूप से घायल सरमीन को अन्य पत्रकारों ने किसी तरह बचाया।

मई में आयोजित रैली अत्यधिक हिंसक थी। 6 मई, 2013 को बीबीसी की रिपोर्ट में एक प्रत्यक्षदर्शी को यह कहते हुए बताया गया कि प्रदर्शनकारी 'बहुत आक्रामक थे, कुछ लोग पत्थर फेंक रहे थे जिससे स्थिति जल्दी ही हिंसक हो गई।' अंतरिम सरकार के हिफाजत के साथ नजदीकी और गहरे संबंध हैं। उसने संगठन से प्रतिबंध हटा लिया है। धार्मिक मामलों के सलाहकार एएफएम खालिद हुसेन उसके नायब अमीर हैं। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने 31 अगस्त, 2024 को संगठन के प्रमुख मामनुल हक के साथ लंबी बैठक की। हिफाजत पूरे देश में रैलियां और प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, जमात या हिफाजत स्पष्ट रूप से आतंकी हिंसा में शामिल नहीं हैं। लेकिन वे कट्टरपंथी सिद्धान्तों को सम्मान देते हुए अन्य कट्टरपंथी संगठनों को शक्ति प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उनका एक प्रमुख राजनीतिक लक्ष्य बांग्लादेश के मध्यमार्गी और उदारवादी विचारों को नुकसान पहुंचाना है।

इनको रवीन्द्रनाथ टैगोर तथा देश के सही सोच वाले अनेक बुद्धिमान लेखकों, रहस्यवादी कवियों और कलाकारों ने स्वरूप दिया है। एक आध्यात्कि नेता, दार्शनिक, रहस्यवादी कवि एवं समाज सुधारक लल्लन ने 'वेल्अनशुनाग' दर्शन दिया है जिसमें भक्ति आंदोलन व सूफीवाद के तत्व शामिल हैं। उन्होंने जाति, वर्ग, नस्ल तथा दार्शनिक टकरावों का विरोध किया है। लेकिन नादिया नरसिंगपुर में लल्लन मेले में साधुओं के एक समूह पर 22 नवंबर, 2024 को प्रतिबंध लगा दिया गया। जिला प्रशासन ने आयोजन रद्द करने या कट्टरपंथियों का गुस्सा झेलने को तैयार रहने को कहा था।

इसी प्रकार वार्षिक बंगाली कैलेंडर के पहले दिन 'पोइला बैशाख' को मनाने पर रोक लगा दी गई जो बांग्लादेश के सांस्कृतिक परिदृश्य का महत्वपूर्ण अंग है। 13 अप्रैल, 2025 को चिटगांव शहर में इस उद्देश्य से बनाए एक मंच को नष्ट कर दिया गया। हालांकि, पहले जिला प्रशासन ने समय घटा कर इस आयोजन की अनुमति दी थी। ढाका में 13 और 14 अप्रैल को एक थियेटर ग्रुप द्वारा नाटक 'शेषेर कोबिता' को नहीं होने दिया गया। इसके पहले 10 फरवरी, 2025 को 'तौहीदी जनता' नामक समूह ने तस्लीमा नसरीन की किताबें रखने के कारण एक पुस्तक मेले को रोक दिया था। लेकिन पुलिस ने हमलावरों पर कार्रवाई के बजाय स्टाल बंद करवा कर प्रकाशक शताब्दी बोबो को गिरफ्तार कर लिया। इन घटनाओं से बांग्लादेश के भविष्य के बारे में चिन्ता पैदा हो गई है।

# सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्यपाल की शक्तियों का वरण



चन्द्र शेखर गंगराड़े
पूर्व प्रमुखसचिव
छत्तीसगढ़ विधानसभा

**संसदीय** लोकतंत्र में विधायिका कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के कर्तव्यों अधिकारों एवं शक्तियों के संबंध में विस्तार से पृथक-पृथक उल्लेख संविधान में किया गया है और इसे शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धान्त कहा गया है। इन तीनों अंगों के मध्य में समन्वय और सामंजस्य बना रहे इसीलिए संविधान निर्माताओं ने संविधान में इन तीनों निकायों के कार्यों अधिकारों एवं शक्तियों का निर्धारण कर दिया था लेकिन तमिलनाडु सरकार द्वारा राज्यपाल द्वारा विधेयकों पर अनुमति न देने के कारण सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जे सी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने 8 अप्रैल को निर्णय पारित किया। जिस पर काफी प्रतिक्रियाएं सामने आयी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश के परिप्रेक्ष्य में संवैधानिक स्थिति यह है कि विधानसभाओं का गठन संविधान के अनुच्छेद 168(1) के अनुसार राज्यपाल और जिन राज्यों में दो सदन हैं वहाँ विधान सभा और विधान परिषद को मिला कर तथा शेष राज्यों में विधानसभा से मिलकर बनेगा। संवैधानिक प्रावधानों के तहत राज्य शासन जो भी विधेयक लाना चाहती हैं वह तभी पारित एवं अधिनियमित माना जाएगा। जब वह विधानमंडल से पारित एवं राज्यपाल से अनुमति प्राप्त हो किंतु इस मामले में राज्यपाल के अधिकारों का वरण सुप्रीम कोर्ट ने कर लिया है और विधेयकों को अनुमति प्रदान कर दी है। विधायी प्रक्रिया के संबंध में संविधान में स्पष्ट उल्लेख है कि कोई विधेयक विधानमंडल द्वारा पारित होने के बाद राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और राज्यपाल घोषित करेगा कि वह विधेयक पर अनुमति देता है या अनुमति रोक लेता है अथवा विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखता है। किंतु संविधान में यह प्रावधान नहीं है कि राज्यपाल को कितनी अवधि के भीतर अनुमति दे देना चाहिए। इसलिए ऐसे मामले जिनमें राज्यपालों के अधिकारों में कटौती की जाती है उस स्वरूप के विधेयकों पर राज्यपाल अनुमति रोक लेते हैं। लेकिन राज्य सरकारों को भी यह विचार करना चाहिए की जिन मामलों में राज्यपाल को अधिकार पूर्व से प्रदत्त हैं उन मामलों में राज्यपाल पद की गरिमा बनी रहे इसलिए उनके अधिकारों को कम करने जैसे मामलों से बचना चाहिए ताकि विवाद की गुंजाइश न रहे। यहाँ इस बात पर भी विचार करना लाज़मी है कि आखिर संविधान निर्माताओं ने विधान मंडलों द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपाल की अनुमति का प्रावधान और समय सीमा का प्रावधान क्यों नहीं रखा। जब बहुमत प्राप्त सरकार द्वारा पारित विधेयक को ही अंतिम मानना है तो राज्यपाल की अनुमति की आवश्यकता का प्रावधान क्यों रखा गया। क्या बहुमत प्राप्त दल कोई भी विधेयक पास कर दे तो उस पर अनुमति देना राज्यपाल के लिए बंधनकारी है? और यदि बंधनकारी है तो राज्यपाल की अनुमति की आवश्यकता के प्रावधान की क्या आवश्यकता है? इसके पीछे संविधान निर्माताओं ने गहन विचार-विमर्श उपरांत ही यह प्रावधान शामिल किया होगा। यदि राज्यपाल को समय सीमा में अनुमति देना आवश्यक ही है तो अनुच्छेद 200एवं 201 की कोई प्रासंगिकता नहीं है इसलिए उसे हटा देना चाहिए ताकि जिस दिन विधेयक विधानसभा में पारित हो अगले दिन सरकार उसे लागू कर दे। इस बात पर भी विचार करने की ज़रूरत है कि आखिर उन विधेयकों में ऐसी क्या बात थी जिसके कारण राज्यपाल ने अनुमति नहीं दी और उनसे कौन सा जनहित प्रभावित हो रहा था? उक्त सभी 10 विधेयक विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली से संबंधित थे जिनमें राज्यपाल की भूमिका,उनकी शक्तियों तथा अधिकारों को कम करने का प्रावधान था। संभवतः इसी कारण राज्यपाल ने अनुमति रोक कर रखी थी। इसलिए संविधान में शक्ति पृथक्करण का जो प्रावधान निर्धारित किया गया है ज़रूरी है कि सभी पक्ष उसका पालन करें और परस्पर एक दूसरे के अधिकारों शक्तियों का सम्मान करें ताकि इस प्रकार के विवाद की स्थिति निर्मित नहीं हो और आपस में परस्पर विश्वास की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करने पर विचार करना चाहिए।



# अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति में दशकीय वृद्धिः सशक्तिकरण और चुनौतियां

पिछले दशक में, भारत में अल्पसंख्यक छात्रवृत्तियों ने सामाजिक सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण साधनों के रूप में काम किया है, जो हाशिए पर पड़े समुदायों द्वारा सामना किए जाने वाले शैक्षिक विभाजन को पाटने का प्रयास कर रहे हैं। सबसे प्रभावशाली पहलों में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति और प्रधानमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना (पीएमएसएसएस) है, जिसने कार्यान्वयन में प्रणालीगत चुनौतियों को उजागर करते हुए अनगिनत जीवन बदल दिए हैं। ये कार्यक्रम, अन्य केंद्रीय और राज्य योजनाओं के साथ, भारत के शिक्षा परिदृश्य में सकारात्मक कार्रवाई की संभावनाओं और सीमाओं दोनों को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना जम्मू और कश्मीर के छात्रों को शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। हालाँकि यह योजना केवल अल्पसंख्यकों के लिए नहीं है, लेकिन इस योजना ने मुस्लिम छात्रों को बहुत ज़्यादा लाभ पहुँचाया है, जो इस क्षेत्र में बहुसंख्यक हैं। पीएमएसएसएस जम्मू और कश्मीर के बाहर स्नातक अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य छात्रों को भारत भर में मुख्यधारा के संस्थानों में एकीकृत करना है। पिछले एक दशक में, इस कार्यक्रम ने 25,000 से अधिक छात्रों को प्रतिष्ठित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। फिर भी, इस योजना को अन्य राज्यों में कश्मीरी छात्रों द्वारा आवास प्राप्त करने में कठिनाइयों सहित रसद चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। लाभार्थियों के साथ साक्षात्कार में मिश्रित तस्वीर सामने आई है-जबकि कई लोग वित्तीय सहायता की प्रशंसा करते हैं, अन्य नौकरशाही की उदासीनता की बात करते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण पहल अल्पसंख्यकों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति है, जो उच्चतर माध्यमिक और स्नातक शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए है। पिछले एक दशक में, इस योजना ने हजारों छात्रों को कॉलेजों और विश्वविद्यालयों तक पहुँचने में सक्षम बनाया है, हालाँकि धन वितरण में देरी एक आवर्ती मुद्दा रहा है। सेंटर फॉर बजट एंड गवर्नेंस अकाउंटेबिलिटी द्वारा 2019 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि लाभार्थियों की संख्या में सालाना वृद्धि हुई, लेकिन कुछ आवेदकों को भुगतान में देरी का सामना करना पड़ा। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में, जहाँ अल्पसंख्यक साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से पीछे है, छात्रवृत्ति शिक्षा के माध्यम से गरीबी के चक्र को तोड़ने के इच्छुक छात्रों के लिए जीवन रेखा रही है। ये दोनों छात्रवृत्तियाँ भारत में अल्पसंख्यक शिक्षा योजनाओं की दोहरी वास्तविकता का उदाहरण हैंः वे सिद्धांत रूप में परिवर्तनकारी हैं लेकिन व्यवहार में अक्सर समस्याग्रस्त होती हैं। उदाहरण के लिए, प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति ने अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम लड़कियों के बीच स्कूल नामांकन दरों में सुधार किया है। जमीनी स्तर के अध्ययनों से संकेत मिलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन छात्रवृत्तियों के बारे में जागरूकता बढ़ी है और आवेदन प्रक्रिया में भी तेजी आई है।डिजिटल ज्ञान की कमी के कारण, ग्रामीण भारत में परिवारों के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया अक्सर बोझिल रही है। इसी तरह, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति ने छात्रों को चिकित्सा और इंजीनियरिंग में प्रवेश करने में सक्षम बनाया है, खासकर निम्न-मध्यम वर्ग की पृष्ठभूमि से जो बेहद गरीब के रूप में योग्य हैं और अभी भी शिक्षा की लागत से जूझ रहे हैं।जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं, बेहतर आउटरीच और सख्त जवाबदेही तंत्र की आवश्यकता तेजी से स्पष्ट होती जा रही है। पिछले दशक ने साबित कर दिया है कि अल्पसंख्यक छात्रवृत्तियाँ जीवन बदल सकती हैं, लेकिन उनकी पूरी क्षमता का दोहन नहीं हो पाया है। शिक्षा को सही मायने में लोकतांत्रिक बनाने के लिए इन पहलों को केवल वित्तीय सहायता से आगे बढ़कर समग्र सहायता प्रणाली बनना होगा, न केवल आर्थिक बाधाओं को संबोधित करना बल्कि अल्पसंख्यक छात्रों के सामने आने वाली सामाजिक और मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी समाधान करना होगा।

**-मो. सलीम, पीएचडी, जामिया मिलिया इस्लामिया**

## मनमानी फीस

**दिल्ली सरकार** ने मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर कार्रवाई शुरू कर दी है जो निश्चित तौर पर एक सराहनीय कदम है । शिक्षा जगत में आए बदलावों से प्राइवेट स्कूलों का बोलबाला बढ़ा है और उनकी मनमानी भी बढ़ी है। प्राइवेट स्कूलों की बढ़ती संख्या और उनके बढ़ते प्रभाव ने शिक्षा को व्यवसाय का रूप दे दिया है। उच्च गुणवत्ता और सुविधाओं के नाम पर ये स्कूल मनचाही फीस वसूलते हैंए जिससे मध्यवर्गीय और गरीब परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। दिल्ली सरकार की इस पहल से यह संदेश गया है कि शिक्षा का व्यवसायीकरण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार द्वारा पारदर्शिता लाने, नियमों के तहत फीस तय करने और मनमानी पर रोक लगाने के प्रयास सराहनीय हैं। आवश्यक है कि अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा लें और शिक्षा व्यवस्था को अधिक न्यायसंगत और जन-हितैषी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। इस तरह के मॉडल को अपनाकर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और समान अवसर सुनिश्चित किए जा सकते हैं। समतामूलक समाज अच्छी और सुलभ शिक्षा से ही संभव है।

**- नितिन रावत, फ़िरोज़ाबाद**

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# मरार समाज द्वारा आदर्श विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार (पटेल) समाज, राज धमधा (तेलगा) द्वारा समाज के सांस्कृतिक धरोहर और मूल्यों को सहेजते हुए ग्राम मावली मंदिर प्रांगण मे आदर्श विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम की शुरुवात पटेल समाज के आराध्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ शुरुवात हुई द्य तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का श्रीफल साल एवं मोमेंटो भेटकर सम्मानित किया गया।

मरार (पटेल) समाज की एकता, सादगी और समरसता अनुकरणीय है : विधायक दीपेश साहू

ग्राम तेलगा में आयोजित आदर्श विवाह समारोह में आज क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू ने मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होकर मरार (पटेल) समाज को उनके सादगीपूर्ण और संगठित सामाजिक आयोजन हेतु बधाई दी। विधायक साहू ने अपने संबोधन में कहा, यह आयोजन केवल विवाह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सादगी और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मरार (पटेल) समाज द्वारा किया गया यह प्रयास वास्तव में अनुकरणीय है और अन्य समाजों के लिए प्रेरणास्रोत है।उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को उनके नए जीवन के प्रारंभ पर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि, आप सभी का वैवाहिक जीवन सुखद, समृद्ध, स्नेहमयी और संस्कारों से परिपूर्ण हो, यही मेरी हार्दिक कामना है। विधायक साहू ने यह भी कहा कि, मरार समाज ने सदैव कृषि, संस्कृति और सेवा के क्षेत्र में राज्य और देश को दिशा देने का कार्य किया है। समाज की एकता, सहयोग और संगठित प्रयास, आने वाले समय में इसे और अधिक सशक्त बनाएंगे। अंत में उन्होंने कहा, मैं समाज की हर सकारात्मक पहल के साथ सदैव खड़ा रहूँगा। मरार समाज की प्रगति, युवा शक्ति का मार्गदर्शन और सांस्कृतिक मूल्यों की सुरक्षा के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। यह आयोजन समाज में परंपरागत आदर्शों, सादगीपूर्ण जीवनशैली और सामूहिकता की भावना को सशक्त करता है।

कार्यक्रम मे तेजराम पटेल महासंघ अध्यक्ष, कोसरिया मरार (पटेल) समाज, कल्पना योगेश तिवारी अध्यक्ष, जिला पंचायत बेमेतरा, रेखा पोषण सिन्हा सदस्य, जनपद पंचायत बेरला, भगवती प्रसाद पाटिल, राजा ठाकुर, धमधा राज (तेलगा), हरिशचंद देवांगन सरपंच, ग्राम पंचायत तिलई कीर्ति साहू उपसरपंच, ग्राम पंचायत तिलई मीनू पटेल भाजपा नेत्री अनीता मिश्रा भाजपा नेत्री एवं ग्राम पंचायत तिलई के समस्त पंचगण मरार (पटेल) समाज के कई प्रतिष्ठित पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# बोरिया रंग महोत्सव में बेमेतरा के गोकुल को लाईफ टाईम एचीव्हमेंट अवार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




सतनाम सँगम पँथी नवयुवक मँडल, ग्राम पँचायत एवं समस्त ग्रामवासी बोरिया (बेरला) जिला बेमेतरा द्वारा आयोजित दो दिवसीय बोरिया रँग महोत्सव एवं मडई मेला समारोह में विविध सामाजिक, साँस्कृतिक, साहित्यिक, धार्मिक, शैक्षणिक, खेलकूद एवं अन्य क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ के माटी की सौंधी खुशबू को राष्ट्रीय एवं अँतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में अपने विशेष योगदान प्रदान करने हेतु बेमेतरा निवासी डॉ. गोकुल बँजारे चँदन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त आदर्श सेवा निवृत्त शिक्षक कवि साहित्यकार कलाकार को मुख्य अतिथि दीपेश साहू विधायक बेमेतरा विधानसभा, विशिष्ट अतिथि कल्पना योगेश तिवारी जिला पँचायत अध्यक्ष बेमेतरा, डॉ. चुरामन सिंह साहू बेरला, कार्यक्रम अध्यक्षता मोना सेन अध्यक्ष छ.ग. राज्य केशशिल्प कल्याण बोर्ड, कार्यक्रम सँयोजक पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले प्रदेश कार्य समिति भाजपा सदस्य छ.ग., प्रहलाद रजक अध्यक्ष छ.ग. रजककार विकास बोर्ड, अवधेश चँदेल पूर्व विधायक बेमेतरा, योगेश तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिन्दू सनातन सँगठन एवं भाजपा किसान नेता, कामता प्रसादशरण कथाकार व सरपँच बोरिया बिरेन्द्र टँडन सहित समस्त अतिथियों के करकमलों लाईफ टाईम एचीव्हमेंट अवार्ड सह शाल श्रीफल मैमेन्टो व अभिनन्दन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलाकार नरोत्तम लाल साहू, बिशाल सिंह ध्रुवे, भुवन जाँगडे, महेश्वर श्रीवास, थानू राम यादव, बलदाऊ देवांगन, रघुबीर नेताम, आदि ने हर्ष व्यक्त की। भूपेंद्र कुमार चाणक्य एवं भोज बँजारे ने मँच सँचालन किया। इस अवसर पर मडई मेला में क्षेत्र के हजारों दर्शक गण व कलाकार उपस्थित रहे।

# भाजपा के राज में दम तोड़ रही मनरेगा कानून : केशव बंटी हरमुख

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



गरीब जरूरतमंद लोगों को सौ दिन का रोजगार मुहैया कराए जाने के उद्देश्य में 7 सितंबर 2005 को तात्कालिक केन्द्र को यूपीए सरकार द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अब छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के राज में दम तोड़ते नजर आ रही है। आलम ये है कि इस बार के बजट में राज्य सरकार ने न तो इस योजना के लिए कोई प्रावधान किया है और न ही मनरेगा मजदूरों के लिए कोई नया बजट में शामिल नहीं किया है, जिससे प्रदेश सहित जिले के कृषक मजदूरों के साथ मनरेगा के मजदूरों कर्मचारियों में भारी निराशा देखने को मिल रहा है। उक्त बातें श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख ने जारी बयान में कहीं। उन्होंने कहा कि पूर्व में हमारी कांग्रेस की सरकार लगातार 5 सालों तक मनरेगा के सभी मजदूरों को भरपीर काम दिया और तो और ज़ब देश कोरोना काल में था तब भी प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगातार श्रमिक मजदूरों के लिए विभिन्न योजना बनाकर उन्हें लाभ दिलाया। भाजपा की सरकार श्रमिकों के लिए कोई योजना भी नहीं बनाई पाई है। मनरेगा के मजदूरों ने बताया की गर्मी के दिनों में हमें काम दिया जाता था लेकिन इस बार मनरेगा में हमें काम नहीं दिया जा रहा है इस संबंध में उन्होने कई बार शासन-प्रशासन से निवेदन भी किया है। हरमुख ने कहा कि एक तरफ तो भाजपा की सरकार गांव, गरीब और मजदूरों की बात करती है और दूसरी तरफ छोटे-छोटे कर्मचारियों व मजदूरों का हक मार रही है जो निश्चित रूप से मनरेगा के मजदूरों व कर्मचारियों और अल्प मानदेय में गुजारा करने वाले उनके आश्रितों पर अन्याय है। वोतो कांग्रेस की सरकार की दूरदर्शिता थी कि उन्होंने मजदूरों के हित को ध्यान में रखते हुवे मनरेगा को केवल योजना नही बल्की कानून बनाया अन्यथा भाजपा की सरकार इसे कब से बंद कर देती। हरमुख ने शासन से जल्द से जल्द मनरेगा कार्य प्रारंभ करवाने की बात कही है। अगर सरकार मजदूरों को मनरेगा के तहत रोजगार नही दे रही तो मनरेगा के प्रावधानों के तहत मुआवजा प्रदान करे।

# दो दिवसीय रंग महोत्सव एवं मंडल मेला कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरिया में सतनाम संगम पंथी दल समिति द्वाराआयोजित दो दिवसीय मोरिया रंग महोत्सव या मंडई मेला में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, उपस्थित हुए इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि रंग महोत्सव हमारे धार्मिक संस्था का एक प्रमुख केंद्र है तथा गांव में एक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। साथ ही छत्तीसगढ़ के होनहार कलाकारों का सम्मान भी किया गया। जिससे हमें सीख मिलती है कि अपने गांव में भाईचारा एकता, बनाए रखने के लिए रंग महोत्सव पर्व को त्योहार के रूप में मनाया जाता है। रंग महोत्सव तथा मंडई मेला में हम अपनी संस्कृति को समृद्ध करते हैं तथा इससे न केवल आपसी भाईचारा बढ़ता है बल्कि गांव में रौनकता भी आती है। बाबा गुरु घासीदास की आराधना पूरे संसार में की जाती है और इसी की आराधना आज हमारे ग्राम में हो रही है जो अत्यंत ही हर्ष का विषय है तथा आयोजन समिति को मैं इसके लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। इस कार्यक्रम में उपस्थित पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले रवि परगनिहा अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बेरला रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला उषा सोनवानी सदस्य जिला पंचायत दुर्ग राम सींग गायकवाड सदस्य जनपद पंचायत बेरला अर्चना देश लहरे सदस्य जनपद पंचायत बेरला कुमार दास डेहरिया बिरेंद्र टंडन सरपंच ग्राम पंचायत बोरिया चेतन बघेल सूरज बघेल द्वारिका पाल सुधीर बंजारे हरि पाल संतोष चौबे गोरे टंडन जितेंद्र जोशी आनंद डेहरे मुक्तरण कोशरे चेतन दास बघेल सुखदेव टंडन राम सोहागिल टंडन सहित मंचस्थ पंथी मण्डली सहित भारी संख्या में ग्रामवाशी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जंगल बचाने और जल संकट से राहत पाने ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह की टीम लोगों को कर रही प्रेरित

**दल्लीराजहरा।** बरसात से पहले जिले के जंगल में हर्रा बहेड़ा के, 500 सीड डाले गए। यह काम दल्लीराजहरा के ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह एवं उनकी टीम कर रही है। उनके साथ इस काम में कई स्थानीय लोग भी जुड़े हुए हैं। वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आसपास से करंज, नीम और कुसुम के बीज भी एकत्र किए जा रहे हैं इन बीजों को जंगलों में डाला जाएगा। इसका एक मकसद सिर्फ हरियाली बढ़ाना है। वीरेंद्र सिंह ने कहा कि दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ रही है इसका मुख्य कारण वनों की कटाई है व जंगलों में मानव का कब्जा बढ़ता जा रहा है वहीं आग लगने से जंगल नष्ट हो रहे हैं। इससे जल स्तर नीचे जा रहा है उन्होंने बताया कि बीज बिखेरने का काम बारिश से पहले किया जा रहा है ताकि बारिश के साथ बीज अंकुरित हो सके। ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह की टीम लोगों को भी प्रेरित कर रही है की हर कोई अपने स्तर पर बीज एकत्रित कर जंगल में डाल सकता है, इससे पर्यावरण को बचाने में काफी मदद मिलेगी। यह काम किसी एक व्यक्ति का नहीं है बल्कि सभी को मिल जुल कर यह काम करना होगा तभी जंगल बचेंगे और जल संकट से राहत मिल पाएगी।





# सरकारी अस्पताल बीमार, अव्यवस्था से भड़कीं अध्यक्ष निकाय से पानी टैंकर भेजकर मरीजों को पहुंचाई राहत



**डोंगरगांव** नगर। नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई एवं पेयजल व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। आलम ये है कि मरीजों को स्वयं हो पीने के लिए पानी लेकर जाना होता है। इस आशय की लगातार शिकायतो के मद्देनजर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर सफाई व पेयजल जैसे बुनियादी व्यवस्था का जायजा लिया। त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों से रूबरू हुई तो मरीजों ने सरकारी अस्पताल की हाल बयाँ की। मरीजों ने अस्पताल को ही बीमार बताते हुए सफाई व पेयजल व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। ऐसे हाल ए बयाँ से भड़की अगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने जिले के अफसरों एवं ड्यूटी डॉक्टर्स को फोन लगाया तो संपर्क नहीं होने पर तत्काल ही निकाय से पानी टैंकर मुहैया कराते हुए राहत प्रदान की।

## स्वास्थ्यमंत्री से शिकायत की चेतावनी

त्रिपाठी ने व्यवस्था सुधारने के लिए तहसीलदार नाग से भी चर्चा की, तब तहसीलदार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था नहीं सुधरने पर स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत की चेतावनी दी है।

# कोड़िया में बाल संदर्भ शिविर का किया आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

पोषण मुक्त ग्राम पंचायत कोडिया में बाल संदर्भ शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें हनोदा सेक्टर के चयनित ग्राम पंचायत कोडिया, कातरो, भानपुरी के कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य जाँच एवं दवाई वितरण किया गया, कुपोषण के तीनों प्रकार जिसमें कम वजन के गंभीर एवं संकट ग्रस्त बच्चे, उम्र अनुसार कम ऊंचाई के संकट ग्रस्त बच्चे जो बौनेपन से ग्रसित है तथा ऊंचाई अनुसार कम वजन के बच्चे जो कि एमएएम एवं एसएएम श्रेणी में आते हैं। उनका जाँच किया गया, सभी उपस्थित पालकों से कुपोषण के बारे में जागरूक रहने और अपने बच्चे की सही देखभाल करने, पोषण व्यवहारों को अपनाने की बात कही गई। बच्चो को बाहर की चीज़े न खिलाने और घर पर ही पोषण खजानी रखने जिसमें चना फल्ली गुड़, रेडी का व्यंजन बनाकर खाने, अंकुरित चना फल्ली मुंग नियमित खाने की सलाह दी गई, गर्मी के मौसम में बच्चों की अतिरिक्त देखभाल करने, बाहर के कुरकुरे चिप्स और पेप्सी बच्चो को नहीं खिलाने समझाया गया, उसके स्थान पर गर्मी से बचाव के लिए आम का पना, छाछ, सत्तू पिलाने बताया गया। कुल 59 संकट ग्रस्त एवं गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य जाँच किया गया। इस दौरान ग्राम सरपंच खुमान निषाद, पंच तिलक निषाद, चिकित्सक आरएमए अनिता पटेल, पर्यवेक्षक सोनल सोनी, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता सावित्री साहू, लेखा चंद्राकर, शशि देवांगन, पुष्पा ओझा, सुषमा साहू, गोमती साहू, आरती साहू, लता त्रिपाठी, कम्लेश्वरी एवं सभी बच्चों के पालक उपस्थित थे।

# जायसवाल समाज ने नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया



**दल्लीराजहरा।** जायसवाल समाज द्वारा मंगलवार शाम 06 बजे जायसवाल भवन वार्ड क्रमांक 19 में नव निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पीआईसी सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया हैं। समाज के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल व संगठन मंत्री श्याम जायसवाल, राकेश जायसवाल नगरपालिका कार्यालय पहुंच जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश जयसवाल करेंगे।

# कबीरधाम को मिली सुरक्षा की नई ढाल : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास से फायर ब्रिगेड की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




जिले को आगजनी की घटनाओं से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों से एक महत्वपूर्ण सुविधा के रूप में दो फायर ब्रिगेड की सौगात मिली है। यह सुविधा न केवल जिलेवासियों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करेगी, बल्कि आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान कर जनहित में मील का पत्थर साबित होगी। कवर्धा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुषमा बघेल ने इस अभूतपूर्व पहल के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिले में लंबे समय से फायर ब्रिगेड की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, और अब यह सुविधा मिलना एक बड़ी राहत है। आगजनी की घटनाओं में अक्सर जन-धन की हानि होती थी, लेकिन अब समय रहते आग पर काबू पाया जा सकेगा। बघेल ने कहा कि यह फायर ब्रिगेड न केवल कवर्धा शहर तक सीमित रहेगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर पूरे कबीरधाम सहित आसपास के गांवों में भी सेवा दे सकेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों को भी इसका लाभ मिलेगा और जनसुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी। इस नई व्यवस्था के लिए जिलेवासी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं और उम्मीद जताते हैं कि उनके नेतृत्व में कबीरधाम विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# नियमित कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों की समस्याओं के संबंध में खदान समूह के पंजीकृत यूनियन नेताओं की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राजहरा खदान समूह के पंजीकृत यूनियन के नेताओं की एक बैठक एटक कार्यालय भवन में रखी गई थी। जिसमें सभी 06 यूनियन के नेता उपस्थित थे बैठक नियमित कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों की समस्याओं के संबंध में रखी गई थी कि किस तरह राजहरा टाउनशिप में वहां के अधिकारियों द्वारा मनमर्जी की जा रही है और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। सिर्फ और सिर्फ अपने चहेते लोगों को नियम विरुद्ध क्वार्टर आबंटन किया जा रहा है। एक तरफ नगर प्रशासन अधिकारी द्वारा नियमित कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय टाउनशिप में चल रहे ठेकों में ज्यादा ध्यान दें रहें, मगर यहां गौर करने वाली बात यह है कि उनके ज्यादा ध्यान देने से उसका लाभ नियमित कर्मचारियों को नहीं हो रहा है। उसका लाभ सिर्फ और सिर्फ ठेकेदार को हो रहा है, जो कि जांच का विषय है। जबसे नगर प्रशासन अधिकारी ने टाउनशिप में पदभार लिया है यहां की स्थिति बद से बद्तर हो चुकी है। टाउनशिप में पहली बार पानी खोलने के ठेके में नगर प्रशासन अधिकारी द्वारा ठेका श्रमिकों का इंटरव्यू लिया गया, जबकि यह कार्य ठेकेदार का था मगर नगर प्रशासन अधिकारी सिर्फ ठेकेदार का कार्य करने में लगे हुए हैं और उस इंटरव्यू में जमकर भ्रष्टाचार किया गया और नगर प्रशासन अधिकारी ने अपने पसंदीदा श्रमिकों को कार्य पर रख लिया है, जो कि विवाद का कारण बना हुआ है और इंटरव्यू का क्या मापदंड था, किसी को जानकारी नहीं दी गई है। जिस ठेके में नगर प्रशासन अधिकारी ने इंटरव्यू लेकर श्रमिकों की भर्ती की उसमें रोज 14 श्रमिकों को कार्य पर रखा जाना है। मगर ठेकेदार द्वारा रोजाना सिर्फ 10 श्रमिकों को कार्य पर भेजा जाता है, मगर नगर प्रशासन अधिकारी और ठेकेदार की क्या आपसी सहमति है कि ठेकेदार के ऊपर किसी भी प्रकार की पेनाल्टी नहीं लगाई जा रही है जो जांच का विषय है। संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं ने आगे बताया कि राजहरा खदान समूह में सुरक्षा गार्डो का ठेका भी चलता है और जिसकी देखरेख करने की जिम्मेदारी भी नगर प्रशासन विभाग के अधिकारी की है मगर यहां भी खुलकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इस ठेके में नगर प्रशासन अधिकारी और ठेकेदार द्वारा मिलकर जो सुरक्षा गार्ड ठेके में कार्य ही नहीं करता है उसका नाम फर्जी तरीके से मास्टर रोल में डालकर बिल निकाल लिया गया है, जो कि कंपनी के साथ धोखाधड़ी है और आपराधिक मामला है, इसकी भी जांच होनी चाहिए। साथ ही वर्तमान ठेके में ठेकेदार द्वारा सुरक्षा गार्डो का वेतन समय से नहीं किया जा रहा है। दो दो महीने से सुरक्षा गार्डो का वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है और नगर प्रशासन अधिकारी किसी भी तरह की कार्यवाही करते नजर नहीं आ रहें हैं। दूसरी तरफ नगर प्रशासन अधिकारी द्वारा सुचारू रूप से चल रहें सुरक्षा गार्ड के ठेके को बार बार विवादित किया जा रहा है जिसका ताजा उदाहरण है। अभी कुछ दिन पूर्व नगर प्रशासन अधिकारी द्वारा स्वयं सुरक्षा गार्डो का ड्यूटी चिट द्वारा निकाल कर तय किया गया मगर दो दिन बाद फिर अपने ही निर्णय को नियम विरुद्ध पलडते हुए कुछ सुरक्षा गार्डो का बिना चिट निकालें ही ड्यूटी पोस्ट चेंज कर दिया गया है, जिससे बाकी सुरक्षा गार्डो में नाराज़गी बनी हुई है। नगर प्रशासन विभाग द्वारा राजहरा टाउनशिप में इलेक्ट्रीकल मेनटेनेंस का भी ठेका चलता है वहां भी नगर प्रशासन अधिकारी द्वारा सुरक्षा के मापदंडों का खुलकर उल्लंघन किया जा रहा है। इस ठेके में एक भी ठेका श्रमिक स्कील्ड नहीं सभी को सेमी स्कील्ड की श्रेणी में रखा गया है, जिनका कार्य सिर्फ और सिर्फ स्कील्ड श्रमिक की मदद करना है, सहयोग करना है, मगर यहां नगर प्रशासन अधिकारी द्वारा इनसे दबाव पूर्वक स्कील्ड श्रमिक का कार्य करवाया जा रहा है। जो कि गंभीर रूप से सुरक्षा के मापदंडों का उल्लंघन है। अगर स्कील्ड का कार्य करते किसी ठेका श्रमिक का कोई दुर्घटना हो जाता है तो उसकी जिम्मेदारी नगर प्रशासन अधिकारी लेंगे, यहां सिर्फ ठेका श्रमिकों की जान को दांव पर लगाया जा रहा है। संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं ने आगे बताया कि नगर प्रशासन विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार यही समाप्त नहीं होती है राजहरा टाउनशिप के संपदा विभाग में क्वार्टर आबंटन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और संपदा विभाग में पदस्थ महेन्द्र कछवाहा जो लगभग 07 सालों से डटे हुए हैं और उच्च अधिकारी इस पर मौन सहमति देते नजर आ रहे हैं, जो बहुत ही चिंताजनक है। अभी कुछ दिनों पूर्व समाचार-पत्रो के माध्यम से पता चला कि महेन्द्र कछवाहा द्वारा अपने कार्यालय में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया था, मगर प्रबंधन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। अभी ऐसी जानकारी मिली है कि महेन्द्र कछवाहा अधिकारी बनने के बाद भी कर्मचारियों के क्वार्टर में रहते हैं जबकि 4डी टाईप आवास खाली पड़े हुए हैं, महेन्द्र कछवाहा एक क्वार्टर तो कर्मचारियों का स्वयं रखें हुए और दूसरा एक टाउनशिप के मुख्य स्थान पर स्थित क्वार्टर को बिना किसी कारण के अस्थायी एलाट करा कर रखें हुए है, जबकि टैंपरेरी अलाटमेंट का नियम है कि अगर परिवार में किसी तरह का कोई कार्यक्रम है तो आप टेपरेंरी रूप से क्वार्टर ले सकते है मगर महेन्द्र कछवाहा द्वारा ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि इस मकान के लिए नियमित कर्मचारी ने आवेदन दिया था। इसलिए जानबूझकर इस मकान को टैंपरेरी अलाटमेंट कर वैकेंड लिस्ट से हटाया गया है ताकि इस मकान के आबंटन में भ्रष्टाचार किया जा सकें। नगर प्रशासन कार्यालय की स्थिति ऐसी है कि नियमित कर्मचारियों के क्वार्टर का मरम्मत कार्य नहीं हो रहा है, क्वार्टर पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं खिड़की दरवाजे सब टूट चुके हैं कोटी यार्ड का दिवाल बहुत से मकानों का गिरने के कगार पर है मगर सालों से शिकायत करने पर भी मरम्मत कार्य नहीं किया जा रहा है। जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। टाउनशिप की सड़कों का बुरा हाल हो चुका है, दो माह बाद बरसात आने वाला है मगर नगर प्रशासन अधिकारी तक डामरीकरण का कार्य शुरू करवाने में पूरी तरह असफल है क्योंकि इनके द्वारा कोई भी इच्छाशक्ति से नहीं किया जा रहा है, सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति चल रही है। बीएसपी में वर्षो तक सेवा देने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 06 माह के लिए मकान आबंटन करने के लिए 09 लाख रुपए जमा करवाया जाता है और नान बीएसपी से मात्र 02 लाख रुपए जमा करवा कर क्वार्टर आबंटित किया जा रहा है, जोकि बहुत ही खेदजनक है। भिलाई में लायसेंस बेस पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मकान आबंटन किया जा रहा है, मगर राजहरा में इस योजना को जानबूझकर नगर प्रशासन अधिकारी द्वारा लागू नहीं किया जा रहा है क्योंकि ईस योजना के लागू होने से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आसानी से मकान आबंटन होने लगेगा और राजहरा टाउनशिप में क्वार्टर आबंटन में चल रहा बंदरबांट बंद हो जायेगा। यहां एक बात और महत्वपूर्ण है कि नगर प्रशासन अधिकारी द्वारा यूनियन के बार बार बोलने के बाद भी दो टाईम पानी नहीं दिया जा रहा था।

# ट्रिपल इंजन वाली नगर सरकार में निर्मित हुए विकास कार्यों में नही दिया जा रहा गुणवत्ता का ध्यान, लोनिवि सभापति ने लगाए आरोप

## नवनिर्माणाधीन सीसी रोड़ में उखड़ने लगी है गिट्टियां और उड़ रहे सीमेंट के गुबार

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



नगर पालिका बालोद में ट्रिपल इंजन की सरकार काबिज है, उन तमाम दावों के साथ काबिज है, जो नगर सरकार में आने के पहले नगरवासियों से किये गए थे, और मोदी की गांरटी के साथ किये गए थे। लेकिन वो तमाम दावे फेल होते नज़र आ रहे है। गांरटी में भी भ्रष्टाचार की दीमक लग रही है। क्योकि नगर सरकार बदलने के बाद पालिका अंतर्गत हुए तमाम विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नही दिया गया और जो कार्य निर्माणाधीन है, वहां भी गुणवत्ताहीन कार्य किये जा रहे है। नगरपालीका में हो रहें विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहें हैं। नगर पालिका में सत्ता परिवर्तन तो हो गया है परन्तु विकास कार्यों की गुणवत्ता में अत्यधिक निम्नता आ गई है। वार्डों में सीसी मार्ग का निर्माण पालिका ठेकेदार कर रहे हैं, जो निर्धारित मापदंडों से नहीं किए जाने के कारण सीसी मार्ग निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। निर्मित सीसी सड़क में गिट्टियां बाहर की ओर निकलने लगी है, तो वही सीमेंट के गुबार धूल बन हवा में उड़ रहे है। अभी ताजा मामला नगर के वार्ड-4 बुधवारी बाजार से आया है, जहां थोक सब्जी मंडी के पीछे 800 मीटर सीसी मार्ग का निर्माण अभी कुछ ही दिन पूर्व हुआ है और सड़क से सीमेंट की परतें उखड़ने लगी हैं। बताया जाता है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के दौरान सीमेंट की मात्रा निर्धारित मापदंड से कम मिलाने के साथ ही निर्माण के पश्चात् तीन दिन तक पानी की तराई नहीं की गई। तीन दिन पश्चात् पैरा डालकर तीन चार दिन तक तराई की गई। वर्तमान में उक्त मार्ग में लोग चलते हैं तो सीमेंट की धूल उड़ने लगती है। इतना ही नही नवनिर्मित सड़क से गिट्टियां उखड़ने लगी हैं जिसकी शिकायत कुछ वार्डवासियों ने पार्षद प्रीतम यादव से की है।

### गुणवत्ताहीन कार्य किये जाने की शिकायत हुई प्राप्त

वार्ड-4 के पार्षद प्रीतम यादव ने बताया कि पूर्व का टेंडर है, सीसी रोड़ का निर्माण ठेकेदार सुभाष चौधरी के द्वारा किया गया है, गुणवत्ताहीन कार्य किये जाने की शिकायत आई है, फिर ठेकेदार को बोलकर पैरा बिछाकर पानी डलवा गया हैं, उन्होंने बताया कि करीबन 13 लाख की लागत से 800 मीटर सीसी रोड़ का निर्माण साईं जनरल स्टोर्स से गुलशन गजेंद्र के मकान तक किया गया हैं।

### निर्माण कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी- राजू पटेल

नगरपालिका के लोकनिर्माण, पर्यावरण एवं आवास विभाग के सभापति राजू पटेल ने बताया कि कुर्मीपारा व बुधवारी बाजार के समीप सब्जी मंडी के पीछे सीसी सड़क निर्माण कार्य अत्यंत ही निम्न क्वालिटी का है। इसके पूर्व भी बुढ़ापारा और बस स्टेंड से लगे और गायत्री मंदिर के पीछे सील कोट कार्य में भी अनियमितता बरती गई थी, ऐसे कई निर्माण कार्य है पालिका के अंतर्गत जिसमें गुणवत्ता को ताक पर रखकर निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा किये जा रहे हैं, जिसे लेकर सीएमओ को कई दफा कहा गया है और ठेकेदार पर कार्यवाही की बात भी कही गई है। वही उन्होंने बताया कि इस संबंध में इंजीनियर संजय कोर्राम को नोटिस के साथ ही ठेकेदार का भुगतान रोकने व कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने पर भुगतान करने सीएमओ से चर्चा की गई है। लोनिवि सभापति राजू पटेल ने कड़ें शब्दों में कहा की निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पहले भी गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के आए है मामले-

उल्लेखनीय हो कि नए बस स्टैण्ड के समीप गायत्री मंदिर के पीछे नए बस स्टैण्ड पहुंच मार्ग में नगरपालिका चुनाव के पहले टॉप कोट सील कार्य नपा के ठेकेदार द्वारा किया गया था, परन्तु गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण सीमेंट उखड़ने के साथ ही गिट्टी बाहर आने लगी थी, नपा चुनाव के पश्चात और सीएमओ द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए ठेकेदार द्वारा पुनः टॉप कोट को गुणवत्तापूर्ण कराया गया। इसके अलावा कुछ ही दिनों पूर्व वार्ड-19 बूढ़ापारा स्वामी विवेकानंद वार्ड बजरंग नगर में भी सीसी रोड़ का निर्माण कार्य किया गया है, जिसमें भी गुणवत्ताहीन कार्य किये जाने की बात सामने आई थी।

# अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ आयोजित

## डॉक्टर तिवारी ने अभिभावकों को स्कूल के प्रमुख शैक्षणिक दिशा-निर्देशों से परिचित कराया

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु विद्यालय के अध्ययनरत एवं नवीन प्रवेशित छात्रों के अभिभावकों के लिए एक अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम (पैरेंट ओरिएंटेंशन प्रोग्राम) आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य डॉ बसंत कुमार तिवारी द्वारा किया गया। डॉक्टर तिवारी ने अपने उन्मुखीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावकों को स्कूल के विजन, पाठ्यक्रम और प्रमुख शैक्षणिक दिशा- निर्देशों से परिचित कराया उन्हें संस्थान के बुनियादी ढांचे, शिक्षण पद्धतियों और विभिन्न सह-पाठयक्रम संरचनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्रों के लिए एक सहज पाठ्यक्रम सुनिश्चित करने के लिए शैक्षणिक वर्ष के लिए महत्वपूर्ण निर्देश और अपेक्षाएं साझा की गई। इसके अतिरिक्त प्राचार्य महोदय ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय प्रतिवर्ष की भांति सफलता के नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है,और उसके लिए जरुरी दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा जैसे भाषा, खेल, नृत्य, संगीत के क्षेत्र में विद्यार्थियों को पारंगत बनाने हेतु विभिन्न क्लबों की शुरुआत की जायेगी इसी क्रम में विद्यालय के वरिष्ठ छात्रों के द्वारा कनिष्ठ छात्र छात्राओं द्वारा पढ़ाने हेतु विभिन्न कक्षाएं आयोजित की जायेंगी जिसका प्रमुख उद्देश्य बड़ी कक्षा के बच्चे जब पढ़ाते हैं, तो खुद भी दोबारा वही विषय समझते हैं, जिससे उनकी समझ और गहरी होती है। जब बड़े बच्चे दूसरों को पढ़ाते हैं, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और नेतृत्व करने की क्षमता विकसित होती है, छोटी कक्षा के बच्चों को अपने जैसे वरिष्ठ छात्रों से पढ़ने में ज्यादा अपनापन और सहजता महसूस होती है, जिससे वे खुलकर सवाल पूछते हैं, इससे स्कूल में आपसी सहयोग और मेलजोल की भावना का विकास करना है। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ संगणक शिक्षक एवं परीक्षा नियंत्रक सतेंद्र ने नव प्रवेशित छात्रों के अभिभावकों को ई. आर.पी. ऐप से जुड़ी जानकारियां प्रदान की और उसके प्रयोग से जुड़े महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों ने नए सत्र के संदर्भ में प्रश्न पूछें गए जिनका उत्तर प्राचार्य ने बड़े ही सकारात्मक ढंग से दिया और इस प्रकार सत्र 2025- 26 के सफल अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का समापन हुआ।

# स्व.संतोष अग्रवाल की पुण्यतिथि पर संस्था ने किया बच्चों को अध्यापन सामग्री का वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन के संस्थापक स्वर्गीय संतोष अग्रवाल की 20 अप्रैल को पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन के द्वारा दिव्यांग बच्चों के स्कूल- कॉलेज कोपलवाणी में जाकर स्टेशनरी वितरीत की गई, बच्चों के साथ स्वर्गीय संतोष अग्रवाल की पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई, वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर सिंघानिया परिवार के द्वारा स्कूल परिसर में ही प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों, स्कूल के बच्चों और वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन के साथियों ने एक साथ भोजन परसादी ग्रहण की, पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कायक्रम में प्रमुख रूप से नरेश सिंघानिया, अरुण सिंघानिया, कन्हैया अग्रवाल, आनंद सिंघानिया, उमेश गुप्ता, अशोक गुप्ता अशोक वैश्य, ऋषि गुप्ता, शरद गुप्ता, मुकुंद कागदेलवर राजेश त्रिवेदी, प्रतीक अग्रवाल,शशि बागड़ी, रविकांत यादव, पूजा अग्रवाल सहित संगठन और परिवार के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वर्गीय संतोष अग्रवाल ग्रोथ अकादमी की स्थापना, परिसर में कोपलवाणी संस्था के संचालन और स्व संतोष के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।

# शैलदेवी महाविद्यालय में यौन उत्पीड़न जागरूकता अभियान पर व्याख्यान का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com




शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग में यौन उत्पीड़न जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता उमा भारती साहू (अध्यक्ष जिला विधि प्रकोष्ठ दुर्ग एवं उपाध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग) तथा अधिवक्ता जे. पी. राव (उपाध्यक्ष कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अधिवक्ता उमा भारती ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम 2013 के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की रोकथाम हेतु जागरूकता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को महिला संबंधी विधि एवं न्याय संबंधित जानकारी प्रदान की। समाज में महिलाओं की स्थिति को सुधारने हेतु शिक्षा को एक प्रबल माध्यम बताते बताते हुए शिक्षित और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। समाज में हो रही घटनाओं को साझा करते हुए मोबाइल तथा इंटरनेट का प्रयोग करते समय सावधानी बरतने तथा अनजान और असामाजिक तत्वों से दूरी बनाने की सलाह दी। वर्तमान में हो रहे बाल अपराधों की जानकारी देते हुए पॉक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी प्रदान की और छात्रों को बाल अपराध के प्रति सचेत किया। अधिवक्ता जे. पी. राव ने छात्रों को संबोधित करते हुए नशे को अपराध का एक बड़ा कारण बतलाया और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

उन्होंने शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की, और समझाया कि आवश्यकता पढ़ने पर किस प्रकार विधिक साहायत प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं की सहायता हेतु चलाई जा रही योजना जैसे सखी सेंटर के बारे में जानकारी देते हुए बतलाया कि किस प्रकार महिलाएं किसी भी प्रकार के अपराध या दुर्व्यवहार होने की स्थिति में सखि सहायता केंद्र से सहयोग प्राप्त कर सकती है। शैलदेवी महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया तथा प्रश्न पूछ कर अपनी शंकाओं का समाधान किया।

# नागपुर, महाराजपुर में अवैध कोयला उत्खनन त्रस्त ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार



पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

नागपुर क्षेत्र में कोल माफियाओं का आतंक, धमकियों से सहमे ग्रामीण मनेन्द्रगढ़.नागपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महाराजपुर, सोनवर्षा, राधारमननगर, हर्रा, लाई, बरबसपुर व उजियारपुर के ग्रामीणों ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में चल रहे अवैध कोयला उत्खनन व तस्करी पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल क्षेत्र से प्रतिदिन भारी मात्रा में कोयला निकाला जा रहा है, जिसे ट्रकों के माध्यम से अंतर्राज्यीय स्तर पर भेजा जा रहा है और ईंट भट्ठों में प्रयोग हो रहा है। इस कार्य में जंगल, खनिज विभाग व पुलिस विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत की बात भी ग्रामीणों ने कही है। ग्रामीणों ने बताया कि जब वे इसका विरोध करते हैं, तो माफिया उन्हें खुलेआम धमकाते हैं, जिससे गांवों में भय का माहौल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने क्षेत्र में जुआ, सट्टा व अवैध शराब बिक्री की गतिविधियों पर भी संज्ञान लेने की अपील की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि तत्काल सख्त कार्रवाई कर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल की जाए, ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना न हो।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों का मार्च माह के वेतन 19 जिलों में वेतन अप्राप्त

- शादी के सीजन में एनएचएम कर्मचारी में वेतन के लाले
- कर्ज लेकर घर का खर्च चलाने मजबूर

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
छत्तीसगढ़

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी के 19 जिलों में वेतन अप्राप्त हैं, शादी सीजन में कर्मचारियों के जेब खाली होने परेशानी बढ़ रही है। आम जनता का सेवा करने वाले स्वास्थ्य कर्मी खुद के वेतन पाने तरश रहें हैं जिलों से प्राप्त जानकारी अनुसार रायगढ़, कोंडागांव, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बालोद, सूरजपुर, कोरिया, कबीरधाम, गरियाबंद, कोरबा, मुंगेली, जशपुर, दुर्ग, काँकेर मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, गौरेलापेंड्रा, मरवाही, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, शक्ति, जांजगीर चापा सहित 19जिलों में वेतन अप्राप्त है, जिसके कारण परिवार में शादी विवाह के सीजन में समस्या हो रहा है, कर्मचारियों ने बताया कि, कुछ कर्मचारियों का लोन इत्यादि भी कटता है कई कर्मचारियों का वृद्ध माता-पिता, अस्पताल में इलाज करना पड़ता है साथ ही इन्ही कम वेतन से एनएचएम कर्मचारियों को घर का किराया राशन भी देना पड़ता है इस कम वेतन में लेट से वेतन होने पर कर्ज लेकर अपना काम चला रहे हैं कर्मचारियों को बहुत समस्या आ रहा है शीघ्र वेतन नहीं मिलता है तो काम बंद कर शासन को अपने समस्या बताने खुद उच्च कार्यालय जाना न पड़ जाये जिससे अस्पताल एवं कार्यालय कार्य प्रभावित होगा.

# संस्कार पब्लिक स्कूल में सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सी. बी.एस.ई. सम्बद्ध संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति में 19 अप्रैल को पर्यावरण अध्ययन, विज्ञान और पूर्व प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के प्रशिक्षण पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति के शिक्षकों के साथ अन्य सीबीएसई स्कूल के शिक्षकों ने प्रशिक्षार्थी बनकर सहभागिता दर्ज़ कराई। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य प्रशिक्षक के रूप में कल्पना सिंह ( प्राचार्या) दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर - चांपा, सूर्य प्रकाश द्विवेदी उपप्राचार्य एसईसीआर रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर, विनोद कुमार मिश्रा प्राचार्य संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति, रूपल उपाध्याय प्रधानाचार्या, संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती को श्रद्धा पुष्प और दीप प्रज्वलित कर की गई। विद्यालय संगीत शिक्षक कोटेश्वर नाथ साहू एवं छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य विनोद कुमार मिश्रा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, उन्होंने अपने स्वागत भाषण में प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल समस्त प्रशिक्षार्थियों और रिसोर्स पर्सन का स्वागत करते हुए कहा कि- हमें हमेशा सीखने के लिए तत्पर रहना चाहिए और पूरे एकाग्रता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर नवीन अधिगम अर्जित करने पर बल देना चाहिए। इस एक दिवस के प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रशिक्षको द्वारा विभिन्न शैक्षणिक उपागमों के माध्यम से विविध तथ्यों को प्रशिक्षार्थियों के साथ साझा किया गया जिससे प्रशिक्षार्थियों को बहुत लाभ हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एन.सी.एफ और समग्र प्रोग्रेस कार्ड से संबंधित समस्त जानकारियों से शिक्षकों को रूबरू कराया गया, कार्यक्रम के आयोजन और अनुकूल वातावरण हेतु मुख्य प्रशिक्षकों ने स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य और शिक्षकों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्या रूपल उपाध्याय जी द्वारा किया गया। अंत में शिक्षिका सायरा खान के द्वारा समस्त प्रशिक्षार्थी शिक्षकों, प्रशिक्षकों, प्राचार्य और विद्यालय प्रबंधन को उनके सहयोग और दिशा - निर्देश हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# नेशनल हेराल्ड मामले में सक्ती के अग्रसेन चौक में हुआ राहुल का पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति जिले के कार्यकर्ताओं ने अग्रसेन चौक में विगत वर्षों से चल रहे नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का पुतला दहन कर दिया, इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिले के विभिन्न मंडलों से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे, इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में कांग्रेस पार्टी के प्रति काफी गुस्सा देखा गया तथा उपस्थित पदाधिकारियो ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के नेताओं द्वारा आरोप पत्र दायर कर भाजपा के खिलाफदुष्प्रचार कर अपने भ्रष्टाचारी नेताओं को बचाने की साजिश की जा रही है, इसके विरोध में यह जिला स्तरीय पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति जिले के पदाधिकारी चिराग अग्रवाल ने कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार पर नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल चार्जशीट के आधार पर इसे देश की संपत्ति की लूट और जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात बताया, और कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराधों में आरोपी बनाया गया है। तथा 661 करोड़ की सार्वजनिक संपत्ति को मात्र 50 लाख में यंग इंडियन लिमिटेड को ट्रांसफर किया गया, जिसमें गांधी परिवार की 76% हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ आर्थिक भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि एक सुनियोजित षड्यंत्र है, जिसने पत्रकारिता के नाम पर ली गई जमीनों का व्यावसायिक दोहन किया। अग्रसेन चौक में आयोजित जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति जिले ने मांग की है कि गांधी परिवार की संपत्तियों की गहन और निष्पक्ष जांच की जाए,दोषियों को सख्त सजा मिले, भ्रष्ट नेताओं को राजनीति से बाहर किया जाए। चिराग अग्रवाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट हों, और ऐसे नेताओं को सबक सिखाएं जिन्होंने देश की भावी पीढ़ी के साथ धोखा किया है। देश अब परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगा, 20 अप्रैल को भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति जिला द्वारा अग्रसेन चौक शक्ति में आयोजित नेशनल हेराल्ड मामले के पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लोकेश साहू, चिराग अग्रवाल, संजय कश्यप, आदित्य अग्रवाल राजा, हर्ष देवांगन, गोविंद देवांगन, पटेल, सहित काफी संख्या में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला एवं विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सक्ती के पुलिस थाना पहुंचे देवांगन समाज के प्रतिनिधि

# 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया सक्ती पुलिस को देवांगन समाज ने

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर के देवांगन समाज का एक प्रतिनिधिमंडल 20 अप्रैल को पुलिस थाना शक्ति पहुंचा, जहां उन्होंने विगत दिनों शक्ति के झूलकदम रोड निवासी लक्ष्मण देवांगन राजू पिता अर्जुन देवांगन उम्र 32 वर्ष के 17 अप्रैल 2025 को दोपहर 1:00 से अपने घर से लापता होने की घटना पर पुलिस प्रशासन द्वारा आज दिनांक तक उसकी जानकारी नहीं जुटा पाने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल इस मामले में पुलिस जांच में सक्रियता लाने का आग्रह किया, साथ ही थाना प्रभारी शक्ति को भी एक ज्ञापन प्रेषित किया है जिसमें गुमशुदा इंसान लक्ष्मण देवांगन के गुमशुदा होने के बाद पुलिस कार्यवाही में सक्रियता लाने एवं समुचित जांच करने की मांग की गई है,देवांगन समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रेषित ज्ञापन में बताया गया है कि लक्ष्मण देवांगन (राजू) (पूर्व कोषाध्यक्ष देवांगन युवा संगठन सक्ती) पिता अर्जुन सिंह देवांगन निवासी वार्ड क. 16. झुलकदम सक्ती, जिला सक्ती छ.ग. का है। जो कि 17/04/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर करीब 12:30 बजे के आसपास छ.ग. ग्रामीण बैंक शाखा सक्ती के पास से लापता हो गया है। जिसके संबंध में आसपास पता करने के बाद 17/04/2025 को रात्रि 22:55 बजे पुलिस थाना सक्ती में सूचना दर्ज करा दिया गया था।जिसके दूसरे दिन गुम इंसान लक्ष्मण के मोबाईल नंबर 9770577132 से उसके पत्नि मोनिका देवांगन के मोबाईल नंबर 9644969248 पर व्हाटएप्स से किसी अंजान व्यक्ति के द्वारा मैसेज आना शुरू हुआ। जिसमें उन्होने घर में रखे किसी अंजान मोबाईल सिम कार्ड को चालू कर उस पर आने वाले ओटीपी नंबर की मांग की जाने लगी। अंनजाने व्यक्ति के द्वारा इस प्रकार ओटीपी की मांग से लक्ष्मण देवांगन का किसी व्यक्ति के द्वारा अपहरण कर लिया गया है ऐसी संभावना घर वाले को हो रहा है। जिससे किसी अप्रिय घटना होने की भय प्रतीत हो रहा है। जिसकी सूचना तत्काल रात्रि करीबन 12 बजे पुलिस थाना सक्ती जाकर उक्त मैसेज की जानकारी दी गई, तब पुलिस के द्वारा लक्ष्मण को मोबाईल लोकेशन रायपुर होना बताया गया। 19/04/2025 को दोपहर में पुलिस के 2 कर्मचारियो के साथ लक्ष्मण के पिता और दमाद रायपुर गये परंतु लक्ष्मण का लोकेशन लगातार बदलने की बात कहते हुए पुलिस टीम वापस आ गये। लेकिन आज 20/04/2025 तक गुमशुदा लक्ष्मण देवांगन का किसी भी प्रकार से जानकारी प्राप्त नहीं होने से लक्ष्मण के परिजन एवं सामाजिकजन बहुत ही दुखी है,अतः आपसे निवेदन है कि गुमशुदा लक्ष्मण देवांगन के जांच कार्यवाही में सक्रियता लाकर लक्ष्मण देवांगन को उनके परिजनों को सुपुर्द करने की कृपा करें। 48 घंटे में गुमशुदा लक्ष्मण देवांगन को परिजनों को सुपुर्द किया जाये, अन्यथा देवांगन समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

# दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को मातृ शोक



**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर की माता पूर्णिमा चंद्राकर का सोमवार को 11:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। दिवंगत पूर्णिमा चंद्राकर के पार्थिव शरीर का विधायक निवास गजानंद मंदिर के पास आर्य नगर मे लोगो ने अंतिम दर्शन किया। पश्चात उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में शाम को किया गया। वह विधायक ललित चंद्राकर, अशोक चंद्राकर व मैत्री नगर रिसाली की पार्षद सुनन्दा चंद्राकर की माता व साँसद प्रतिनिधि पप्पू चन्द्राकर की सास थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्ग ग्रामीण के विधायक तथा छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर की माता पूर्णिमा चंद्राकर के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि चन्द्राकर की माता के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है।

माताजी का निधन पूरे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मेरी संवेदनाएं चन्द्राकर और उनके परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री साय ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# भीषण गर्मी में पहाड़ों के प्यासे वानरों का 'जलदाता' बना गजानंद यादव

## चिल्फी घाटी के जंगलों में रोज पानी लेकर पहुंचता है यह दूध व्यवसायी

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जहाँ एक ओर लोग गर्मी से बचने के लिए ठंडे कमरे और शीतल पेयों का सहारा ले रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कबीरधाम जिले की चिल्फी घाटी में एक व्यक्ति ऐसा भी है, जो हर दिन तपती धूप में जंगलों की ओर निकलता है – सिर्फ इसलिए कि बेजुबान जानवरों को प्यास से तड़पना न पड़े। ग्राम नेउरगांव कला निवासी गजानंद यादव, जो पेशे से दूध व्यवसायी हैं, रोजाना बोड़ला से धवईपानी तक दूध पहुंचाने जाते हैं। लेकिन उनका काम सिर्फ दूध बांटना नहीं है, बल्कि इससे कहीं आगे बढ़कर है। वापसी के रास्ते में वे अपने वाहन में पानी के ड्रम भरकर चिल्फी घाटी के सूखते जलस्रोतों में जाकर वानरों और अन्य जंगली जीवों के लिए पानी भरते हैं।

गजानंद बताते हैं, "गर्मियों में यहां के पहाड़ों के झरने और छोटी नदियाँ सूख जाती हैं। पानी की तलाश में बंदर और अन्य जानवर सड़क किनारे आ जाते हैं, जिससे कई बार दुर्घटनाएं भी होती हैं। मैंने सोचा कि जब मैं रोज इस रास्ते से ही जाता हूँ, तो क्यों न इनके लिए कुछ किया जाए।" भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली इस घाटी में वन विभाग ने स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं कि वानरों को खाने-पीने का सामान न दें, क्योंकि इससे वे मानव आबादी के करीब आ जाते हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन गजानंद इस नियम को तोड़ते नहीं, बल्कि उसका सम्मान करते हुए एक संतुलन बनाते हैं। वे केवल पानी डालते हैं, जिससे वानरों को राहत मिलती है और वे जंगल के भीतर ही रह सकें।

"मुझे पता है कि नियम जरूरी हैं, लेकिन जब किसी की आंखों में प्यास की तड़प देखता हूँ, तो चुप नहीं रह पाता। खाना नहीं देता, पर पानी तो जीवन है।",

**- कहते हैं गजानंद।**

गजानंद यादव का यह कार्य अब आसपास के गांवों में चर्चा का विषय बन गया है। लोग उन्हें 'जलदाता' और 'बंदरों का मसीहा' कहकर पुकारते हैं। उनके इस छोटे से प्रयास ने यह दिखा दिया कि इंसान और प्रकृति के बीच का रिश्ता आज भी जीवित है।

अगर हर नागरिक अपने स्तर पर इतनी संवेदनशीलता दिखाए, तो न सिर्फ इंसानों की, बल्कि पूरे पर्यावरण की स्थिति बेहतर हो सकती है।

# स्वस्थ् शिशु प्रतियोगिता मे अलंकृता एवं वेद ने मारी बाजी

## आयोजित स्वस्थ् शिशु प्रतियोगिता मे 87 से अधिक बच्चों ने भाग लिया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com







स्वस्थ् शिशु प्रतियोगिता मे अलंकृता एवं वेद ने मारी बाजी, शंकर नगर खम्हारडीह स्तिथ इ कल्याण पब्लिक हा.से. स्कूल सभागार मे बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति उनकी माताओं को जागरूक करने हेतु आयोजित स्वस्थ् शिशु प्रतियोगिता मे 87 से अधिक बच्चों ने भाग लिया एवं पुरुस्कार जीते। सीनियर वर्ग से अलकृता दीक्षित जूनियर वर्ग से वेद ने प्रथम रह कर बाजी मारी। बच्चों के हाइट-वेट, डाइट आदि का चेकअप शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रियंका शरीन, डॉक्टर इतिश्री वर्मा, नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष शरण श्रीवास्तव तथा डॉक्टर सुनील गोल्हानी ने किया एवं उन्हें उचित खान-पान, हेल्थी डाइट देने, फास्ट फूड, कोल्ड ड्रिंक से दूरी बनाने कि सलाह दी। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत सीनियर वर्ग मे अलंकृता दीक्षित प्रथम, पृष्का फूलकर द्वितीय, श्रेया विश्वकर्मा तृतीय रही, जूनियर ग्रुप मे वेद प्रथम, नायशा आहूजा द्वितीय, मोनिका निर्मलकर तृतीय रही। अन्य ग्रुप बेस्ट ड्रेसअप आरना शर्मा, वैभवी सोनी, चाभी चीक्स जघेल, क्यूट स्माइल अनमोल नारवानी स्पार्कलिंग आईस दीप्ति गोस्वामी इत्यादि को स्कूल डायरेक्टर राजेश सक्सेना द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शीला गूजर ने किया, कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे पालक, अभिभावक, शिक्षकगण उपस्थित थे।

# संविधान के 75 वें वर्षों पर महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध आयोजनों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में संविधान का गौरव पर्व उद्देश्य एवं महत्व विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने विचारों को सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उसकी प्रासंगिकता पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में कु प्रीति प्रधान (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, राजनीति विज्ञान) ने उत्कृष्ट लेखनी के दम पर प्रथम स्थान अर्जित किया। कु. चंद्रिका सिदार (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर, हिंदी) को द्वितीय स्थान तथा कु. सरिता भोई (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, राजनीति विज्ञान) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कायक्रम के समापन अवसर पर राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष यू. के. बरिहा ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान न केवल एक दस्तावेज है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के अद्वितीय योगदान को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों के पालन हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के प्रभारी अनिल कुमार तांडी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# जिले के नवनियुक्त कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने किया पदभार ग्रहण

## 2016 बैच के आई.ए.एस. उईके बने गरियाबंद जिले के 13वें कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



गरियाबंद जिले के नवनियुक्त कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने आज यहाँ जिला कार्यालय में निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल से कार्यभार लेकर अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान कलेक्टर अग्रवाल ने नवनियुक्त कलेक्टर उईके को पुष्प गुच्छ भेंटकर नए दायित्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि 2016 बैच के आईएएस उईके गरियाबंद जिले के 13वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त किये गये हैं। पदभार ग्रहण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर उईके का स्वागत किया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से परिचयात्मक चर्चा की। साथ ही जिले में चल रहे कार्यो की सामान्य जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर उईके ने जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत व बेहतर क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित किया जाएगा। नवपदस्थ कलेक्टर उईके इससे पहले जिला उत्तर बस्तर कांकेर के अंतागढ़ में अपर कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे। पदग्रहण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, समस्त एसडीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश मे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ◀ कुरूद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन महिला बाल विकास विभाग द्वारा पुरे प्रदेश मे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है, कुरूद नगर मे महिला बाल विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा रथ के माध्यम से क्षेत्र के हर गाँव और नगर के प्रत्येक वार्डो में बच्चों को कुपोषण से बाहर निकालने के लिए सुशासन सरकार का अभिनव अभियान जारी है, जिसे कुरूद मे नगर पंचायत के अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष गितेश्वरी साहु ने पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए. इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष सिंधु बैस, जनपद सदस्यगण, पार्षद साथी मनीष साहु सहित मिडिया के प्रमुख मुलचंद सिन्हा, यशवंत गंजीर एवं महिला बाल विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

# गौरव विद्यामन्दिर में परिक्षा परिणाम घोषित, 11वीं में सोनम साय प्रथम

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

गौरव विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित शंकर बाल उन्नयन सेवा समिति द्वारा संचालित गौरव विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा, प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधानाचार्या, परीक्षा प्रभारी वशिष्ठ दास के उपस्थिति में हुआ। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं में प्ले कक्षा से प्रथम स्थान पर सय्यद ताजुल अली, कुमारी जान पात्र, विराज नंद, रुद्र डोंगरी 100% द्वितीय स्थान पर रेयान खान 98.5% तृतीय स्थान पर कुमारी निकिता बंजारा 95.5 प्रतिशत। कक्षा पहली से प्रथम स्थान पर कुमारी आकांक्षा दुबे, कुमारी सानिया यादव, कुमारी सौम्या बंजारा, कुमारी तानिया सेठ, चंद्रकुमार साहू, खुशांत यादव 100% द्वितीय स्थान पर जय डडसेना, कुमारी भूमिका डडसेना, आयुष महानंद 99.5प्रतिशत तृतीय स्थान पर कुणाल पटेल, कुमारी प्रार्थना सागर 99% प्राप्त किए। कक्षा दूसरी से प्रथम स्थान पर कुमारी अंकिता सतपथी, कुमारी टिवंकल दीवान, कुमारी ईशा महाकुड़, कुबेर दास 100% द्वितीय स्थान पर कुमारी गायत्री डोंगरी, सुयश कुशवाहा 99.5% तृतीय स्थान पर कुमारी यामिनी सिंह 99% प्राप्त किए। कक्षा तीसरी से प्रथम स्थान पर मोहम्मद मुज्जबिल, कुमारी शुभप्रदा नंद 100% द्वितीय स्थान पर कुमारी मिशा प्रधान, रागिनी शर्मा 99.5% तृतीय स्थान पर कुमारी आराध्या सोना, नैतिक डडसेना, विशाल गड़तिया 98% प्राप्त किए । कक्षा चौथी से प्रथम स्थान पर कुमारी पूर्वी मलिक, कुमारी साक्षी यादव 100% द्वितीय स्थान पर कुमारी भावना साहू, कुमारी आरोही यादव 99.5% तृतीय स्थान पर प्रत्युष यादव 99% प्राप्त किए। कक्षा छठवीं से प्रथम स्थान पर सूरज रत्नाकर 95.83% द्वितीय स्थान पर डोली बंजारे 95% तीसरा स्थान पर कुमारी अंजु, कुमारी हिमांशी शर्मा 91.33% प्राप्त किए। कक्षा सातवीं से प्रथम स्थान पर कुमारी पायल साहू 99% द्वितीय स्थान पर कुमारी ममता पटेल 98.83% तृतीय स्थान पर कुमारी टिशा यादव 98.16% प्राप्त किए ।

# अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ में शामिल हुए जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा

■ कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जनपद सभापति को पेजयल की बताई समस्या

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com





जनपद पंचायत क्षेत्र अंकोरी अंतर्गत ग्राम बिरसिंगपाली एवं परगला (पलसापाली) में आयोजित चैतन्य महाप्रभु के अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ में जनपद पंचायत बसना सभापति प्रकाश सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि, विकास और खुशहाली की कामना की। सभापति प्रकाश सिन्हा ने कहा अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ आदि अनादि काल से पुर्वजों रीति रिवाजों से चलता आ रहा है। हरे कृष्ण, हरे राम नाम तन मन को प्रफुल्लित कर देने वाले हरिनाम का जाप है। सोलह नामों तथा बत्तीस वर्णो से युक्त हरे राम हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे महामंत्र का कीर्तन ही कलियुग में जीवों के उद्धार का एकमात्र उपाय है। कलियुग में केवल हरिनाम के जाप से ही उद्धार हो सकता है। कलियुग में इस महामंत्र का संकीर्तन करने मात्र से प्राणी मुक्ति के अधिकारी बन सकते हैं। कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल साधन हरि का नाम-जप करना है। अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ में अनेकों किर्तन मण्डलीय शामिल हो कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रकाश सिन्हा ने ग्रामवासियों के साथ भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। दोनों ग्राम के ग्रामीणों ने पेयजल समस्या हेतु बोर खनन की मांग और परगला (पलसापाली) तालाब में पचरी निर्माण करने की मांग की गई। उक्त कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य राजेन्द्र डड़सेना, महेंद्र प्रधान, कौशल सिन्हा, पत्रकार आरके दास, सुखदेव वैष्णव, ग्राम सरपंच प्रतिनिधि बीरू यादव, पुष्पा भोई, डॉ ओमेश, जुगेश्वर बाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत 05 मई से 31 मई तक नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे 73 समाधान शिविर

■ **ग्राम पंचायतों में आयोजित 21 शिविरों के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं शिविर स्थल प्रभारी नियुक्त**

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय कार्यों में पारदर्शिता तथा योजनाओं व कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सुशासन तिहार-2025 के तृतीय चरण अंतर्गत 05 मई 2025 से 31 मई 2025 तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में समाधान शिविरों के सफल संचालन हेतु नगरीय निकायवार एंव जनपद पंचायतवार शिविर तिथि तथा शिविर स्थल चिन्हांकित कर नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी तथा शिविर स्थल प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग, पाटन व धमधा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया है। जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत 05 मई 2025 को शास.उ.मा. शाला अण्डा में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत अण्डा, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, निकुम, चिंगरी, अछोटी, कुथरेल, भरदा, कोनारी, चंदखुरी, भानपुरी, जंजगिरी, मतवारी, रिसामा सम्मिलित होंगे। 07 मई 2025 को शास. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिरसाखुर्द में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत सिरसाखुर्द, जेवरा, समोदा, भटगांव, कुटेलाभाठा, खपरी कु,, करंजाभिलाई, कचांदुर, ढौर, खेदामारा, बासीन, बोड़ेगांव, खेलीडीह, अरसनारा और ग्राम पंचायत ननकट्ठी सम्मिलित होंगे। 09 मई 2025 को शास. उ.मा. शाला मचांदुर में आयोजित शिविर में सम्मिलित ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत मचांदुर, चिरपोटी, पाउवारा, कोड़िया, कोकड़ी, हनोदा, पुरई, खोपली, डुमरडीह, घुघसीडीह, उमरपोटी, कातरो, बोरीगारका और ग्राम पंचायत करगाडीह शामिल है। 16 मई 2025 को शास. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय नगपुरा में आयोजित शिविर में सम्मिलित ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत नगपुरा, बोरई, खुरसुल, दमोदा, अंजोरा ढा, ढाबा, भेड़सर, डांडेसरा, पीपरछेड़ी, गनियारी, चिखली, कोटनी, मोहलई और बेलौदी शामिल है। 19 मई 2025 को आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत अंजोरा ख, धनोरा, महमरा, रसमड़ा, खम्हरिया, खपरी सि, पीसेगांव, कोलिहापुरी, थनौद, विरेझर, चंगोरी, तिरगा, झोला, भोथली और ग्राम पंचायत खांड़ा शामिल है। जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत 06 मई 2025 को शास.उ.मा. शाला सांकरा में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत पचपेडी, आँधी, औरी/भाठागांव, नारधी, बटंग, अमलीडीह, मोतीपुर, खम्हरिया/ कुरूदडीह, सॉकरा, पाहंदा (अ), घुघवा ज, जमराव, महुदा और ग्राम पंचायत कोपेडीह/कापसी शामिल है।

# जेईई मेंन्स 2025 में ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए यह विद्यालय सतत् प्रयासरत रहता है यहां छात्रों के बौद्धिक क्षमता को परख कर उन्हें उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सही मार्गदर्शन अनुभवी और विषय विशेषज्ञों की मदद से आगे बढ़ाया जाता है। यहां केवल पाठ्यक्रम से संबंधित ही नही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी पूरी तैयारी कराई जाती है, जिसके फलस्वरूप इस वर्ष भी विद्यालय के छात्रों ने जेईई मेंन्स 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिनमें से 10 विद्यार्थियों ने 90% से ज्यादा हासिल किया। छात्रों के इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्राचार्या प्रतिमा राजगोर, विद्यालय प्रबंधन कमेटी तथा सभी शिक्षकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाऐं देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की है।

हर्षकांत ठाकुर -99.46
आदित्य जयसवाल - 99.11
मानव्य जैन -98.59
श्रियांश सिंग - 98.17
कृष्णा पुरी -97.79
स्वयं सांई दास -96.51
अभिग्य महावार -95.75
अद्वय महावार -95.25
अनन्या चैधरी- 94.78
जिगिशा चैड़ा - 90.62
शिवम वर्मा - 87.3

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 635/क/भू.व्यप/अविअ/2025 सरायपाली दिनांक 17/04/2025

आवेदक रतनलाल पिता बनवारी अग्रवाल निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम जंगलबेडा में स्थित भूमि खसरा नंबर 72, 73, 75 रकबा क्रमशः 0.15, 0.34, 0.16 हैं. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 01/05/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सहसपुर लोहारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 2025040805000/5
ग्राम स. लोहारा प.ह.नं. 09

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम स. लोहारा प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. स.लोहारा तहसील स.लोहारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुखचैन पटेल पिता/पति श्री हिरऊ पटेल निवासी ग्राम/नगर स.लोहारा तहसील स.लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा अपने स्वयं के जन्म दिनांक 03/11/1985 व स्थान स.लोहारा नगर पंचायत स. लोहारा के पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु नगर पंचायत स.लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.) को निर्देशित करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सहसपुर लोहारा**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

स्वच्छ भारत स्वच्छ छत्तीसगढ़ स्वच्छ कोण्डागाँव

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला कोण्डागाँव (छत्तीसगढ़)**

Email Id :- excise-kondagaondeo@cg.gov.in

**// निविदा सूचना //**

क्रमांक/आब./CSMCL/TENDER/2025/181 कोण्डागांव, दिनांक 17/04/2025

कोण्डागांव जिले में संचालित 02 देशी, 02 विदेशी एवं 01 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में संग्रहित खाली कार्टून (पुट्ठा) का विक्रय किया जाना है। खाली कार्टून का प्रति नग की दर से इच्छुक निविदाकारों से सीलबंद निविदाएं (तकनीकी बिड/प्राईज बिड पृथक-पृथक) दिनांक 05/05/2025 अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, जिला कोण्डागांव में आमंत्रित की जाती है। सीलबंद प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दिनांक 05/05/2025 को अपरान्ह 04.00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जावेगी। निविदा की शर्ते/नियम, निविदा प्रपत्र तथा मदिरा दुकानों की अवस्थिति आदि की विस्तृत जानकारी अवकाश के दिवसों को छोड़कर निविदा प्रस्तुत करने के निर्धारित अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय पर खाली कार्टून निविदा फार्म 1000/- की दर से कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, कार्यालय संयुक्त कलेक्टोरेट परिसर (जिला आबकारी अधिकारी जिला कोण्डागांव के कक्ष क्रमांक 75) से प्राप्त की जा सकती है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**जिला आबकारी अधिकारी**
**सह जिला प्रबंधक CSMCL**
**जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

G-252600364/2

# उद्योग मंत्री ने दी वार्ड क्र. 28 को 1 करोड़ 5 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 28 में 01 करोड़ 05 लाख रूपये के नए विकास कार्यों की सौगात दी, वार्ड में अन्य विभिन्न विकास कार्यों के साथ-साथ मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय में 75 लाख रूपये की लागत से डोम का निर्माण कराया जाएगा। आज महाविद्यालय में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उद्योग मंत्री देवांगन ने इन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर संजूदेवी राजपूत ने की, वहीं सभापति नूतन सिंह ठाकुर, निगम के पार्षदगण व जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 28 के अंतर्गत आने वाले शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा में 75 लाख रूपये की लागत से सेल्फ सर्पोटेड डोम एवं किचन शेड का निर्माण कराया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड क्र. 28 के अंतर्गत स्थित हेलीपेड के पास 18 लाख 68 हजार रूपये की लागत से विजिटर रूम का निर्माण होगा, वहीं वार्ड क्र. 28 के ही अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल एन.सी.डी.सी. में 06 लाख 30 हजार रूपये की लागत से साईकिल स्टैण्ड का निर्माण एवं वार्ड क्र. 28 अंतर्गत बुधवारी बाजार के समीप नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन में आंतरिक विद्युतीकरण एवं शौचालय का निर्माण कार्य 05 लाख रूपये की लागत से किया जाना हैं। आज शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय प्रांगण में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान इन विकास कार्यों की आधारशिला उद्योग मंत्री देवांगन के द्वारा रखी गई।

### जिला खनिज न्यास मद से हो रहे व्यापक विकास कार्य

इस अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मैं तहे दिल से धन्यवाद देता हूॅं कि उन्होने जिला खनिज न्यास की स्थापना कर जिलों में विकास कार्यो का मार्ग प्रशस्त किया है, कोरबा जिले में ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों में जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत व्यापक पैमाने पर कार्य हो रहे हैं, जिले के खनिज संसाधनों से शासन को मिलने वाली राशि का उपयोग उसी जिले के विकास में खर्च करने की सरकार की अवधारणा अत्यंत सराहनीय है, जिसके सार्थक परिणाम मिल रहे हैं। उन्होने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया है, अब जनता के पैसों का दुरूपयोग नहीं हो रहा, विकास कार्यो में ही पैसा खर्च हो रहा है। मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि जहॉं तक कोरबा के विकास का प्रश्न है, तो कोरबा के हर वार्ड, हर बस्ती में बड़े पैमाने पर विकास कार्य हो रहे हैं, यहॉं की जनता ने जिस उम्मीद के साथ हम लोगों को सत्ता सौपी हैं, हम उनकी उम्मीदों पर खरा उतरे, इस दिशा में पूरी ईमानदारी के साथ कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि कोरबा में ऐसे उद्योग लगें, जिसमें प्रदूषण न होता हो, इस दिशा में कार्य किए जा रहे हैं,

### विकास को दी जा रही, तेज गति व सही दिशा

इस अवसर पर महापौर संजूदेवी राजपूत ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कोरबा नगर निगम क्षेत्र में यहॉं के नागरिकों की इच्छा, मांग व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वार्ड व बस्तियों में व्यापक पैमाने पर कार्य कराए जा रहे हैं तथा विकास कार्यो को तेज गति व सही दिशा दी जा रही है। उन्होने कहा कि क्षेत्र की देवतुल्य जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें निगम की बागडोर सौपी है, उनका वह विश्वास कायम रहेंगा, यह मैं विश्वास दिलाती हूॅं। कोरबा के नागरिकों की समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं, जिनका समुचित निराकरण सर्वाच्च प्राथमिकता के साथ किया जाएगा, यहॉं के लोगों की इच्छा के अनुरूप ही आगे भी विकास कार्य किए जाएंगे।

# महापौर मीनल चौबे की समाज हितकारी अभिनव पहल : उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने महतारी सिलाई केन्द्र का शुभारम्भ कर बहनों को दी शानदार सौगात




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी शहर रायपुर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे के सतत प्रयासों और समाज हितकारी अभिनव पहल पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव ने राजधानी शहर में नगर पालिक निगम रायपुर के सांस्कृतिक भवन चंगोराभाठा में पहुंचकर महतारी सिलाई केन्द्र का शुभारम्भ करते हुए बहनों को कौशल प्रशिक्षण देने एनयूएलएम की योजना के अंतर्गत करते हुए बहनों को शानदार सौगात दी। भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की समाज हितेषी मंशानुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई वाली छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा -निर्देश पर नारी सशक्तिकरण के कार्य के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार प्रदान करने और राष्ट्र को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने राजधानी शहर के नगर पालिक निगम रायपुर के चंगोराभाठा सांस्कृतिक भवन चंगोराभाठा में महापौर मीनल चौबे के सतत प्रयासों के सुफलस्वरूप लगभग 24 लाख रूपये की लागत से पीकू और सिलाई मशीनों का क्रय महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाकर आत्मनिर्भर बनाने के उददेश्य से किया गया है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दीप प्रज्ज्वलन श्रीगणेश और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए बहनों को शानदार सौगात दी। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर जब महिलाएं स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनेंगी, तो वे राष्ट्र और समाज को समृद्ध और विकसित बनाने मजबूती के साथ योगदान देते हुए सहभागिता दर्ज करवाएंगी, यह राष्ट्र और समाज के हित में है. यह केन्द्र छत्तीसगढ़ के लिए मॉडल बनेगा। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने राजधानी शहर में महतारी सिलाई केन्द्र का शुभारम्भ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महापौर मीनल चौबे और रायपुर नगर पालिक निगम के सतत प्रयासों को सराहा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि नारी सशक्तिकरण कार्य राष्ट्र को समृद्ध और विकसित बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

# हायर इंडिया ने ग्रेविटी सीरीज़ लॉन्च की : फैब्रिक फिनिश वाला भारत का एकमात्र एआई क्लाइमेट कंट्रोल एयर कंडीशनर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




लगातार 16 वर्षों से नंबर 1 विश्व का प्रमुख अप्लायंसेज ब्रांड हायर अप्लायंसेज इंडिया ने एयर कंडीशनर की बहुप्रतीक्षित ग्रेविटी सीरीज का अनावरण किया है। फैब्रिक फिनिश वाले भारत के एकमात्र एआई क्लाइमेट कंट्रोल एयर कंडीशनर के रूप में, ये फैब्रिक फिनिश वाले अभिनव एआई इंटेलिजेंट कूलिंग तकनीक को सहजता से एकीकृत करते हैं, जो आधुनिक घरों की जलवायु समाधानों के लिए नए मानक स्थापित करते हैं। ग्रेविटी सीरीज़ सात शानदार रंगों में उपलब्ध है- मॉर्निंग मिस्ट, मून स्टोन ग्रे, मिडनाइट ड्रीम, गैलेक्सी स्लेट, एक्वा ब्लू, कॉटन कैंडी और व्हाइट- जो समकालीन घरों के इंटीरियर में प्रीमियम टच जोड़ते हुए बेजोड़ कूलिंग करते हैं। हायर की ग्रेविटी सीरीज़ एसी में एआई क्लाइमेट कंट्रोल की सुविधा है, जो मैनुअल एडजेस्टमेंट के के बिना अनुकूलित आराम के लिए उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं को समझदारी से अपनाता है। एआई क्लाइमेट असिस्टेंट वास्तविक समय में उपयोग की आदतों को सीखता है और सेटिंग्स को ठीक करता है, जबकि एआई इलेक्ट्रिसिटी मॉनिटरिंग वास्तविक समय में बिजली की खपत को ट्रैक करती है, जिससे आपको अपने बिजली बिलों को प्रबंधित और नियंत्रित करने में मदद मिलती है। क्लाउड-आधारित सर्वर और उन्नत एआई ईसीओ कार्यक्षमता द्वारा संचालित, यह ऊर्जा की बर्बादी को कम करते हुए आराम और दक्षता के सही संतुलन को बनाए रखने के लिए लगातार एडजस्ट होता है। पारंपरिक एसी के विपरीत, यह इंटेलिजेंट सिस्टम मैनुअल एडजेस्टमेंट को कम करती है और एक सहज और पर्सनलाइज़्ड कूलिंग देती है।

# कैंटाबिल ने बिलासपुर में फैमिली-वियर स्टोर के उद्घाटन के साथ अपने रिटेल बिजनेस का विस्तार किया

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com




भारत के अग्रणी परिधान निर्माता और खुदरा विक्रेताओं में से एक कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने बिलासपुर में अपने नए खुदरा स्टोर के उद्घाटन की घोषणा की है। 2042 वर्ग फीट क्षेत्र में फैला यह ब्रांड स्टोर खसरा नंबर 501/7, वार्ड नंबर 32, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, इंडियन कॉफी हाउस के सामने, बिलासपुर (सी.जी.) 490051 में स्थित है, जो कैंटाबिल के लगातार होते विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए फार्मल, कैजुअल और पार्टी वियर्स के साथ-साथ एक्सेसरीज के व्यापक चयन की पेशकश करने के लिए समर्पित, कैंटाबिल खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित करता है। इसके साथ ही कैंटाबिल ने देश भर में 600 स्टोर्स की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जिससे फैशन उद्योग में एक प्रमुख ब्रांड के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक दीपक बंसल ने इस लॉन्च पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा- हम बिलासपुर में अपने नए फैमिली-वियर स्टोर को खोलते हुए बेहद रोमांचित हैं। कैंटाबिल ने मिड-प्रीमियम सेगमेंट में ग्राहकों से अपार प्रशंसा प्राप्त की है। हमारा नया स्टोर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए फैशन-फॉरवर्ड परिधानों का ट्रेंडी कलेक्शन उपलब्ध कराएगा। भारत भर में एक मजबूत उपस्थिति के साथ, हम आने वाले वर्षों में अपने खुदरा कारोबार का और विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कैंटाबिल ने लगातार अत्याधुनिक शैली के साथ प्रीमियम कपड़े उपलब्ध कराए हैं, जो विकसित हो रहे फैशन परिदृश्य को दर्शाते हैं। कैंटाबिल अपने ग्राहकों के लिए लगातार क्लासिक और स्टाइलिश परिधानों का संग्रह उपलब्ध कराता है और उन्हें अद्वितीय फैशन अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित है। उल्लेखनीय है कि कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने 2000 में अपनी स्थापना के बाद से फैशन परिदृश्य को आकार दिया है। वस्त्र उद्योग की एक प्रमुख अग्रणी कम्पनी के रूप में कैंटाबिल ने परिधानों की एक विस्तृत रेंज तैयार की है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के परिधानों के साथ-साथ बच्चों के लिए एक शानदार संग्रह शामिल है। पिछले 24 शानदार वर्षों में कैंटाबिल भारत के अग्रणी पारिवारिक परिधान ब्रांड के रूप में विकसित हुआ है, जिसने 2000 में पुरुषों के परिधान, 2007 में महिलाओं के परिधान और 2018 में बच्चों के लिए एक शानदार लाइन पेश की। नवाचार के प्रति कम्पनी की प्रतिबद्धता 2023 में एथलीजर वियर और शूज के लॉन्च के साथ जारी रही, जो इसके विविध पोर्टफोलियो को पूरक बनाती है जिसमें शर्ट, ट्राउजर, डेनिम, सूट, ब्लेजर, जैकेट और बहुत कुछ शामिल हैं। परिधानों से आगे बढ़कर, कम्पनी ने परफ्यूम से लेकर वॉलेट तक एक्सेसरीज में भी कदम रखा है, जिससे खरीदारी का समग्र अनुभव सुनिश्चित होता है। कैंटाबिल के उत्पाद मंत्र, अजियो, फ्लिपकार्ट, एमेजान, नायका एवं टाटाक्लिक पर उपलब्ध हैं।

### पद्म पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**रायपुर।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा साहित्य, संस्कृति एवं कला आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं योगदान के लिए दिए जाने वाले पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। पदम् पुरस्कार श्रृंखला के अन्तर्गत उक्त क्षेत्रों में दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन की जानकारी प्रस्तुत करने हेतु ऑनलाईन (https://awards.gov.in) के माध्यम से 31 जुलाई, 2025 तक एवं निर्धारित प्रपत्र में स्पष्ट पूर्ण रूप से भरे गए प्रस्ताव सहित आवेदन पत्र 14 जुलाई, 2025 तक संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. को प्रेषित किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले नामांकन पर विचार नहीं किये जायेंगे।

# उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने दो नये अग्निशमन वाहन का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर कोरबा जिले को दो नये आधुनिक अग्निशमन वाहन की सौगात मिली है। कलेक्टोरेट परिसर में आज दो नये अग्निशमन वाहन का लोकार्पण उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कवंर, नगर निगम की महापौर संजू देवी राजपूत, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, पार्षद नरेन्द्र देवांगन एवं अन्य ने पूजा अर्चना कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। मंत्री देवांगन ने इस अवसर पर कहा कि कोरबा एक औद्योगिक जिला है। यहां आग लगने की संभावनाओं को देखते हुए एवं आग से बचाव के लिये आधुनिक अग्निशमन वाहन की आवश्यकता थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा कोरबा सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों को भी अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराये गये हैं। यह खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में कभी भी आग लगने की घटना घट जाती है। ऐसे में अग्निशमन वाहन उपलब्ध होने से आग लगने की दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि दुर्घटनाओं का कोई समय नहीं होता, हम सतर्कता एवं सावधानी से बहुत सी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। आग लगने जैसी घटनाएं अचानक से घटती है, इस दौरान सबसे पहले फायर ब्रिगेड को ही याद किया जाता है। पर्याप्त संख्या में फायर ब्रिगेड उपलब्ध होने पर बड़ी दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने में आसानी होती है। यह सौभाग्य है कि आज दो नये फायर ब्रिगेड कोरबा जिले को मिले हैं। हम सभी को चाहिए कि छोटे रूप से बड़ा रूप धारण करने वाली आग को शुरूवाती चरणों में ही अपनी सूझबुझ से काबू कर लें। इससे जानमाल की हानि को भी रोका जा सकता है। हम सभी सतर्क और सावधान अवश्य रहें ताकि आग लगने जैसी घटनाएं न घटित हो। होमगार्ड के कमांडेंट बी.पी.सिदार ने बताया कि कोरबा जिले को 12 हजार लीटर क्षमता वाले वाटर वाउजर और पांच हजार लीटर क्षमता वाले वाटर टेंडर अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराये गये हैं।

# आयुक्त विश्वदीप ने आरआरआर सेंटर और ट्रांसफर स्टेशन का किया निरीक्षण, स्वच्छता बनाये रखने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 2 के अंतर्गत महात्मा गाँधी वार्ड में नारायण हॉस्पिटल के समीप आरआरआर (रिड्यूज, रियूज, रिसाइकिल) सेंटर और ट्रांसफर स्टेशन का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। आयुक्त विश्वदीप ने केन्द्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम के विभिन्न जोनों में प्रारम्भ किये गए आरआरआर सेंटर्स का समाजहित में केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन और रायपुर जिला प्रशासन की लोकहितकारी मंशा के अनुरूप अच्छी तरह से संचालन करना जोनों के माध्यम से सुनिश्चित करवाने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए है। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि जनसहभागिता से आरआरआर सेंटर्स का सुचारु संचालन वार्डों में समाजहित में करने जनजागरण कर वार्डवासियों को अपने घरों की पुरानी वस्तुएँ आरआरआर सेंटर्स में देने अपील कर प्रोत्साहित किया जाये, ताकि पुरानी वस्तुओं का मलीन बस्तियों के रहवासियों को जागरूक बनाकर पूर्ण सदुपयोग शासन की मंशानुसार किया जा सके और मलीन बस्तियों के रहवासी आरआरआर सेंटर्स के माध्यम से पुरानी वस्तुएँ प्राप्त कर लाभान्वित हो सकें। आयुक्त ने ट्रांसफर स्टेशन में लगातार कचरा उठवाने की व्यवस्था देकर स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश अनुबंधित रामकी कम्पनी के प्रतिनिधि को दिए है।

## जब तक बच्चों को संस्कार नहीं देंगे तब तक आकार भी नहीं बनेगा

# बढ़ रही तामसी प्रवृत्ति को रोकने व सतोगुण को बढ़ाना है जरूरी : आचार्य झम्मन शास्त्री

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



सब लोगों के हित में सोचने वाला ही सच्चा राजनीतिज्ञ होता है। लेकिन आज की राजनीति दूषित हो चुकी है। राजनेता ऐशो आराम से रहते हैं और जनता तकलीफ में है। भागवत कथा इतिहास का बखान करने वाला सबसे उन्नत ग्रंथ है। वर्तमान समय में तमोगुण बढ़ रहा है। तामसी प्रवृत्तियों को रोकने तथा सतोगुण को बढ़ाना होगा। रात्रि में सोते तक हाथ में मोबाइल होता है यदि इसे छोड़कर प्रभु सुमिरन करते सोएं तो नींद अच्छी आयेगी और बुरे सपने भी परेशान नहीं करेंगे। रायपुरा अग्रोहा कालोनी विष्णुमंगलम में श्रीमद् भागवत कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कथाव्यास आचार्य झम्मन शास्त्री ने बताया कि देश की सुरक्षा के लिए जवानों पर करोड़ो रुपए खर्च किए जाते हैं। जबकि श्री रामचंद्र की सेना में शामिल सैनिकों ने भावनात्मक रूप से जुड़कर लंका जीत लिया। संस्कार और वचनों का क्रियान्वयन की सीख राजा दशरथ से लेनी चाहिए। जिन्होंने राजा जनक के भेजे हुए दहेज को गलत मानकर स्वीकार नहीं किया। रात्रि मे सोने से पहले मोबाइल छोड़कर भगवान को पकड़ लिया जाए। तो अच्छी नींद आएगी खराब सपना परेशान नहीं करेंगे। भगवान को तुलसी दल चढ़ाने को भी लोग कतराते हैं। यही कारण है कि उनके बच्चे दूध, मक्खन, रबड़ी, मलाई का स्वाद नहीं जानते। जब तक बच्चों को संस्कार नहीं देंगे तब तक आकार भी नहीं बनेगा। बच्चों को अच्छी संस्कार प्रदान करें नहीं तो तकलीफें बढ़ती रहेंगी। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में तमोगुण बढ़ रहा है। तामसी प्रवृत्तियों को रोकने तथा सतोगुण को बढ़ाना होगा। सात्विक आहार के सेवन से काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, द्वेष, कलह रूपी दोष दुर्गुणों से विजय प्राप्त कर सकते हैं। शास्त्री ने इस अवसर पर भगवान के विविध लीलाओं का चिंतन कराते हुए कहा कि सनातन धर्म में पंचदेव उपासना का विधान है। एक ही भगवान के कई रूपों में अवतार होता है। इससे भक्तों को उपासना करने में सुगमता होती है। तत्वता परमात्मा एक ही है। नाम, रूप, लीला, धाम के भेद से कई रूपों में दर्शन प्रदान कर भक्तों के ऊपर अनुग्रह करते हैं। भगवान के तीन रूप है। निर्गुण निराकार, सगुण निराकार और सगुण साकार सगुण साकार रूप से ध्यान पूजा आराधना करते-करते मन और चित्त् की चंचलता समाहित हो जाए तो निर्गुण ब्रह्म का ध्यान संभव हो सकता है। क्योंकि मन बहुत चंचल है। रसिक भी है। उसे वश में करने के लिए सुमधुर नाम रूप का आलंबन लेकर वश मे सकते है। इसलिए भक्तों में भगवान के हजारों नाम से सहस्त्रार्चन करने की परंपरा है। भगवान तो एक ही है कार्य भेद से पांच बनकर भी एक ही रहते हैं। सृष्टि पालन, संहार, विग्रह और अनुग्रह सनातनी धर्मावलम्बी हम हिंदुओं के यहां सौभाग्य प्राप्त है। पंच देव शिव, विष्णु, गणेश, दुर्गा, सूर्य आदि। भक्त तो जगत पालक परमात्मा को बालक बना लेते हैं और जगत जननी मां देवी को पुत्री बना लेते हैं। भगवान की विविध लीला है। यह हिंदुओं के देवी देवताओं की विशेषता है। अनेकता में एकता का आदर्श प्रस्तुत करते हुए। भगवान की लीलाओं से शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। समाज में देश में परिवार मे एकता प्रेम की स्थापना के लिए कार्य में भेद साधक है बाधक नहीं, प्रकृति प्रदत्त भेद और शास्त्रागत भेद जो है। निर्भेद परमात्मा से मिलने का साधन है। यथार्थ को नहीं समझने के लिए अज्ञानता वश लोग कहते हैं। कि हिंदुओं के बहुत देवी देवता है। अन्य के ईश्वर की क्षमता ही नहीं कि वह एक से दो बन सके यही तो उनकी कमजोरी है। इसलिए अपना धर्म ईश्वर और संस्कृतियों अपने पूर्वजों पर हमें गर्व होना चाहिए। राम नाम, कृष्ण नाम, शिव नाम, नारायण नाम के अनन्त महिमा में गोविंद, गोपाल, मुरली माधव का नाम स्मरण करने में त्रयताप और भक्ति तथा मुक्ति की प्राप्ति सुगमता से संभव है।

### भव्य श्री शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



स्थानीय रामलीला चौक खम्हारडीह (शंकर नगर) में कथा वाचक हलधर नाथ योगी (पुजारी महाराज) साहित्य रत्न से सम्मानित हास्य व्यंग्य के कवि, भागवतचार्य ग्राम कोपरा राजिम के सानिध्य में 22 से 29 अप्रैल तक भक्तिमय कथा प्रसंग का 8 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस आशय की जानकारी आयोजक गण दिनेश साहू ने बताया कि 22 मंगलवार को भव्य कलश यात्रा शाम 4 बजे से किया जाएगा। 23 को शिव कथा महत्म व 24 को शिव प्राकट्य कथा, 25 को कुबेर जन्म कथा, 26 को सोमवार व्रत कथा एवं 27 को शिव पार्वती विवाह कथा, 28 को गणेश जन्म कथा (शोभा यात्रा), अंतिम दिन 29 को गीता, हवन, पूर्णाहुति के साथ महा प्रसादी का वितरण भक्तों जनों को किया जायेगा। साथ ही साथ प्रसंग में प्रतिदिन जो भी भक्तगण पार्थिव शिवलिंग अभिषेक करवाना चाहते है वे करवा सकते है । कथा प्रतिदिन शाम 3 बजे से प्रारंभ हो कर 6 बजे समापन होगा।

# खाद्य बीज आपूर्ति को लेकर कलेक्टर व्यास की अहम बैठक कहा, पर्याप्त भंडारण और वितरण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



खाद्य एवं खाद्य आपूर्ति सम्बद्ध विभागों की समीक्षा हेतु कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिला कार्यालय सभाकक्ष में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर ने उपार्जित धान के उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए उठाव तीव्र करने के लिए मिलर्स से चर्चा करने एवं समय पर उठाव ना करने वाले मिलर्स के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने समितियों से धान उठाव में शून्य प्रतिशत शॉर्टेज सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आगामी खरीफ फसल वर्ष को ध्यान में रखते हुए बीज एवं खाद का पर्याप्त भंडारण एवं वितरण सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रतिदिन भंडारण एवं वितरण की स्थिति से उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों की सुविधा के लिए खरीफ फसल वर्ष के शुरू होने के पूर्व खाद एवं बीज का अधिक से अधिक मात्रा में उठाव सुनिश्चित करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मई माह के अंत तक 40 प्रतिशत से अधिक उठाव सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राशन कार्डों में हर सदस्य का ई-केवायसी अवश्य कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने बचे हुए लोगों के घर जाकर ई-केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मृत लोगों के नामों को विलोपित करने को भी कहा। उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के राशन कार्ड में नाम जुड़वाने हेतु शेष लोगों को राशनकार्ड का लाभ दिलाने के लिए सभी का आधार निर्माण कराकर राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण एवं भंडारण की स्थिति का जायजा लेते हुए सभी उचित मूल्य दुकानों का नियमानुसार निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के तहत आने वाले आवेदनों को 1 माह के भीतर निराकरण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कृषि आदान समाग्री समय पर प्राप्त हो इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## बायसन (बन भैसा) और बुंदी बाग के करंट लगने से मौत

**महासमुंद।** ओंकारबंध जंगल (खल्लारी बीट)में करंट से वन क्षेत्र में नेशनल हाईवे क्रमांक 353 के करीब खल्लारी मातेश्वरी पहाड़ी के नीचे वन कक्ष क्रमांक 182 में बायसन (बन भैसा) और बुंदी बाग के करंट लगने से दर्दनाक मौत। अज्ञात आरोपीयों ने



हाईटेंशन बिजली पोल से करीब 4 सौ मिटर लम्बे तार फैला कर घटना को अजाम दिया होगा। ऐसे अनुमान लगाया जा रहा है। किन्तु अज्ञात आरोपीयों ने घटना को अंजाम देने के बाद अपना बिजली तार वहां से लेके चल दिया है। उक्त घटना बिति रात्रि का बताया जा रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय वन अमला घटना स्थल पर पहुंचे।

# नवपदस्थ कलेक्टर कुन्दन कुमार ने किया पदभार ग्रहण

## जिले के समग्र विकास के लिए सभी के सहयोग से करेंगे कार्य - कुन्दन कुमार

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com




भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के अधिकारी कुन्दन कुमार ने मुंगेली जिले के ग्यारहवें कलेक्टर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर राहुल देव ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएँ दीं और औपचारिक रूप से पदभार सौंपा। बता दें कि कुन्दन कुमार ने पूर्व में कलेक्टर सरगुजा, बलरामपुर-रामानुजगंज और अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर सेवाएँ दी हैं। हाल ही में वे गृह निर्माण मंडल के आयुक्त और रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में कार्यरत थे।

**शहरी एवं ग्रामीण निकाय में पेयजल संकट के निवारण के दिए निर्देश**

कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थ कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों से उनका परिचय लिया और जिले के समग्र और सतत विकास के लिए सभी के सहयोग से बेहतर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनहित सर्वोपरि रहेगा और प्रशासनिक पारदर्शिता व दक्षता प्राथमिकता होगी। नवपदस्थ कलेक्टर ने जिले में शहरी एवं ग्रामीण निकाय में पेयजल संकट के निवारण हेतु विशेष कार्ययोजना बनाने व पेयजल के दुरूपयोग को रोकने, गर्मी एवं लू से बचाव के लिए चौक-चौराहों में पशु, पक्षियों एवं राहगीरों के लिए प्याऊ घर की व्यवस्था करने, सुशासन तिहार का बेहतर क्रियान्वयन करने, स्वच्छता में विशेष ध्यान देने तथा सभी कार्यालयों व जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई रखने, विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराने, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और स्कूलों एवं छात्रावासों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी. एल. यादव एवं मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपर आयुक्त चौबे ने मनोरा, बगीचा ब्लॉक में पपीएम आवास योजना के निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




अपर आयुक्त अशोक चौबे, महात्मा गाँधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यपालन अभियंता शिवकुमार सिन्हा और मनरेगा राज्य कार्यालय से तकनीकी सहायक विभाष तिवारी के द्वारा विगत दिवस 19 अप्रैल को जशपुर जिले के विकासखण्ड मनोरा के ग्राम पंचायत करदना, तालासिली और बगीचा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सन्ना, डुमरकोना में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रगतिरत एवं पूर्ण निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिले में प्रधानमंत्री आवास व जनमन आवास के साथ-साथ मनरेगा और जल संसाधन विभाग के साथ अभिसरण से बने मिट्टी बांध, नहर लाइनिंग आदि कार्यों का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के पश्चात् जिला पंचायत जशपुर के सभाकक्ष में सभी जनपद सीईओ, आरईएस विभाग के अनुविभागीय अधिकारी, महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास की जिला पंचायत एवं जनपद के टीम समीक्षा बैठक ली और योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान योजना के बेहतर क्रियान्वयन के सम्बन्ध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं आजीविका विकास गतिविधियों से मनरेगा को जोड़ने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रगति लाते हुए अधिक से अधिक आवास को शीघ्र पूर्ण करने, लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने मिशन मोड में प्रगति सुनिश्चित करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया।

# 31 मई तक तीन चरणों में सुशासन तिहार, कलेक्टर का फरमान, आवेदनों का समाधान त्वरित करें

## कार्यालय प्रमुखों को मुख्यालय से बाहर जाने पर लगाया प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 08 अप्रैल से 31 मई तक की अवधि में सुशासन तिहार 2025 संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जनता की समस्याओं, जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, विकास कार्यो की गति तथा आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। दिशा-निर्देशानुसार वर्तमान में पहले चरण के अन्तर्गत 08 से 11 अप्रैल .2025 तक आवेदन पत्र प्राप्त किये गये हैं। आम जनता से प्राप्त आवेदन पत्रों का द्वितीय चरण में 01 माह के अन्दर निराकरण किया जाना है तथा तीसरे चरण 05 से 31 मई 2025 तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर रोहित व्यास ने राज्य शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार 31 मई तक जिले के कार्यालय प्रमुखों को मुख्यालय से बाहर जाने पर प्रतिबंध लगाया है। विशेष परिस्थिति में कलेक्टर के अनुमति से ही संबंधित अधिकारी मुख्यालय से बाहर जा सकेंगे

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। इस अवसर पर कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आवेदकों के राजस्व संबंधी मामले, भूमि विवाद, भूमि अधिग्रहण, प्रधानमंत्री आवास योजना, आजीविका, पीडीएस द्वारा राशन प्राप्त ना होने, अधिक बिजली बिल संबंधी मामलों सहित विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। ज्ञात हो कि अब जनदर्शन के सभी आवेदनों को समय सीमा बैठक में भी रखा जाएगा। जहां से इसकी निगरानी की जाएगी एवं एक सप्ताह के भीतर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# पोषण अभियान के तहत जल संरक्षण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिले के सभी आंगनबाड़ियों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जल संरक्षण संबंधी जागरूकता का आयोजन किया गया और आमजनों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजूला शर्मा ने बताया कि पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जीवन के प्रथम 01 हजार दिवस अंतर्गत राज्य स्तरीय सीमेम वेबीनार, महतारी सम्मेलन का आयोजन कर पोषण संबंधी प्रश्नोत्तरी के साथ ही गर्भवती माताओं से गृहभेंट कर पोषण आहार सेवन करने की समझाईश दी गई। उन्होंने बताया कि सुपोषण रथ के द्वारा सरगांव सेक्टर में पोषण पखवाड़ा का प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# नेशनल लोक अदालत की सफलता के लिए न्यायिक अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ हुआ बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं उनके नेतृत्व में रेशमा बैरागी पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, शिव प्रकाश त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव एवं गायत्री साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव और कोण्डागांव जिले के समस्त थाना प्रभारियों के साथ नेशनल लोक अदालत को सफ्ल बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिसमें आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की सफल एवं न्याय प्रक्रिया की दक्षता को बढ़ाना, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए रणनिति बनाना तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु न्यायपालिका और पुलिस विभाग के बिच समन्वय स्थापित करना था। न्यायाधीश महोदय ने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि सुलहनीय वादों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता से निपटाया जाए जिससे पक्षकारों को त्वरित न्याय मिल सके। इसके साथ ही लंबित मामलों की सूचि तैयार कर न्यायालय के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि मालों का शीघ्र निस्तारण संभव हो सके। इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया कि विशेष तौर पर आबकारी अपराध, ट्रैफिक चालान और सामान्य अपराधों को अधिक से अधिक निराकरण करना तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को अपने-अपने स्तर पर तामिली करवाने हेतु सुनिश्चित करना।

# लोक अदालत 10 मई को, सफल आयोजन हेतु बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिककरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वाधान में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में राजीव कुमार, न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुंगेली एवं राकेश कुमार सोम, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दीपक कुमार शर्मा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली, श्वेता ठाकुर, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी मुंगेली, देवेन्द्र कुमार दीक्षित, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी लोरमी, कु. नारायणी कच्छप, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, तथा कंचन लता आचला, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के अधिकारीगण उपस्थित रहे। उक्त बैठक में 10 मई को होने वाली नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत में न्यायलयों में लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहारवाद, मोटर दुर्घटना दावा, परिवारिक विवाद एवं जिला न्यायालय में वर्षो से लंबित प्रकरणों का निराकरण अधिक से अधिक संख्या में किया जाना है।

## गलत इंजेक्शन के कारण गई महिला की जान

# बलरामपुर सीएमएचओ डॉ.बसंत सिंह से नहीं संभल पा रहा जिले का कमान

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम पंचायत चांदो के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ आरएमए के निजी क्लिनिक में ब्लड प्रेशर चेक कराने पहुंची आदिवासी महिला को आरएमए द्वारा नस में इंजेक्शन लगाने के बाद महिला की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में शिकायत के बाद जांच टीम गठित कर दी गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदो क्षेत्र के ग्राम जरहाखाड़ निवासी महिला सीमा किस्पोट्टा के भाई डेविड किस्पोट्टा ने चांदो तहसीलदार को आवेदन देकर बताया कि 14 अप्रैल 2025 की सुबह उसकी बहन सीमा किस्पोट्टा उम्र 41 वर्ष महुआ बीनने के बाद चांदो साप्ताहिक बाजार कुछ लोगों के साथ गई थी। वहां से वह अन्य ग्रामीणों को बताकर अस्पताल में बीपी चेक करावाने के लिए गई। अम्बेडकर जयंती होने के कारण अस्पताल बंद था उसके बाद वह अस्पताल के पीछे रहने वाले आरएमए उमाशंकर वर्मा के क्लीनिक में जांच के लिए गई जहां पहले से ही बहुत भीड़ थी शिकायत के अनुसार वहां आरएमए ने सीमा किस्पोट्टा के नस में इंजेक्शन लगा दिया जिससे बाद उसकी तुरंत तबीयत बिगड़ गई और उल्टी करते हुए वह जमीन पर गिर पड़ी। इसके बाद आरएमए ने अन्य लोगों के सहयोग से उसे अस्पताल के अंदर ले जाकर बॉटल चढ़ाया और उसे अपनी गाड़ी से बिठा कर तत्काल बलरामपुर अस्पताल भिजवाया। जहां ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरएमए के गलत इलाज से महिला की मौत हुई है वहीं मामले को दबाने के लिए मृतिका का पोस्टमार्टम तक नहीं कराया गया। परिजनों के अनुसार उनपर बयान बदलने के लिए दबाव बनाया जा रहा है वहीं इस मामले में चांदो तहसीलदार ने बताया है कि मामले की जांच के लिए जिला अस्पताल से टीम का गठन किया गया है।

अब सवाल यह उठता है कि कलेक्टर राजेंद्र कटारा के कड़े निर्देश के बाद भी बलरामपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बसंत सिंह ने ना तो किसी क्लीनिक पर कार्रवाई की और नहीं। झोला छाप डॉक्टर के प्रति कोई एक्शन ही लिया गया ईसी का परिणाम है कि आए दिन बलरामपुर जिले में कई घटनाएं घटित हो रही है इसके बाद भी शासन और प्रशासन के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों कि लापरवाही पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जिसका परिणाम है कि डॉक्टर के रूप में क्लीनिक संचालन करने वाले बिना सोचे समझे किसी भी दवा का प्रयोग कर मरीज को मौत के घाट उतार दे रहे हैं किसी परिवार के सदस्य का मौत हो जाने के बाद यदि जांच कर दोसियो पर कार्रवाई ही कर दी जाती है तो क्या उसके परिवार की खोए हुए सदस्य की भरपाई शासन प्रशासन कर पाएगी। यह एक बहुत बड़ा सवाल बनकर रह गया है बेहतर तो यही होता कि समय रहते लापरवाही पूर्वक इलाज करने वाले दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाती।

राजनीतिक सूत्र बताते हैं कि बलरामपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ.बसंत सिंह काफी लंबे समय से बलरामपुर में कार्यरत है इनको कांग्रेस शासन काल में हटा दिया गया था लेकिन फिर अपने राजनीतिक पहुंच के कारण पुनः पद पाने में कामयाब हो गए हैं जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है?

# नवपदस्थ कलेक्टर ने बैठक लेकर जिले की विभिन्न गतिविधियों की ली जानकारी



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नवपदस्थ कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने कोण्डागांव जिले में कार्यभार ग्रहण के पश्चात जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की एक परिचयात्मक बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने जिले की विकास कार्यों तथा विभिन्न गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से उन्होंने व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया और उनके कार्य के बारे में जानकारी ली। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर पन्ना ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारियों को एक टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चत्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बालको ने विश्व पृथ्वी दिवस पर अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उपलब्ध कराएं इलेक्ट्रिक वाहन

पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अपनी टाउनशिप में अपशिष्ट प्रबंधन हेतु छह इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को शामिल किया है। प्रत्येक वाहन 1,000 किलोग्राम भार क्षमता के साथ अपशिष्ट पृथक्करण की सुविधा प्रदान करता है, जिससे अपशिष्ट का सुव्यवस्थित और कुशल निपटान संभव हो सका है। सस्टेनेबल औद्योगिक विकास को बढ़ावा देते हुए बालको ने अपने प्रचालन में इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट भी तैनात किए हैं। इनका उपयोग न केवल कार्यकुशलता बढ़ाने में सहायक है, बल्कि इससे कार्बन उत्सर्जन और ईंधन की खपत में भी उल्लेखनीय कमी आई है। यह पहल 2030 तक अपने समस्त लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) बेड़े को 100 प्रतिशत डीकार्बोनाइज करने के कंपनी के लक्ष्य के अनुरूप है। संयंत्र के भीतर गतिशीलता के लिए बालको लगातार कम-उत्सर्जन विकल्पों की खोज तथा मुख्य प्रचालन प्रक्रियाओं को सस्टेनेबल रूप से परिवर्तित कर रहा है। कंपनी कर्मचारियों को इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग हेतु प्रोत्साहित करते हुए सब्सिडी दरों पर ईवी की खरीद का समर्थन भी कर रही है। हरित ऊर्जा प्रथाओं, कार्यशालाओं और वृक्षारोपण अभियानों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर, कंपनी हरित समुदाय के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्यरत है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हम कंपनी में नवोन्मेषी हरित समाधानों में सक्रिय रूप से निवेश कर रहे हैं, जो हमारे प्रचालन को सस्टेनेबिलिटी की दिशा में आगे लेकर जा रहे हैं। पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों के उपयोग और लोगों को सस्टेनेबल प्रथाओं को अपनाने हेतु प्रेरित कर हम समुदायों के लिए एक हरित भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। कुशल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए बालको ने टाउनशिप से निकलने वाले ठोस एवं तरल अपशिष्ट के निपटान हेतु सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट सेंटर (एसआरएलएम) की स्थापना की है। यह प्रणाली स्रोत पर ही अपशिष्ट के पृथक्करण पर आधारित है, जिसमें रंग-कोडित डिब्बों के माध्यम से बायोडिग्रेडेबल, नॉन-बायोडिग्रेडेबल और सैनिटरी कचरे को अलग-अलग एकत्रित किया जाता है। स्वच्छता और सस्टेनेबिलिटी को ध्यान में रखते हुए बालको सभी के लिए एक हरित और स्वस्थ टाउनशिप बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। नेहरू गार्डन जैसे विकास कार्यो के माध्यम से बालकोनगर हरित मनोरंजन स्थलों का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में बालको के प्रयासों को राष्ट्रीय मंचों पर सराहना प्राप्त हुई है। कंपनी को आईएमईए द्वारा 'फ्यूचर रेडी फैक्ट्री ऑफ द ईयर' और सीआईआई द्वारा 'नेशनल एनर्जी लीडर' पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। बालको अपने प्रचालन के प्रत्येक स्तर पर सस्टेनेबल प्रथाओं को शामिल करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

# कांग्रेस 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' की कहावत को चरितार्थ कर रही : भाजपा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने सोमवार को कांग्रेस की ओर से राजधानी में किए गए प्रदर्शन पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि यह अपराधों के खिलाफ अपराधियों के संगठित गिरोह का आंदोलन था। कांग्रेस का यह प्रदर्शन 'उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे' की कहावत को चरितार्थ करने वाला था। श्रीवास्तव ने यहां एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के इस प्रदर्शन को लेकर जनता में आश्चर्य रहा कि अपने पाँच वर्षों के शासनकाल में अपराधियों की तरह व्यवहार करने वाली कांग्रेस आज कानून-व्यवस्था पर सवाल उठा रही है। प्रदेश में भाजपा के सत्तासीन होने के बाद से जितनी भी आपराधिक घटनाएँ हुई हैं, उनमें अधिकांश मामलों में कांग्रेस के नेताओं, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की संलिप्तता सामने आई है। कांग्रेस शासनकाल में अपराध, नशाखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर रहा। भाजपा नेता ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद जितने भी अपराध हुए हैं, उनमें बड़े अपराधों में कांग्रेस के नेताओं की संलिप्तता साबित हुई है। चाहे सरगुजा जिले के सूरजपुर में युवक कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप साहू ने सरगुजा में मां व बेटी की 13 अक्टूबर, 2024 को हत्या हो, चाहे गिरौदपुरी धाम को अपने राजनीतिक षड्यंत्र का केंद्र बनाकर बाद में उसी की आड़ में 11 जून, 2024 को बलौदाबाजार में कलेक्टर-एस पी कार्यालय जलाने की घटना हो जिसमें कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव जमानत पर हैं, बलौदाबाजार में जातीय विद्वेष फैलाने का काम किया, चाहे कांग्रेस विधायक उत्तरी जांगड़े द्वारा एक सभा में कलेक्टर-एसपी के दफ्तर में घुसकर हिंसा और आगजनी करने के लिए उकसाने वाला भाषण हो। श्रीवास्तव ने कहा कि बालोद जिले के ग्राम गोटिया में एक शिक्षक देवेंद्र ठाकुर ने तीन सितम्बर, 2024 को आत्महत्या की। इस मामले में पूर्व मंत्री मो. अकबर समेत तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई। बिलासपुर में कल ही 20 अप्रैल को बलात्कार, गर्भापात व पीएम आवास के नाम पर 50 हजार रुपए की वसूली के मामले में एक कांग्रेसी पूर्व पार्षद व पूर्व एल्डरमैन काशी रात्रे की गिरफ्तारी हुई है।




# अपर आयुक्त ने विज्ञापन ढांचे की संरचनात्मक सुरक्षा जांच के लिए पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम अपर आयुक्त पंकज शर्मा ने नगर पालिक निगम रायपुर की समस्त पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को विज्ञापन ढांचे की संरचनात्मक सुरक्षा जाँच कराये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये है। यहां यह उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्त हो चुका है तथा नगर निगम रायपुर द्वारा दी गई एक वर्ष की विज्ञापन स्वीकृति अवधि भी पूर्ण हो चुकी है। अतः यह आवश्यक कि पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों द्वारा लगाये गये समस्त विज्ञापन ढांचों (यूनिपोल, होर्डिंग, गेन्ट्री, कियोस्क आदि) की संरचनात्मक सुरक्षा की समुचित जाँच प्रामाणिक संरचनात्मक अभियंता से कराई जाए। आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने इस संबंध में पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को निर्देशों का पालन कड़ाई से करना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। ग्राउंड पर स्थापित विज्ञापन ढांचे की फाउंडेशन (नींव) की स्थायित्व जांच करायी जाकर इसकी रिपोर्ट नगर निगम कार्यालय में 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। भवनों की छतों पर लगाए गए मीडिया स्ट्रक्चर की विशेष रूप से फाउंडेशन एवं एंकरिंग सिस्टम की स्थिति की जांच कर सुरक्षा संबंधित सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करते हुए भवनों पर लगे, स्ट्रक्चर के लोड को संबंधित करते हुए संरचना सुरक्षा प्रमाण पत्र नगर निगम कार्यालय में 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। यह सुनिश्चित किया जाये कि एजेंसी द्वारा सभी विज्ञापन ढांचों में किसी भी प्रकार की क्षति, जंग, झुकाव, वेल्डिंग अथवा ढांचे में कमजोरी पाए जाने पर तत्काल मरम्मत करायी जाये अथवा ढांचे की सुरक्षा की स्थिति में किसी भी प्रकार का संशय हो, तो उस संरचना को तत्काल हटाया जाना अनिवार्य होगा।

## अपर आयुक्त ने समस्त पंजीकृत कालोनाईजर को निर्माणाधीन कालोनी के निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों एवं पर्यावरणीय प्रबंधन सुनिश्चित करने दिये निर्देश

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त पंकज शर्मा ने नगर निगम रायपुर क्षेत्र के समस्त पंजीकृत कालोनाईजर को निर्माणाधीन कालोनी के निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानको एवं पर्यावणीय प्रबंधन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये है। अपर आयुक्त ने समस्त पंजीकृत कालोनाईजर को निर्देशित किया है कि नगर निगम रायपुर के अधिकार क्षेत्र में स्थित कालोनियों के निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा एवं पर्यावरणीय प्रबंधन के उच्चतम मानकों का पालन किया जाना अत्यंत आवश्यक हैं। आगामी वर्षा ऋतु एवं वर्तमान निर्माण गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। निर्माण कार्य के दौरान कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा हेतु समस्त सुरक्षा मानक उपकरणों का उपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जावे। निर्माण क्षेत्र को सुरक्षित रूप से घेरा जाये एवं चेतावनी संकेत लगाया जावे जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। रात्रिकालीन समय पर उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले सामाग्री एवं सटरिंग सामग्री मानक अनुसार हो।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधायक ललित चन्द्राकर की माता के निधन पर जताया शोक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्ग ग्रामीण के विधायक तथा छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर की माता पूर्णिमा चंद्राकर के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने जारी अपने शोक संदेश में कहा है कि चन्द्राकर की माता के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। माता का निधन पूरे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मेरी संवेदनाएं चन्द्राकर और उनके परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री साय ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# आरडीए में आकाश छिकारा ने संभाला सीईओ का कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के आदेश के बाद आकाश छिकारा ने रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 के बैच के अधिकारी छिकारा की मूल पदस्थापना उप सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग में की गई है। वे इससे पूर्व वे जांजगीर चांपा के कलेक्टर रहे हैं।

# मेगा ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों का परिचालन बाधित

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईसीआर) के चक्रधरपुर मंडल के मानिकुई व कुनकी सेक्शन के मध्य सीनी जंक्शन एवं चांडिल सेक्शन अप और डाउन लाइन में अधोसंरचना कार्य के लिए मेगा ब्लॉक लिया जायेगा। जिसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित कई गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। एसईसीआर सूत्रों के मुताबिक 30 अप्रैल, 2025 को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर- टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं, एक मई, 2025 को टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर- बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं 25 अप्रैल, 2025 को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22843 बिलासपुर -पटना जंक्शन एक्सप्रेस व्हाया राउरकेला जंक्शन, चक्रधरपुर, टाटानगर, पुरुलिया जंक्शन एवं जयचण्डी पहाड़ जंक्शन होकर चलेगी।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक करेंगे धमतरी और गरियाबंद जिले में निर्माणाधीन कार्यों का परीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन सड़कों के परीक्षण के लिए माह अप्रैल 2025 में राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक आएंगे। राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी, नई दिल्ली के निरीक्षण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक सुशील कुमार पण्डित धमतरी एवं गरियाबंद जिले का दौरा करेंगे। सड़क निर्माण से संबंधित शिकायतें उनके मोबाइल नम्बर पर साझा की जा सकती है।

# लोक नीति एवं सुशासन पर दो वर्षीय एमबीए के लिए आवेदन 11 मई तक

**रायपुर।** भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री सुशासन फैलोशिप के अतंर्गत दो वर्षीय ''लोक नीति एव सुशासन'' विषय में एमबीए हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी अभ्यर्थी 11 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी को किसी भी विषय में स्नातक डिग्री न्यूनतम 60 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग हेतु 55 प्रतिशत अंको अथवा समतुल्य सीजीपीए के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य की आरक्षण नीति के अनुरूप लाभ दिया जाएगा। वर्ष 2022, 2023 अथवा 2024 का कोई वैध कैट स्कोर कार्ट को मान्य किया जाएगा। प्रवेश हेतु सम्पूर्ण जानकारी के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर की वेबसाईट https://iimraipur.ac.in/mba-ppg/ का अवलोकन किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि उक्त पाठ्यक्रम की पूरी शुल्क राशि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। पाठ्यक्रम में नामांकित प्रत्येक छात्र को प्रति माह पचास हजार रूपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। प्रवेशित छात्रों को आईआईम परिसर रायपुर में प्रशिक्षण दिया जाएगा।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403